पौष मास, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 329, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 6 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अंदर - देश की यात्रा पर निकलेंगे नीतीश

अन्दर : किशन व दीपक हुड्डा की आईसीसी रैंकिंग में धूम



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# जैन समुदाय के विरोध पर केंद्र ने बदला अपना फैसला

## सम्मेद शिखरजी अब पर्यटन क्षेत्र नहीं बनेगा

**नई दिल्ली।** झारखंड के पारसनाथ में स्थित जैन समुदाय का पवित्र तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र के मुताबिक, यह अब पर्यटन क्षेत्र नहीं होगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म गतिविधि पर पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्विटर के जरिए इसकी जानकारी दी है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को तीन साल पहले जारी किए गए अपने आदेश को वापस ले लिया है। भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से आज पांच जनवरी को जारी दो पेज की चिट्ठी के दूसरे पेज पर लिखा गया है, "इको सेंसिटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाई जाती है, जिसमें अन्य सभी

**निर्णय**

**झारखंड सरकार को इको टूरिज्म गतिविधि पर रोक लगाने के निर्देश**

**फैसले के खिलाफ आंदोलन कर रहा था जैन समुदाय**

पर्यटन और इको-टूरिज्म गतिविधियां शामिल हैं। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए, तत्काल सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया जाता है। केंद्र सरकार ने निगरानी समिति बनाई। राज्य सरकार से कहा गया है कि वह इस समिति में शामिल होने के लिए जैन समुदाय से दो सदस्यों और स्थानीय जनजातीय समूह से एक सदस्य को स्थायी सदस्य के रूप में आमंत्रित करे। सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से जैन समुदाय आंदोलन कर रहा है। इसके खिलाफ कई जैन मुनियों ने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया था। इसमें जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण भी त्याग दिया था। सम्मेद शिखरजी जैनियों का पवित्र तीर्थ है। जैन समुदाय से जुड़े लोग सम्मेद शिखरजी के कण-कण को पवित्र मानते हैं। झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित श्री सम्मेद शिखरजी को पार्श्वनाथ पर्वत भी कहा जाता है। ये जगह लोगों की आस्था से जुड़ी हुई है। बड़ी संख्या में हिंदू भी इसे आस्था का बड़ा केंद्र मानते हैं। जैन समुदाय के लोग सम्मेद शिखरजी के दर्शन करते हैं और 27 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले मंदिरों में पूजा करते हैं। यहां पहुंचने वाले लोग पूजा-पाठ के बाद ही कुछ खाते-पीते हैं।



## 5.9 तीव्रता के भूकंप से कांपा दिल्ली-एनसीआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके गुरुवार शाम को महसूस किए गए। दिल्ली के साथ ही जम्मू कश्मीर में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई है। भूकंप के झटके गुरुवार शाम 7 बजकर 57 मिनट पर महसूस किए गए। इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान बताया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे पहले साल के पहले दिन ही दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जैसे ही भूकंप के झटके महसूस हुए लोग घबराकर अपने घर और ऑफिस से बाहर निकल गए। दिल्ली के साथ ही नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर के साथ ही देश के कुछ दूसरे हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके इतने जबर्दस्त थे दिल्ली एनसीआर में लोग कुछ पलों के लिए दहशत में आ गए। क्रोसिंग रिपब्लिक में रहने वाली अर्चना ने बताया कि उन्होंने भूकंप के इन तेज झटकों को दो बार महसूस किया। उन्होंने बताया कि दरवाजे अचानक से ऐसे हिलने लगे जैसे वहां कोई भूत हो। हालांकि भूकंप के झटकों का यह असर कुछ ही सेकेंड्स तक रहा। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था। भारत के साथ ही पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए है।

# अब छह महीने तक हड़ताल नहीं कर पाएंगे बिजली कर्मचारी

## यूपी सरकार ने हड़ताल पर लगाया प्रतिबंध

**लखनऊ।** बिजली कर्मियों के आंदोलनात्मक रूख को देखते हुए शासन ने उ. प्र. पावर कारपोरेशन सहित समस्त बिजली कंपनियों में अगले छह माह तक हड़ताल पर रोक लगा दी है। उ.प्र. आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 की धारा-3 की उपधारा (1) के अधीन निहित शक्ति का प्रयोग करते हुए हड़ताल को निषिद्ध किया गया है।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता ने इस आशय का शासनादेश जारी किया है। जिसमें लिखा है कि आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस आदेश के प्रकाशित होने के बाद से छह माह तक उ.प्र. पावर कारपोरेशन राज्य विद्युत उत्पादन निगम, जल विद्युत निगम, पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन, कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी केस्को, मध्यांचल, पूर्वांचल, पश्चिमांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की समस्त सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध किया जाता है।




**आदेश**

**बिजली कार्मिक फिर से अख्तियार किए हुए हैं आंदोलनात्मक रुख**

है। गौरतलब है कि पिछले महीने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और प्रबंधन के बीच हुए समझौते को लागू नहीं किए जाने के बाद से बिजली कार्मिक फिर से आंदोलनात्मक रुख अख्तियार किए हुए हैं। परिषद का आरोप है कि प्रबंधन समझौते में शामिल मुद्दों का समाधान नहीं कर रहा है। समझौते को लागू कराने के लिए दो दिन पूर्व पूरे प्रदेश में बिजली कर्मियों ने एक घंटे का धरना प्रदर्शन किया था, आगे बड़ा आंदोलन फिर से खड़ा करने की तैयारी है।

## अक्षय कुमार ने सीएम योगी से की मुलाकात, नई फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अक्षय ने आदित्यनाथ से यहां एक होटल में मुलाकात की। अभिनेता ने उनसे हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'रामसेतु' देखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश फिल्म सिटी के उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और वह नई फिल्म सिटी परियोजना को लेकर भारतीय फिल्म उद्योग में काफी उत्साह है। यह फिल्म सिटी हिंदी फिल्म उद्योग के लिए बेहतर विकल्प है। इस मौके पर आदित्यनाथ ने कहा कि फिल्में जन जागरुकता पैदा करने तथा सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म निमार्ताओं को विषय का चयन करते समय सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना के मुद्दों का जरूर ध्यान रखना चाहिए। कहा कि उनकी सरकार जल्द ही सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के साथ एक नई फिल्म नीति लागू करेगी, जिससे उत्तर प्रदेश की फिल्म सिटी विश्वस्तरीय होगी।






# यूपी के कई शहरों में कड़ाके की सर्दी

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में सर्दी का सितम जारी है। गुरुवार सुबह भी राजधानी लखनऊ में पारा 6 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा और लोग अलाव के आसपास बैठे गर्माहट लेते दिखे।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, गुरुवार को भी प्रदेश में कोल्ड डे जारी रहेगा। ऐसे में सर्दी से खास राहत मिलने की संभावना नहीं है। इससे पहले बुधवार की सुबह हल्के कोहरे के बाद दिन के तापमान में भले थोड़ा इजाफा हुआ, लेकिन दिन भर सूरज न निकलने और सर्द हवाएं चलने से गलन से राहत नहीं मिली। लखनऊ में बुधवार को तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई और कोहरा भी कम रहा, लेकिन गलन बरकरार रही।

**मौसम की मार**

**लखनऊ में पारा 6 डिग्री सेल्सियस रहा, कोल्ड डे अलर्ट अब भी जारी**



मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को दिन का पारा 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 8.9 डिग्री कम था। वहीं, रात का पारा 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

इस बीच दिनभर बदली के बीच 6 से 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं सर्द हवाओं ने लोगों की कंपकपी छुड़ा दी। अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि तापमान में कमी और हवाओं की रफ्तार के कारण चिलिंग फैक्टर अधिक रहा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से तापमान में थोड़ा इजाफा होगा, लेकिन कोहरा बरकरार रहेगा। मौसम विभाग ने गोरखपुर, बस्ती, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, समेत कई जिलों में गुरुवार के सीवियर कोल्ड डे कंडीशन की चेतावनी जारी की है। वहीं, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर नगर, बाराबंकी, सुलतानपुर समेत कई जिलों में कोल्ड डे कंडीशन जारी रहेगी। *एजेंसी*

# 2023 में पश्चिम से पूरब तक होगी यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा यूपी में 130 किलोमीटर का सफर तय करके पानीपत बॉर्डर के रास्ते हरियाण में प्रवेश कर गई है। बॉर्डर पर हरियाणा कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद रहे। उन्होंने वढ कांग्रेस के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी से यात्रा को रिसीव किया और फिर हरियाणा में आगे बढ़े। वहां पर ये यात्रा साढ़े 4 दिन रहेगी। यूपी में भारत जोड़ो यात्रा का गुरुवार को तीसरा और आखिरी दिन था। सुबह शामली के एलम से यात्रा शुरू हुई। जो बाद में कैराना पहुंची। यहां के ऊंचागांव में 5 घंटे तक स्टे किया। उसके बाद ऊंचागांव से दोपहर में करीब 3 बजे यात्रा फिर शुरू हुई।

कैराना में राहुल को देखने के लिए हजारों लोग सड़कों पर इकट्ठा थे।

**जयराम बोले**

**हरियाणा पहुंची भारत जोड़ो यात्रा, सुबह शामली के एलम से शुरू हुई थी**

राहुल ने हाथ हिलाकर कैराना के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उसके बाद यूपी हरियाणा बॉर्डर की ओर बढ़ गए। यमुना ब्रिज पर करीब आधे घंटे का ब्रेक लिया। इस दौरान राहुल ने यहां रॉयल रेस्टोरेंट में लोगों के साथ चाय पी। इसके तुरंत बाद आगे बढ़ गए। गुरुवार सुबह शामली के एलम से यात्रा शुरू हुई। कैराना के ऊंचागांव में 5 घंटे तक स्टे किया। यात्रा के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने ऊंचागांव में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस



नेता सुप्रिया श्रीनेत ने बताया कि सोनिया गांधी की तबीयत ठीक नहीं है। इसलिए राहुल ने यूपी में यात्रा के साथ नाइट स्टे नहीं किया। दिल्ली चले गए।

इसके अलावा जयराम रमेश ने राहुल गांधी का हवाला देकर बताया कि 2023 में पश्चिम से पूरब तक ऐसी ही यात्रा निकाली जाएगी। इस पर विचार हो रहा है। इसमें हम उन राज्यों में जाएंगे, जहां इस बार नहीं जा पाएं हैं। 26 जनवरी से 26 मार्च तक ₹हाथ से हाथ जोड़ो₹ अभियान चलाया जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा एक इवेंट नहीं, मूवमेंट है और ये चलता रहेगा। जयराम रमेश ने कहा कि देश के सामने 3 बड़े खतरे हैं। आर्थिक विषमताएं, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही। उन्होंने आगे कहा कि हमारे ढट की नीतियों की वजह से इन खतरों का सामना करना पड़ रहा है। ये भारत जोड़ो यात्रा मन की बात नहीं है। राहुल गांधी कम बोलते हैं और ज्यादा सुनते हैं। ये चुनाव जीतो यात्रा नहीं है। यह यात्रा नहीं, मूवमेंट है। ये चलता रहेगा।

## संजय राउत ने सीएम योगी पर साधा निशाना



**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि निवेशकों को लुभाने के लिए मुंबई में रोड शो करने की क्या जरूरत है। राउत ने कहा, आखिर मुंबई में रोड शो करके आप क्या चाहते हैं। अगर आप मुंबई से उद्योगों को उत्तर प्रदेश ले जाने आए हैं। तो हम इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों को अपने राज्य में निवेश कराने के लिए प्रयासों पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह राजनीति यहां नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आदित्यनाथ मुंबई के ताज होटल में देश के नामी बैंकों के आला अधिकारियों और उद्योगपतियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

**'निवेशकों को लुभाने के लिए रोड शो करने की क्या जरूरत'**

# रातों-रात नहीं हटाए जा सकते 50 हजार लोग

## सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे और उत्तराखंड सरकार को भेजा नोटिस

**देहरादून।** उत्तराखंड के हल्द्वानी जमीन अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। सुनवाई करते हुए जज ने कहा, हम रेलवे और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर रहे हैं। वहां और अधिक कब्जे पर रोक लगे। फिलहाल हम हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में करीब 50 हजार लोगों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश पर स्टे लगा दिया है, जिसमें रेलवे को सात दिन में अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 7 दिन में अतिक्रमण हटाने का फैसला सही नहीं है। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय कौल ने कहा कि इस

**जमीन अतिक्रमण**

**50 हजार लोगों को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के सात दिन में अतिक्रमण हटाने के फैसले पर लगाई रोक**

मामले को मानवीय नजरिए से देखना चाहिए. जस्टिस कौल ने कहा कि मामले में समाधान की जरूरत है।

रेलवे के मुताबिक, उसकी 29 एकड़ से अधिक भूमि पर 4,365 अतिक्रमण हैं। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने कहा कि यह एक मानवीय मुद्दा है और कोई यथोचित समाधान निकालने की जरूरत




है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई सात फरवरी को नियत कर दी। उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर को एक सप्ताह का अग्रिम नोटिस जारी कर हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। इस पर विरोध जताते हुए हल्द्वानी के कुछ निवासियों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

निवासियों ने अपनी याचिका में दलील दी कि उच्च न्यायालय ने इस तथ्य से अवगत होने के बावजूद विवादित आदेश पारित करने में गंभीर भूल की है कि याचिकाकताओं सहित निवासियों को लेकर कुछ कार्यवाही जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष लंबित है। बनभूलपुरा में रेलवे की कथित तौर पर अतिक्रमित 29 एकड़ से अधिक जमीन पर धार्मिक स्थल, स्कूल, कारोबारी प्रतिष्ठान और आवास हैं। कांग्रेस ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने का स्वागत किया और कहा कि इस मामले में उसकी प्रदेश इकाई और वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बतौर वकील मजबूती से लड़ाई लड़ी है। *एजेंसी*

# माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने पीएम से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और वादा किया कि डिजिटल इंडिया की संकल्पना को साकार करने में कंपनी देश की मदद करेगी। नडेला भारत के चार दिन के दौरे पर आए हुए हैं।

माइक्रोसॉफ्ट के शीर्ष अधिकारी नडेला ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात को गहरी समझ विकसित करने वाली बताया। उन्होंने डिजिटल रूपांतरण के जरिये टिकाऊ एवं समावेशी आर्थिक वृद्धि पर सरकार के जोर की सराहना भी की। नडेला ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, डिजिटल रूपांतरण के जरिये टिकाऊ और समावेशी आर्थिक वृद्धि पर सरकार द्वारा गहराई से ध्यान देना प्रेरणादायी है। हम डिजिटल इंडिया की



संकल्पना को साकार करने और दुनिया का मार्गदर्शक बनाने में भारत की मदद को उत्सुक हैं। उन्होंने लिखा, गहरी समझ विकसित करने वाली मुलाकात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार। नडेला देश में कई शहरों के दौरे पर हैं और ग्राहकों, स्टार्टअप, डेवलपर, शिक्षाविद, छात्रों तथा सरकार के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात कर डिजिटल क्षेत्र में शासन एवं सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर बात की थी।

# ऐसा कोई सेक्टर नहीं, जिसके लिए यूपी में संभावनाएं नहीं : योगी

## सीएम योगी ने कहा-बेहतर कनेक्टिविटी, अपार संभावनाएं..उद्योगों के विकास अनुकूल है माहौल

**मुंबई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के उद्योग जगत को प्रधानमंत्री के '$5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था' के संकल्प को पूरा करने में योगदान का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि देश में सबसे बड़ी आबादी का राज्य उत्तर प्रदेश इस संकल्प को पूरा करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस समृद्ध आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है उसकी राह उत्तर प्रदेश से होकर जाती है। यूपी में पोटेंशियल है, विजन है और अपार संभावनाएं हैं। हम अपने प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इन संभावनाओं का लाभ लेने को उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का स्वागत है।

गुरुवार को देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुम्बई में देश के दिग्गज उद्योगपतियों, वित्तीय, बैंकिंग व

**जीआईएस 2023**

**उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा-भट्टा-परसौल में कभी गोली कांड हुआ था, आज किसान खुशी से दे रहे जमीन**

औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कारोबारियों, निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को 10-12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदारी का निमंत्रण दिया। जीआईएस 23 के संबंध में विदेशों में हुए यूपी रोड शो की सफलता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला मौका था जब निवेशकों को आमन्त्रण देने टीम यूपी 16 देशों के 21 शहरों में गई। हमें वहां शानदार रिस्पांस



मिला। इस दौरान सात लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव हमें मिले हैं। वहीं घरेलू निवेशकों से संवाद के लिए जारी रोड शो के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, इसलिए यहां अपनों को आमन्त्रण देने मैं स्वयं आया हूं। बड़ी संख्या में निवेशकों की मौजूदगी देख मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी उपस्थिति 'टीम यूपी' के लिए उत्साहवर्धक है।

डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाणिज्यिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों, परंपराओं, विविधताओं से उद्योग जगत को अवगत कराते हुए निवेश के दृष्टिगगत इनमें निहित संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक यूपी की हालत जैसी थी, उससे सभी परिचित हैं। न वहां बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी और निवेशक लेकिन आज पूरा परिदृश्य बदल चुका है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के 'पंच प्रण' का संदर्भ लेते हुए मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से इन प्रणों को पूरा करने के लिए आगे बढ़कर योगदान करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, ऐसे मौके पर भारत, ब्रिटेन को पीछे कर दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत दुनिया के 20 ताकतवर देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल के सृजन और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में हर दिन दंगा होता था, आज छह वर्ष होने को हैं लेकिन कहीं एक भी दंगा नहीं हुआ। जमीन अधिग्रहण के लिए भट्टा-परसौल में गोली कांड से सभी परिचित होंगे, लेकिन आज जबकि हम उसी भूमि पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रहे हैं तो इस परियोजना के चौथे फेज के लिए जमीन अधिग्रहीत हो चुकी है। किसान खुद अपनी जमीन के रजिस्ट्री कागज मुख्यमंत्री आवास पर आकर सौंप रहे हैं। निवेशकों को यूपी आने का आमंत्रण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां उद्योगों के लिए पहली जरूरत 'जमीन' की कोई कमी नहीं है। हमने तो एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया है और आज हमारे पास बड़ा लैंडबैंक उपलब्ध है।



# दम घुटने से मासूम की मौत

**दुखद**

**बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोया था परिवार**



मृतक की फाइल फोटो



मौके पर जांच करती पुलिस की टीम

**जनसंदेश न्यूज**

**रोहनिया।** बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोना दो साल के बच्चे के लिए जानलेवा बनी। दम घुटने से उसकी मौत हो गयी। जबकि मां-पिता और एक अन्य बेटा दम घुटने की वजह से मंडलीय अस्पताल में भर्ती है। बीते दिनों जैतपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोने से पत्नी-पत्नी समेत बच्चे की मौत हो गयी थी। अभी घटना को एक सप्ताह भी नहीं बीता कि ये दूसरा मामला सामने आया जिसमें बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोना जानलेबा बना और दो साल के बच्चे की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार जौनपुर के चंदवक का रहने वाला राहुल कुमार पिकअप ड्राइवर है और दरेखूं गांव में किराये पर कमरा लेकर पत्नी रिंकी और 2 बच्चों के साथ रह रहा था। बुधवार की रात राहुल कमरे में अंगीठी जलाकर परिवार के साथ सोया था। सुबह राहुल का परिवार काफी देर तक बाहर नहीं आया। दरवाजा भी नहीं खुला तो पड़ोसियों को शंका हुई। दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो कमरे में धुआं भरा हुआ था। सभी बेहोश पड़े थे। आनन-फानन सभी को अस्पताल ले जाया गया। जहां राहुल के 2 साल के बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि, राहुल उसकी पत्नी और उसके पांच वर्ष के एक अन्य बच्चे अनुज का इलाज कराया जा रहा है।

# बालक दास और सतुआ बाबा को मिली जमानत

**राहत**

**अन्याय प्रतिकार मामले में उपद्रव से जुड़ा है मामला**

**वाराणसी।** एमपी एमएलए कोर्ट में गुरुवार को महंत बालक दास और महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने महंत बालक दास और महंत संतोष दास की कोर्ट ने नियमित जमानत मंजूर कर ली है। मामला सात साल पुरानी अन्याय प्रतिकार यात्रा के दौरान उपद्रव से जुड़ा है। बुधवार को इस मामले में फरार घोषित महंत बालक दास और महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा ने कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने महंत बालक दास और महंत संतोष दास की अंतरिम जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था। साथ ही, उनकी नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तारीख तय की थी।

गंगा में गणेश प्रतिमा के विसर्जन पर अड़े लोगों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने 5 अक्टूबर 2015 को मैदागिन के टाउनहाल से गोदौलिया तक अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली थी। इस दौरान गोदौलिया चौराहे पर खड़ा एक सांड भड़क गया और गिरजाघर चौराहे की ओर भागा। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई। भगदड़ देख चौक से गोदौलिया की ओर बढ़ रही अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल लोग भी भागने लगे। उन्हें लगा कि पुलिस ने यात्रा रोकी है और लाठीचार्ज कर दिया है। उपद्रवियों ने पहले पुलिस बूथ फिर एक सरकारी जीप में आग लगा दी। मजिस्ट्रेट की जीप, फायर ब्रिगेड की गाड़ी व पुलिस की वैन और लगभग दो दर्जन बाइक आग के हवाले कर दी गईं।

ऐसे में दशाश्वमेध थाने में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती, सतुआ बाबा आश्रम के महंत संतोष दास, पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास, पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता अजय राय, मंडुवाडीह थाने के हिस्ट्रीशीटर पंकज सिंह उर्फ डब्ल्यू राय, अरुण पाठक, अजय चौबे, अमरनाथ यादव उर्फ डब्बल और असित दास समेत अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## संक्षेप

### ट्रक के धक्के से ट्रैक्टर ट्राली पलटी



**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अन्तर्गत वाजिदपुर पंचक्रोशी रिंग रोड चौराहे पर गुरुवार की शाम ट्रक के धक्के से सीमेंट लदी ट्रैक्टर की ट्राली पलट गयी। इस दौरान वहां से गुजर रहा बड़ागांव थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी मुरलीधर पटेल ट्राली की चपेट में आ गया और सीमेंट की बोरी से दब गया। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार निकाला और अस्पताल भिजवाया। ईंट लदा ट्रक राजातालाब की तरफ जा रहा था, वाजिदपुर पंचकोशी चौराहे के पास सीमेंट लदी ट्रैक्टर में रिंग रोड फेज 1 के पास टक्कर मारा दी। ट्रैक्टर ट्राली समेत पलट गयी और सीमेंट सड़क पर बिखर गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने रास्ता खाली कराया।

### बाइक सवार बदमाश ने छीना मोबाइल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के छतेरी गांव के पास कछवां-कपसेठी मार्ग पर बुधवार की देर शाम नकाबपोश अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल से कछवांरोड जा रहे डोमैला गांव निवासी ज्ञानदीप सरोज का मोबाइल छिनकर कपसेठी के तरफ भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि कपड़ा खरीदने साइकिल में कछवांरोड जा रहा था मोबाईल पर फोन आने पर बात करने लगा तभी पीछे से आए लाल कलर के अपाचे बाइक सवार दो युवक मोबाइल छिनकर कपसेठी की तरफ भाग निकले। भुक्तभोगी ने कछवांरोड चौकी पर पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लिखित तहरीर दिया।

### 22 को लोक अदालत में होगा निस्तारण

**वाराणसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के निदेशी पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश के दिशा निर्देशन में 22 जनवरी (रविवार) को दीवानी न्यायालय में आर्बीट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए सचिव/अपर जिला जज प्रमोद कुमार गिरि ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में आर्बीट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

### डुगडुगी पिटवा कर 82 की कार्रवाई

**पिंडरा।** जमीन की धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त लक्ष्मी शंकर पुत्र स्वर्गीय भोला सिंह निवासी ग्राम रामापुर थाना बड़ागांव के ऊपर फर्जी तरीके से जमीन बेचने का आरोप है। जिस पर 419 ,420 ,467, 468 आईपीसी के तहत दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे अपराधी के घर फूलपुर थाना के सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने गांव रामापुर बड़ागांव में बुधवार को देर शाम डुगडुगी पिटवा कर 82 की कार्यवाही की।

### दस हजार का इनामिया गिरफ्तार

**वाराणसी।** कैंट पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ अभियान में दस हजार का पुरस्कार घोषित तथा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की पहचान मयंक गुप्ता, निवासी ढेलवरिया थाना जैतपुरा के तौर पर हुई। गुरुवार को कैंट थाना प्रभारी प्रभुकांत और दारोगा हिमांशु त्रिपाठी ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे ढेलवरिया हनुमान मन्दिर के पास से पकड़ा। अभियुक्त के खिलाफ धारा 120-बी, 147, 307, 506 व 3(2) (वी) एससी-एसटी, तथा धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।

### पॉक्सो का आरोपी युवक गिरफ्तार

**रोहनिया।** रोहनिया पुलिस ने पाक्सो एक्ट के आरोपी को दबोचा। आरोपी के खिलाफ एडिशनल सीपी के निर्देश पर रोहनिया थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि पाक्सो का आरोपी रंजन मैत्री निवासी बरहट थाना पटसपुर पश्चिम बंगाल को चार जनवरी की शाम थानाक्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग दो से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशानदेही पर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया गया। आरोपी उसे अपने घर पश्चिम बंगाल ले गया था, गिरफ्तारी के लिए एक टीम कोलकाता गई हुई थी लेकिन वहां पर गिरफ्तारी नहीं हो पाई। कार्रवाई से बचने के लिए दोनों बनारस आ गए थे और यहां छुपकर रह रहे थे। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर दोनों को पकड़ा गया।

### अलाव तापते समय तीन झुलसे

**वाराणसी।** भीषण शीतलहरी में गुरुवार को ठंड से बचाव के लिए अलाव तापते समय आग की चपेट में आने से मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर तापते समय आग की चपेट में आने से सरिता पटेल 45 वर्ष झुलस गयी। इसी तरह चौकाघाट काली मंदिर के पास अलाव तापते समय आग से जैतपुरा थाना क्षेत्र के चौकाघाट निवासी धीरू मौर्य 30 वर्ष मामूली रूप से गया। इसके अलावा कोतवाली थाना क्षेत्र के अम्बिया मण्डी निवासिनी राधा देवी 45 वर्ष अलाव तापते समय झुलस गयी। परिजनों ने उसे मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

### लापता बच्चों को पुलिस ने खोजा

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के अहिरावीर गांव से दो बच्चे जिसमें किशन पुत्र कल्लू उम्र 7 वर्ष नंदन पुत्र कमलेश 12 वर्ष यह दोनों बच्चे अपने गांव से मंगारी बाजार पैदल साइकिल का पुराना टायर लेने गए थे रास्ता भटक कर जौनपुर बॉर्डर पर पहुंच गए इस मामले में परिजनों ने गुमसुदगी भी दर्ज कराया। गुरुवार को इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार और उनकी टीम ने दोनों बच्चों को बरामद कर परिजनों को सौंपा।

# सब ऑटो फर्जी, मालिक असली

**ये खेल**

**सिगरा पुलिस ने पकड़े एक ही नंबर के दो ऑटो**

**वाराणसी।** गजब का खेल, सब नकली मालिक असली। एक ही नंबर पर दो ऑटो का संचालन करते सिगरा पुलिस ने दो चालकों को पकड़ा। मजे की बात ये है कि वाहन मालिक दोनों की ऑटो का एक ही निकाला। सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि अब कैंट और रोडवेज से संचालित होने वाले सभी ऑटो का मॉनेटरिंग की जायेगी। ताकि ये पता चल सके कि एक ही नंबर पर कहीं एक से ज्यादा ऑटो तो संचालित नहीं हो रहे है। इसके लिए रोडवेज चौकी प्रभारी आदित्य सिंह को नजर बनाये रखने को कहा गया।



रोडवेज चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान गुरूवार को दो ऑटो को पकड़ा गया दोनों का नंबर प्लेट एक ही था। दोनों ऑटो चालकों से जब सिगरा पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो ऑटो मालिक शिवपुर के शिव विहार कालोनी निवासी मुराद खान निकला। पुलिस जब दबिश देने ऑटो मालिक के यहां पहुंची तो वह भाग निकला। रोडवेज चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये चालकों में फूलपुर थाना क्षेत्र के मंगारी का दीपक कुमार और दूसरे आटो का चालक शिवपुर क्षेत्र के कोईराजपुर का संतोष कुमार यादव है। एक चालक तीन महीने से और दूसरा सात महीने से ऑटो चला रहा था। सिगरा पुलिस ने दोनों ऑटो को जब्त कर लिया है और मालिक की तलाश तेज कर दी है।

# बाइक और मोबाइल चोरी करने वाले दो पकड़े गए

**जनसंदेश न्यूज**

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर नहर के पास से गुरुवार की सुबह मिर्जामुराद पुलिस ने दो लूट के मोबाइल व दो चोरी के बाइक के साथ दो किशोर को गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम के साथ कछवांरोड चौराहे पर मौजूद थी इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो किशोर कपसेठी की तरफ से आ रहे उनके पास चोरी की बाइक और चोरी का मोबाइल है। उक्त सूचना पर टीम ने खंदक गांव के पास घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बुधवार की सुबह भैंसा बार्डर के पास से छात्रा से मोबाइल छीना था। दोनों की निशानदेही पर चोरी की दो बाइक भी बरामद हुई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार, एसआई विरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल उमाशंकर व रविशंकर भारद्वाज शामिल रहे।

# ज्ञानवापी से जुड़े छह मामलों की सुनवाई टली, 21 को सुनवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े छह प्रकरणों की सुनवाई गुरुवार को जिला अदालत में होनी थी। इनमें ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की तत्काल पूजा के अधिकार सहित अन्य मसले शामिल हैं। इन सभी प्रकरण में सिविल जज सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आगे की डेट तय कर दी है। विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री किरन सिंह विसेन और अन्य ने भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान की ओर से मुकदमा दाखिल कर रखा है। किरन सिंह विसेन की ओर से कोर्ट में अर्जी देकर भगवान आदि विश्वेश्वर की पूजा तत्काल शुरू करने देने की अनुमति मांगी गई है। इस मामले में सुनवाई की अगली तिथि 21 जनवरी फिक्स की गई है।

खजुरी निवासी अजीत सिंह और नई दिल्ली निवासी हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अविमुक्तेश्वर भगवान की ओर से अर्जी दाखिल की है। अर्जी के माध्यम से ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के दर्शन-पूजन की अनुमति मांगी गई है। इस मामले की सुनवाई की भी अगली तिथि 21 जनवरी फिक्स की गई है। पर्यावरणविद प्रभुनारायण की ओर से एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की पूजा का अधिकार दिया जाए। इस मामले में सुनवाई की अगली डेट 17 जनवरी तय की गई है। भगवान आदिवेश्वर विराजमान की ओर से अनुष्का तिवारी और इंदू तिवारी के प्रार्थना पत्र पर भी सुनवाई होनी थी। इस मामले में अब 18 जनवरी को सुनवाई होगी। विश्व हिंदू महासमिति के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा की तरफ से दाखिल वाद जिसमें ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने, प्रतीक चिह्नों को सुरक्षित करने और नित्य दर्शन-पूजन की मांग की गई है। इस पर अब 6 फरवरी को सुनवाई होगी। ज्ञानवापी को लेकर मुख्तार अहमद अंसारी और अन्य चार वादी की ओर से दाखिल वाद पर अब 17 जनवरी को सुनवाई होगी।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या NER-BSB[illegible]-OT-01-2023

[illegible]

को 15:00 बजे।

(1) ई-निविदा दिनांक 30-01-2023 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा किया जा सकेगा।

(2) पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट [illegible] देखें।

[illegible]


# सीपी ने तड़के जांची व्यवस्था, दिया निर्देश



दशाश्वमेध इलाके का निरीक्षण करते सीपी



थाने में मातहतों की मीटिंग ली

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मुथा अशोक जैन ने दशाश्वमेध घाट और थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। घाट पर मिली गंदगी देख वहां मौजूद व्यक्ति को फटकारा साथ ही पुलिस को निर्देशित किया कि गंदगी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

दशाश्वमेध घाट के निरीक्षण के दौरान गंगा आरती एवं अन्य बड़े आयोजनों के अवसर पर एकत्रित होने वाली भीड़ के बेहतर प्रबन्धन तथा भीड़ प्रबन्धन के दौरान उपयोग में लाये जाने वाले संचार माध्यमों का बेहतर उपयोग किये जाने के लिए कहा। सीपी ने घाटों पर आने जाने वाले मार्गों से अतिक्रमण हटाये जाने का निर्देश दिया। निर्देशित किया गया। दशाश्वमेध थाने में उन्होंने रजिस्टरों और अभिलेखों का अवलोकन किया। महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, बैरक, मेस, जनसुनवाई डेस्क आदि की समीक्षा की। सीपी ने शातिर एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर गैंगेस्टर की कार्यवाही करने को कहा। पुरस्कार घोषित अपराधियों की पहचान के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया करने पर बल दिया। थाना परिसर में खड़े वाहनों को जल्द निस्तारित करने को कहा साथ ही परिसर व बैरक की निरन्तर साफ-सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया।

### डीसीपी विक्रांत वीर ने की समीक्षा बैठक

**पिंडरा।** बाबतपुर स्थित पुलिस कमिश्नरेट गोमती जोन के कार्यालय पर डीसीपी विक्रांत ने सैनिक सम्मेलन व थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यहां सैनिकों की समस्याओं को चुना गया और उसे निस्तारण के लिए तत्काल संबंधित थाना को निर्देश दिया गया। समस्त थाना के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष राजातालाब जोन के कमिश्नरेट उपायुक्त के मौजूदगी में आइजीआरएस प्रार्थना पत्र के निस्तारण को लेकर समीक्षा की गई। हत्या, लूट ,डकैती, चोरी, नकबजनी, महिला संबंधित अपराधों पास्को अधिनियम में संलिप्त अपराधियों को तत्काल कठोरता पूर्वक कार्रवाई किये जाने के लिए कहा गया। चोरी व नकबजनी को रोकने के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने को कहा गया।

# टेंट सिटी में हैंडीक्राफ्ट, ओडीओपी और जीआई उत्पादों के भी लगेंगे स्टॉल

**वाराणसी।** काशी के उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर तंबुओं का शहर बस रहा है। तंबुओं के इस शहर में प्रदेश के हैंडीक्राफ्ट ओडीओपी और जीआई उत्पाद का भी स्टॉल लगाया जाएगा। इससे पर्यटन उद्योग सहित पूर्वांचल और यूपी के हस्त शिल्पियों को नया बाजार मिलेगा। यहां पर्यटकों के रहने के साथ ही उनके बनारसी खान पान, वाटर स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। विकास प्राधिकरण (वीडीए) के अनुसार रेत में तंबुओं का शहर 30 हेक्टेयर में बसाया जा रहा है। यहां लगभग 300 के करीब टेंट हाउस होंगे। जिनमें ठहरने की सुविधा के लिए स्विस कॉटेज, रिसेप्शन एरिया, गेमिंग जोन, रेस्टोरेंट, डायनिंग एरिया, कॉन्फ्रेंस स्थल, स्पॉ एवं योगा केंद्र, लाइब्रेरी एवं आर्ट गैलरी के अतिरिक्त वॉटर स्पोर्टस, कैमल-हार्स राइडिंग आदि और अन्य सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट्स गतिविधियां होंगी। टेंट सिटी के एक क्लस्टर का निर्माण करा रही लल्लूजी एंड संस के ओनर हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि देश विदेश में हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद काफी पसंद किये जाते हैं। इसे देखते हुए टेंट सिटी में उत्तर प्रदेश के ओडीओपी, जीआई टैग उत्पाद और हैंडीक्राफ्ट के स्टॉल भी लगाए जाने की योजना है।


**न्यायालय मुख्य राजस्व अधिकारी बलिया**
**वाद संख्या 13/2020**
**धारा-27 (3) जि0च0अधि0**
**मौजा-हल्दीरामपुर परगना-सि0गर्वी**
**धनेश बनाम राज्य सरकार**

1- रामाशंकर पु0 रामरूप, 2-इरशाद अहमद, 3-नौशाद अहमद, 4-गुलशाद अहमद पुत्रगण शमशाद अहमद सा0 सठिया, 5-रामनक्षत्र, 6-रमाकांत, 7-लालचन्द्र पुत्रगण स्व0 रामरूप, 8-श्रीमती कृष्णावती देवी स्त्री बालचन्द्र, 9- रणजीत सिंह पुत्र अभयनारायण सिंह, 10-विद्यावती स्त्री अभयनारायण सिंह, 11-अश्वनी, 12-अशीष पुत्रगण हरिवंश, 13-उमाशंकर, 14-हिमांशु पुत्रगण रमेश्वर, 15-प्रियाशु पुत्र जयराम, 16-अनीता स्त्री जयराम, 17-हेमन्त, 18-राणा, 19-छांगुर, 20-सोनू पुत्रगण स्व0 घूरा, 21-हृदेश कुमार, 22-उदयभान पुत्रगण राजमंगल, 23-अजय कुमार, 24-विजय कुमार पुत्रगण मारकण्डेय प्रसाद, 25-संजय, 26-लालबाबू पुत्रगण फतेहबहादुर, 27-खड़गबहादुर पुत्र सूरत, 28-प्रमोद, 29- शिवमंगल, 30-शिवशंकर पुत्रगण विश्राम, 31-बिन्दू देवी स्त्री विश्राम सभी साकिनान हल्दीरामपुर परगना सि0 गर्वी त0 बिल्थरारोड जनपद-बलिया।

वजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक मुकदमा दायर की है जिसमें ता0 पेशी 06.01.2023 नियत की गई है। लिहाजा आप स्वंय अथवा मय अधिवक्ता नियत तिथि पर उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें उपस्थित न होने की दशा में एक तरफा कार्यवाही की जायेगी।

**मुख्य राजस्व अधिकारी बलिया**

**न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) गाजीपुर**
**मुकदमा नं. 198/ 2022**
**70**
**राजीव उपाध्याय**
**बनाम**

1. ज्ञानेन्द्र उपाध्याय
2. संजीव उपाध्याय

पुत्रगण मुनीन्द्रनाथ उपाध्याय

बनाम-1-ज्ञानेन्द्र उपा0, 2-संजीव उपा0 पुत्रगण स्व0 मुनीन्द्रनाथ उपाध्याय नि0मु0 काजीटोला (स्टीमरघाट) गाजीपुर

अपने मृत मुनीन्द्रनाथ उपाध्याय की देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन् 1889 ई0 की अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के लिये मूल्य 26,27,310.80 मात्र।

चूंकि उक्त ने प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया है और तारीख 25.01.2023 को आवेदक की सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अत: यह उद्घोषणा की जाती है कि जिस किसी को आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति है वह स्वंय या किसी वकील द्वारा उक्त न्यायालय में नियत तारीख पर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे अन्यथा दरखास्त के खिलाफ सम्बंध में उचित कार्यवाही की जायेगी। तारीख 02.01.2023

**सिविल जज सी0डी0 गाजीपुर**



जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत सूचना**

मेरे पति के सर्विस बुक नंम्बर 9202256 ex और डीएससी में दर्ज मेरी जन्म तिथि क्रमश:16/04/1950 एवं डी एस सी में दर्ज 4/10/1950 दोनों जन्म तिथि गलत है। मेरी वास्तविक जन्म तिथि 1/01/1955 है। उसे दर्ज किया जाए। लालमुनी देवी पत्नी स्व मुन्नी ठाकुर ग्राम+ पोस्ट पटकनियां, थाना सुहवल,परगना-जमानियां, गाजीपुर।

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रैदोपुर में मेरा पालिसी नम्बर 291304135 में मेरा नाम अर्जुन विश्वकर्मा दर्ज है जबकी मेरा नाम हरिराम विश्वकर्मा है। अन्य प्रमाण पत्रों व आधार कार्ड में मेरा नाम हरिराम विश्वकर्मा दर्ज है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। हरिराम विश्वकर्मा पुत्र कमलेश विश्वकर्मा ग्राम देवापार, पोस्ट-अंजानशहीद जिला आजमगढ़।

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I,ATUL KUMAR S/O HARIRAM R/O Oril Khapariya chak, Ambari, Azamgarh, U.P. 223222 declare that name of my mother has been wrongly written as RAJKUMARI in my sc certificate No. 615194007132. The actual name of my mother is kumari devi which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection


# सभी वर्ग के हितों की रक्षा में लगी है भाजपा सरकार

**बोले अनिल राजभर**

**प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को दिया संवैधानिक दर्जा**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर कहा कि भाजपा राजनीति सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने को साधन के रूप में देखती है। भाजपा सरकार ने पिछड़े समेत सभी वर्ग के हितों की रक्षा में जुटी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने शासनकाल में सपा-बसपा कांग्रेस ने पिछड़े, दलितों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों का वोट तो लिया, लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। सपा-बसपा-कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की, लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनवे तथा उनके कुछ चहेते लोगों तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है। लेकिन सपा अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सकेगी। सपा का सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट का विरोध पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इस आदेश से सपा का षड़यंत्र विफल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया।

# क्रय केंद्रों से तत्काल कराएं धान की ढुलाई

**मीटिंग**

**सूबे के विशेष सचिव सहकारिता ने की मंडल में अबतक हुई धान खरीद की समीक्षा**

**तीन एजेंसियों के क्रय केंद्र पर भारी मात्रा में धान भंडारण पर जतायी सख्त नाराजगी**



विशेष सचिव सहकारिता अच्छेलाल सिंह यादव ने धान खरीद की प्रगति के बारे में समीक्षा बैठक की

**वाराणसी।** सूबे के विशेष सचिव सहकारिता एवं मंडल में धान खरीद के नोडल अफसर अच्छेलाल सिंह यादव ने गुरुवार को सर्किट हाउस में वाराणसी मंडल में चल रही धान खरीद की समीक्षा बैठक की। इससे पूर्व उन्होंने जौनपुर के धान क्रय केंद्रों और राइस मिलों का औचक निरीक्षण किया।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि मंडल में 456 धान क्रय केंद्रों में से दो को छोड़कर शेष पर धान खरीद जारी है। चंदौली में दो नये सेंटर पर वहां फिलहाल खरीद शुरु नहीं हुई है। मंडल में धान क्रय लक्ष्य 678000 एमटी के सापेक्ष अब तक 55404 किसानों से 347875.85 एमटी धान खरीद हो चुकी है। यह खरीद लक्ष्य का 51 फीसदी है।

श्री यादव ने खरीद व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी क्रय एजेंसियों को निर्देश दिया कि क्रय केंद्रों से की ढुलाई तत्काल अधिक से अधिक मात्रा में कराएं। उन्होंने पीसीएफ, यूपीएसएस और पीसीयू के क्रय केंद्रों पर अधिक मात्रा में धान का भंडारण किये जाने पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने किसानों का भुगतान सर्वोच्च प्राथमिकता पर करने समेत संबंधित कृषकों को धान खरीद के तीन दिन के भीतर पेमेंट कर देने पर बल दिया। इस मौके पर दावा किया गया कि सभी एजेंसियों से 77.89 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। नोडल अधिकारी ने क्रय केंद्रों पर अलाव की व्यवस्था करने को कहा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 096/न0पा0प0गो0/ दिनांक 05.01.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता पत्नी गणेश कुमार ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 03.01.023 द्वारा भवन संख्या-124 मोहल्ला पसियान वार्ड नं0-01 में स्थित मकान पर अंकित श्री राजकुमार सरोज पुत्र स्व0 तेजू सरोज के रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्रीमती संगीता पत्नी गणेश कुमार का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**उप परियोजना प्रबंधक**
**उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, सेतु निर्माण ईकाई, बलिया**
**शिव-विला, जी0वी-2, चंद्रशेखर नगर बलिया-277001**
**ई-टेंडर सूचना**

सेतु निर्माण ईकाई, बलिया के अंतर्गत जनपद बलिया में ''Supply of stone grit and coarse sand work at tons river bridge, Chittbaragaon-Pakki court in Distt- Ballia.'' कार्य हेतु सेतु निगम/ लो0नि0वि0 में पंजीकृत अनुभवी फार्मो/ठेकेदारों से दिनांक 07.01.2023 (10:00 एएम) से 14.01.2023 (05:00 पीएम) तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा पोर्टल http:/etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें।

**उप परियोजना प्रबंधक**

पत्रांक 1045/ई0 निविदा/2022-23 दिनांक-05.01.2023



# वाराणसी



# शीतलहरी ने कंपकंपाया, रजाई में दुबके लोग

**कड़ाके की ठंड**

### दिन में हल्की धूप खिली तो अपराह्न बाद चलीं सर्द हवाएं

### कोहरे ने डाला डेरा, न्यूनतम तापमान पहुंचा पांच डिग्री से नीचे



हर तरफ लोग अलाव तापते नजर आए

**वाराणसी।** सर्दी का सितम कहर ढा रहा है। सर्द हवाओं के बीच बढ़ी शीतलहरी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से जिले में ठंड के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं। ठंड इतनी अधिक है कि रात की बात तो दूर दिन में ही कंपकंपी लगने लगी है। गर्म कपड़ों से बदन लकदक नजर आ रहा है। फिर भी कंपकंपी है कि पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रही है। रजाई में दुबकने के बाद ही तरावट से लोगों को आराम मिल रहा है। गुरुवार को अपराह्न बाद से ही कोहरे ने डेरा डालना शुरू कर दिया था। सर्द हवाओं के झोंकों से दांत कटकटाने लगे थे।

हालांकि गुरुवार को दिन में सूरज भगवान के दर्शन हुए, लेकिन अपराह्न बाद सर्द हवाओं के थपेड़ों के बीच शीतलहरी ने शहर और देहात के लोगों को हिला कर रख दिया। इस सीजन में सबसे ज्यादा ठंडा दिन गुरुवार रहा। आईएमडी लोकल वेदर के मुताबिक, न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अगले तीन चार दिन तक ऐसे ही मौसम रहने की संभावना है। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। ठंड के प्रकोप से आमजन ही नहीं, पशु-पक्षी भी बेहाल है।

गुरुवार सुबह के समय मध्यम से घने स्तर का कोहरा छाया रहा। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंटने लगा और रोशनी में इजाफा हुआ। हालांकि, धूप के दर्शन हुए, लेकिन नाकाफी साबित हुआ। अन्य दिनों की तुलना में दिन में गलन अधिक रही। स्वेटर, जैकेट, टोपी और हाथ में दस्ताना पहनकर निकले लोग भी गलन अधिक होने से कांपते नजर आए। लोग अपने बच्चों को सर्द मौसम से बचाने के लिए इंतजाम करते देखे गये। गर्म कपड़ों की स्थायी और अस्थायी दुकानों पर खरीदारी भी खूब देखने को मिली। वजह, पिछले एक सप्ताह से मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव जो देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि उत्तर पश्चिमी हवाओं की वजह से ही मौसम में बदलाव हुआ है। अभी तीन-चार दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने के आसार हैं। ऐसे में अलर्ट रहने की जरूरत है। लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है।

### इंटर तक के सभी स्कूल कॉलेज सात तक बंद

वाराणसी। भीषण शीतलहर और ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के निर्देश पर जनपद के सभी स्कूल व कॉलेजों को सात जनवरी शनिवार तक बंद रहेंगे। यह आदेश सभी प्राथमिक विद्यालय, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड व मदरसा बोर्ड आदि पर लागू होगा।

### निगम ने बढ़ायी अलावों की संख्या

वाराणसी। नगर में चल रहे शीतलहर को देखते गुरुवार को नगर आयुक्त प्रणय सिंह के द्वारा जलाये जा रहे अलावों की संख्या में वृद्धि किये जाने के लिए उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में अलाव की संख्या में वृद्धि करते हुए कुल 455 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई। आदमपुर जोन में 36 स्थानों पर, भेलूपुर जोन में 122 स्थानों पर, दशाश्वमेध जोन में 134 स्थानों पर, कोतवाली जोन में 25 स्थानों पर और वरूणापार जोन में कुल 138 विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। अलावों को नगर के सभी रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, सभी चैराहों, रैन बसेरा एवं सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर जलाया जा रहा है।






# बड़ी ठंड हौ मरदे, सइकिलिया से हाथ छूट जात हौ

## गांवों में रोज कमाकर खाने वालों समेत भोर में मंडी जाने वाले किसान भी शीतलहरी से हलकान

**मौसम की मार**

### अलाव जलाने का दावों का दूर-दूर तक पता नहीं, लोग कूड़ा-कागज और टायर जलाकर सेंक रहे हाथ

जनसंदेश टीम



**वाराणसी।** ठंड का सितम कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण शीतलहरी और गलन से ग्रामीण इलाकों के लोग भी बेहाल हुए जा रहे हैं। सर्वाधिक समस्या मजदूरों और उन किसानों को है। परिवार का पेट पालने के लिए श्रमिक रोजगार के लिए घर से निकल के लिए बाध्य हैं। वहीं, किसान को सब्जी एवं फल वगैरह अपनी उपज मंडी में बाजार में बेचने के मंडी तक दौड़ लगानी पड़ रही है। जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसे में चट्टी-चौराहों समेत गांवों के विभिन्न स्थान पर अलाव का प्रबंध करने में सरकारी तंत्र फेल है। जबकि दावा है कि अलाव जलाए जा रहे हैं। लोग कूड़ा-करकट, कागज और टायर आदि को अलाव के तौर पर जला रहे हैं। चांदमारी प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के थाने और पुलिस चौकियों पर अलाव दिख रहे हैं। जबकि इलाके के कई चौराहों पर इसका प्रबंध नहीं किया गया है। हरहुआ ब्लॉक के पुआरी कला के किसान पारस पटेल, दनियालपुर के राजेंद्र पटेल, कुरौली के दुर्गा चौबे और संजय चौबे ने भोर में सब्जी मंडी जाने में हालत खराब हो रही है। कृषकों के ठेठ अंदाज में कहा कि बड़ी ठंड हौ मरदे। सुबहियां मंडी जाए बदे सइकिलिया चलावे में हैंडल से हाथ छूट जात हौ। रस्तवा में कत्तो अलाव नहीं दीखत। उन्होंने कहा कि मंडी में उपज बेचने के लिए जाना हमारी बाध्यता है। औरा के संजय, आयर के सौरभ मिश्र एवं राजकुमार यादव ने कहा कि इस भयानक ठंड में चौराहों पर 24 घंटे अलाव जलना चाहिए। औरा नहर चौराहे पर लाल बहादुर ने अलाव की व्यवस्था न होने पर रोष व्यक्त किया। वहीं, पूछे जाने पर इलाकाई लेखपाल प्रीति गुप्ता ने बताया कि मुर्दहा बाजार में अलाव



जल रहा है। हर जगह इसका इंतजाम संभव नहीं है। दानगंज प्रतिनिधि के मुताबिक चोलापुर ब्लॉक के कई बाजारों, चट्टी-चौराहों पर अलाव का प्रबंध नहीं है। हाड़ कंपाने वाली इस ठंड में दानगंज बाजार, बलिरामगंज, कटारी तथा धरसौना के लोगों के अनुसार मार्केट में आने वाले ग्राहकों और राहगीरों के लिए हमलोग कूड़ा, कागज और पान की टोकरियों से अलाव जला रहे हैं। उधर, पूछे जाने पर क्षेत्रीय लेखपाल कृष्णा मिश्र व सतीश चंद के मुताबिक सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी। दानगंज बाजार के रामा विश्वकर्मा, अरविंद बरनवाल, अमित, आशु ने कहा कि कड़ाके की ठंड के लिए पहले से ही अलाव का प्रबंध होना चाहिए।

### ठंड में पिकेट पुलिस भी सिकुड़ी जा रही

चौबेपुर प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय बाजार सहित कादीपुर, कैथी, राजवाड़ी, चंद्रावती, धौराहरा आदि गांवों में अलाव नदारद है। गरीब-असहाय लोग कागज




जलाकर ठंड दूर करने की असफल कोशिश कर रहे हैं। इलाके में पिकेट पुलिस के जवान भी कंपकंपाते दिखे। चौबेपुर के प्रिंस चौरसिया, गणेश मोदनवाल, प्रवीण सेठ, जानू, अफताब अहमद, अनिल चौरसिया, रूपेश सेठ, मनीष जायसवाल, आशुतोष त्रिपाठी, रोहित तिवारी, राजवंश गिरी आदि ने क्षेत्र में अलाव का अभाव बताया। इस बारे में पूछे जाने पर लेखपाल आनंद राय ने कहा कि जल्द से जल्द अलाव की व्यवस्था कर रहा हूं। बाबतपुर प्रतिनिधि के मुताबिक भीषण शीतलहरी के चलते ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसायी सुबह देर से अपनी दुकान खोल रहे हैं। बाजार और सब्जी मंडी में भीड़ नदारद है। स्थानीय बस स्टैंड और बाबतपुर चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है। लोग कूड़ा-कचरा जलाकर हाथ सेंक रहे हैं। पूछे जाने पर सगुनहा के लेखपाल दिलीप गौड़ ने बताया कि बाबतपुर चौराहा समेत दो अन्य स्थान पर अपने खर्च से अलाव की व्यवस्था की है। लेकिन हकीकत यह कि लेखपाल के इस दावे की पुष्टि मौके पर हुई ही नहीं। वहां लोग कूड़ा एकत्र कर अलाव जलाने की तैयारी में दिखे।

### जंसा क्षेत्र में जल रहे हैं अलाव



जंसा प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय चौराहा, अकेलवां चौराहा, गोराई बाजार, रामेश्वर और तथा बेसहूपुर हाथी बाजार में तहसील की ओर से अलाव का प्रबंध किया गया है। भाऊपुर में यह इंतजाम नहीं है। पूछे जाने पर लेखपाल गंगा प्रसाद श्रीवास्तव ने चिह्नित स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। दूसरी ओर, रमना के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित पटेल, नैपुराकला के ग्राम प्रधान कल्लू यादव एवं टिकरी के ग्राम प्रधान रमेश ने बताया कि अलाव के लिए डीपीआरओ-बीडीओ को पत्र लिखा जा चुका है लेकिन अबतक व्यवस्था नहीं हुई। रमना के सेकेट्री आरएस सिंह के अनुसार अलाव के लिए लकड़ी जिला पंचायत विभाग से वितरित कराया जाता है। महकमे ने इस बारे में मांग की गयी है।

### दूसरे दिन भी निकली दावे की हवा



हरहुआ प्रतिनिधि के मुताबिक रिंग रोड चौराहा, हरहुआ तिराहा, कोईराजपुर मोड़, रिंग रोड चौराहा, काजीसराय बाजार आदि स्थान पर अलाव का प्रबंध नहीं दिखा। तहसील पिंडरा की ओर से हर साल हरहुआ चौराहे एवं धनेश्वरी तिराहे पर अलाव की व्यवस्था दिखती थी लेकिन अबकी ऐसा कुछ नहीं है। बीते बुधवार को ही पूछने पर लेखपाल मिथिलेश अलाव जलाने का दावा किया था परंतु गुरुवार को वह दावा हवा-हवाई नजर आया। मौके पर अलाव के बजाय एक साइकिल खड़ी दिखी। स्थानीय बाजार के मेराज अहमद, विक्की खान आदि ने ऐसी उदासीनता पर नाराजगी जाहिर की।












# फिर आंदोलन की चेतावनी

**कर्मचारियों की नाराजगी**

### विभिन्न मांगों समेत सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयों के भुगतान में मनमानी का आरोप


जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने विभिन्न मांगों समेत सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयों के भुगतान में मनमानी का आरोप लगाया है। लंबे समय से लंबित मांगें पूरी न होने पर कर्मचारियों में खासी नाराजगी है। चेतावनी दी है कि यदि लंबित मांगों को अविलम्ब पूरा नहीं किया गया तो फिर आंदोलन किया जाएगा।

भिखारीपुर स्थित यूनियन भवन में गुरुवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शीर्ष प्रबंधन सिर्फ अभियंताओं के रिक्त पदों पर पदोन्नति कर रहा है, जबकि कर्मचारियों के वर्षों से रिक्त पदों पर पदोन्नति नहीं दी जा रही है। इस भेदभाव से कर्मचारियों में काफी नाराजगी है। वक्ताओं ने कहा कि पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों के समयबद्ध वेतनमान/एसीपी में एक संवर्ग को लाभ प्रदान कर दिया जा रहा है। वही लाभ प्राप्त करने वाले संवर्ग की तरफ से अन्य वर्गों के कर्मचारियों के मामले के निस्तारण में भेदभाव व हीलाहवाली की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि मृतक आश्रितों की नियुक्ति के नियमों में परिवार के सभी सदस्यों का साक्षात्कार लिए जाने की व्यवस्था न होने के बावजूद खंड, मंडल एवं जोन स्तर पर परिवार के बालिक, नाबालिक, विवाहित, अविवाहित सभी सदस्यों का स्थानीय स्तर पर साक्षात्कार लिए जाने की व्यवस्था कर नियुक्ति में अत्यधिक विलंब किया जा रहा है। इसमें वाराणसी जोन प्रमुख है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मृतक एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयों के भुगतान में भी भेदभाव एवं विलंब किया जा रहा है। पेंशन पत्रावली के निस्तारण में सभी स्तरों पर विशेषकर खंड एवं प्रबंध निदेशक कार्यालय से निस्तारण में विलंब होने से पेंशन स्वीकृत होने में वर्षों का समय लग जा रहा है। बैठक में आरके वाही, ओपी सिंह, जिउतलाल, अंकुर पांडेय, विजय सिंह, राघवेंद्र गोस्वामी, तपन चटर्जी, गुलाबचंद, केपी दुबे, पंकज राय, विकास कुशवाहा आदि ने विचार व्यक्त किये।

### निदेशक से मिले कर्मचारी

बैठक के पश्चात कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल निदेशक (का. एवं प्रशा.) से मिला और समस्याओं के बाबत वार्ता की। कहा कि 10 मंडल के परिचालन और अनुरक्षण का टेंडर हुआ है। जिसमें कुशल श्रमिक को न्यूनतम वेतन 12005 रुपये और अकुशल श्रमिक को 9743 रुपये वर्तमान में मिल रहा। किंतु इस बार इससे भी कम रेट पर कर दिया गया है। जबकि हमारी मांग है कि क्रमश: 15500 रुपये और 14000 रुपये दिए जाए। जिसे यूपीपीसीएल के अध्यक्ष ने निर्धारित किया है।

# एलएनटी के अफसर के खिलाफ रपट के निर्देश

**फर्जी रिपोर्टिंग**

## नथईपुर गांव में औचक मुआयने को पहुंचे डीएम को 'हर घर नल' योजना में मिली गड़बड़ी

जनसंदेश न्यूज


डीएम एस. राजलिंगम ने गुरुवार को बड़ागांव ब्लॉक के नथईपुर गांव का आकस्मिक निरीक्षण किया

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने एक योजना में फर्जी रिपोर्टिंग पाए जाने पर जल निगम के अभियंता को एलएनटी के अफसर अरमीद अहमद के खिलाफ एफआईआर कराने का निर्देश दिया है। एक मुआयने में लाभार्थी की ओर से वास्तविकता की जानकारी दिये जाने के बाद कार्यदायी संस्था के अधिकारी की पोल-पट्टी खुलने पर डीएम ने यह सख्त फैसला लिया। श्री राजलिंगम गुरुवार को बड़ागांव विकास खंड के नथईपुर गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत 'हर घर नल' स्कीम का औचक निरीक्षण कर रहे थे। उस दौरान उन्होंने देखा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हर घर नल योजना में वहां 382 नल कनेक्शन होना था लेकिन कार्य अपूर्ण पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही एक महिला नीलम यादव से पूछा कि आपके घर में पानी आ रहा है कि नहीं। इस पर महिला ने बताया की पानी नहीं आ रहा है और घर में नल की पाइप में टोटी भी नहीं लगी है। कार्य का ऐसा खुलासा देख डीएम से कार्यदायी संस्था के अधिकारी की जमकर क्लास ली। साथ ही जल निगम के अभियंता को एलएनटी के अफसर के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि जो भी सड़कें खोदी गई हैं उन्हें तत्काल दुरुस्त करा दिया जाय। श्री राजलिंगम ने ग्राम प्रधान को गांव में साफ-सफाई व स्वच्छ रखने को कहा।

## कब्रिस्तान में नया गेट खोलने का किया विरोध

**रामनगर।** रामनगर कोदोपुर स्थित कब्रिस्तान के उत्तरी तरफ एक नया गेट खोलने का कोदोपुर के नागरिकों ने विरोध किया है। नागरिकों ने गुरुवार को रामनगर थाने में इस बाबत प्रार्थनापत्र देकर गेट खोलने से रोकने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि कब्रिस्तान में आने जाने के लिए तीन तरफ से गेट है। उत्तरी तरफ की बाउंड्री गिर गई थी जिसकी मरम्मत के बाद नया गेट खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जगह छोड़ दी गई है। यह पूरी तरह गलत है क्योंकि यह कालोनीवासियों के आने जाने का मार्ग है। दर्जनों की संख्या में रामनगर थाने पहुंचे कोदोपुर के नागरिकों का कहना है कि इसके चलते तनाव की स्थिति बन गई है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। खबर दिए जाने तक दूसरे पक्ष के लोग थाने नहीं पहुंचे थे। प्रार्थना पत्र देने वालों में बब्बू उपाध्याय,राजकरण सिंह,अभय सिंह,परमात्मा पांडेय,चन्द्र प्रकाश तिवारी,अनिल सिंह,पवन सिंह, कल्लू यादव,पप्पू द्विवेदी,जितेंद्र राय, संजय राय,अरुण पटेल, आशीष पांडेय आदि शामिल थे।

# रामनगर पालिका बोर्ड का कार्यकाल समाप्त

**समय पूरा**

## निगम सीमा में शामिल होने बाद पहली बार पहुंचे अपर नगर आयुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

**रामनगर।** पांच साल का कार्यकाल गुरुवार को समाप्त होने के साथ ही गुरुवार को रामनगर पालिका बोर्ड अब इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। इसी के साथ पालिकाध्यक्ष समेत सभी 25 निर्वाचित और पांच मनोनीत सभासद निवर्तमान हो गए। दूसरी ओर पहली बार निगम के अपर नगर आयुक्त दुष्यंत मौर्या और जोनल अधिकारी गुरुवार को नगर पालिका पहुँचे और कार्यालय समेत रैन बसेरा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बता दें कि रामनगर को नगर निगम वाराणसी में शामिल किए जाने की घोषणा के पांच महीने बाद भी लिखा पढ़ी में कोई भी कार्यवाही नहीं हुई थी। निगम का कोई अधिकारी भी पालिका में झांकने नहीं पहुंचा था। इधर पालिका के अधिशासी अधिकारी का तबादला हो जाने के चलते पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था राम भरोसे हो गई थी। लेकिन गुरुवार की दोपहर अपर नगर आयुक्त ने यहां पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय की जानकारी ली। रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया और इसमें हीटर लगाने का निर्देश भी दिया। अरसे से बंद पड़ी नाम इंद्राज की कार्यवाही के बाबत भी सकारात्मक संकेत दिए। कहा कि जल्दी ही इन फाइलों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा भीषण ठंड में अलाव की व्यवस्था न होने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि व्यवस्था की जा रही है। दूसरी तरफ पालिका का मिनी सदन कार्यकाल खत्म होने के साथ ही गुरुवार को भंग हो गया। पांच जनवरी 2018 को इस मिनी सदन की शुरूआत हुई थी। गुरुवार को इसने पांच साल की अवधि पूरी कर ली। अब पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था शासन द्वारा नियुक्ति तीन सदस्यों की समिति करेगी।

# जरूरत वाले स्थानों पर नहीं जल रहे अलाव


शिवराम पासवान


विशाल गुप्ता


प्रशांत सिंह पिंकू

**पड़ताल**

## कड़कड़ाती ठंड में निगम की कवायद कैमरों तक सीमित

**वाराणसी।** लाखों रुपये खर्च कर शहर में लगभग दो सौ स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है लेकिन कई जगहों पर अलाव के लिए लकड़ी की कमी से अधजली लकड़िया निगम के अलाव की दुर्व्यवस्था का किस्सा बयां कर रही हैं। ज्यादातर स्थानों पर पूर्व में निर्धारित स्थानों के बजाय कैमरों की निगरानी में अलाव के लिए लकड़ियां दी जा रही हैं। जिससे जरुरत वाले स्थान पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठिठरती ठंड में मंडुवाडीह सब्जी मंडी के समीप अपने ही बोरसी में लकड़ी जलाकर ताप रहे शिवराम पासवान ने बताया कि साहब नगर निगम में मंडुवाडीह क्षेत्र तो आ गया लेकिन गरीबों के अलाव के लिए लकड़ी तक नहीं मिल रही, बल्कि हम लोगों को आग तापने के लिए लकड़ी खरीदनी पड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ मंडुवाडीह चौराहे के दुकानदार विशाल ने बताया की इस ठंड में निगम द्वारा अलाव के लिए लकड़ी पर्याप्त नहीं मिल पा रही। नगर निगम अलाव जलाने के भले ही दावे कर रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। शिवपुर में अलाव की स्थिति जानने के लिए जनता से पूछा तो सच्चाई सामने आई कि कहीं निर्धारित स्थानों पर अलाव जल ही नहीं रहे थे तो कहीं बांस-बल्ली, लकड़ी और कूड़ा जला कर लोग सर्दी और ठिठुरन से बचने का उपाय कर रहे थे। वहीं शिवपुर निवासी अशोक कुमार और पूर्व पार्षद राजनाथ यादव, गिलट बाजार निवासी विश्वनाथ सोनकर, पिसौर निवासी माता राजभर, छतरीपुर निवासी अक्षत और पंचकोशी रोड शिवपुर निवासी विनोद गौतम बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद इस बार निगम की तरफ से अलाव की लकड़ी नहीं गिराई गयी, कुछ जगहों पर क्षेत्रवासी अपने पैसे से लकड़ी मंगा कर अलाव जला रहे हैं ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। जबकि जगतगंज के पार्षद प्रशांत सिंह पिंकू ने बताया कि निगम ने बिना सोचे समझे अलाव के लिए जगह चिन्हित कर दिया। जो पहले से निर्धारित थे वहां अलाव की व्यवस्था किए जाने के बजाय अधिकारियों से बात करने पर बताया जा रहा है कि अलाव कैमरों की निगरानी में रखे जा रहे हैं। ऐसे में अलाव की जरुरत वाले क्षेत्रों में अलाव उपलब्ध न होने से लोगों में नाराजगी है।

## संपूर्णानंद कर्मचारी संघ चुनाव की अधिसूचना जारी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ निर्वाचन के निर्वाचनाधिकारी प्रो. दिनेश कुमार गर्ग ने गुरुवार को (कर्मचारी संघ निर्वचन-2022-23) चुनाव अधिसूचना जारी करते हुये बताया कि विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के चुनाव के लिए नामांकन छह से प्रारंभ होकर मतदान और मतगणना 10 जनवरी को परीक्षा भवन में होगी। बताया कि प्रत्याशियों का नामांकन 06 जनवरी को सुबह 11 बजे से दो बजे तक, इसी दिन शाम चार बजे वैध प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी, जबकि प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन वापसी 07 जनवरी को दोपहर दो बजे तक होगी, वहीं वैध अन्तिम प्रत्याशियों के सूची का प्रकाशन भी इसी दिन जारी होगा। मतदान 10 जनवरी को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक और निर्वाचन परिणाम की घोषणा इसी दिन शाम 3:30 से प्रारंभ होकर परिणाम घोषित की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी ने कर्मचारी संघ निर्वाचन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जिसके तहत निर्वाचन संबंधित प्रचार कार्य के दौरान परिसर में नारेबाजी करना, बैनर , पोस्टर आदि दिवालो पर चस्पा करना वर्जित है।

# पराड़कर एकादश की खिताबी तिकड़ी

**मीडिया क्रिकेट**

## प्रशांत मोहन की करिश्माई गेंदबाजी, फाइनल के रोमांचक मुकाबले में ईश्वरदेव मिश्र एकादश 13 रनों से परास्त


मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता पराड़कर एकादश की टीम

**वाराणसी।** 'प्लेयर ऑफ द मैच' मीडियम पेसर प्रशांत मोहन की करिश्माई गेंदबाजी (6-20) की मदद से गत चैंपियन पराड़कर एकादश ने गुरुवार को डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए नाटकीय उतार-चढ़ाव से भरपूर खिताबी मुकाबले में गत उपजेता ईश्वरदेव मिश्र एकादश को 13 रनों से शिकस्त दी और आनंद चंदोला खेल महोत्सव के तहत 35वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार सर्वजेता का गौरव अर्जित किया।

काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में सिक्के की उछाल जीतने वाली पराड़कर एकादश ने ओपनर नरेंद्र प्रताप सिंह के लगातार दूसरे अर्धशतक (71 रन), अनिल कुशवाहा (24 रन ) व संतोष (25 रन) की बदौलत 20 ओवरों में पांच विकेट पर 144 रन बनाए। जवाबी काररवाई में ईश्वरदेव मिश्र एकादश की टीम अमित मिश्र (49 रन) व ओपनर सोनू (47 रन) के प्रयासों से एक समय निश्चित जीत की तरफ बढ़ रही थी। लेकिन अचानक उभरे प्रशांत ने 10 गेंदों के भीतर हैट्रिक सहित छह शिकार किए और ईश्वरदेव एकादश 18.4 ओवरों में 131 रनों पर सभी विकेट गंवा बैठी।

चंद्रप्रकाश व नंदकिशोर यादव ने अंपायरिंग की और अनिल ने स्कोरर का दायित्व निभाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह थे।

## रोप स्किपिंग का ट्रायल सात को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के क्रीड़ा परिषद द्वारा अंतर्महाविद्यालयीय रोप स्कीपिंग (महिला/ पुरुष) ट्रायल प्रतियोगिता सात जनवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों सहित विश्वविद्यालय परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर के संस्थागत छात्र व छात्रा प्रतिभाग कर सकते हैं।

# संगीतमय भजनों से सभी रहे सराबोर

**वाराणसी।** भारत भारती परिषद के तत्वावधान में आसभैरो स्थित अग्रवाल भवन में चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह संगीतमय भक्ति रसधारा में गुरुवार को संगीतमय भजनों के बीच सभी श्रद्धालु जन सराबोर रहे। किरण अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। डा. जयशंकर जय ने श्रीमद् भागवत पर काव्य पाठ कर मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा मर्मज्ञ पं संजय कृष्ण भइयाजी ने कहा कि सत्य हो भगवान का स्वरूप है। कथा से सारे विकार दूर हो जाते हैं। भगवान का स्वरुप आनंद का स्वरूप है। कार्यक्रम में अशोक वल्लभ दास, दीपक अग्रवाल, डॉ. जय शंकर जय, किशन जायसवाल, विजय शंकर मालवीय, गणेश नारायण, मुदित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,दिनेश यादव, रामनारायण आदि मौजूद थे।

# ग्राम प्रधान को नोटिस, सचिव को एडवर्स इंट्री

**मौका-मुआयना**

## सीडीओ हिमांशु नागला ने सेवापुरी ब्लॉक के हाथी और भिटकुरी गांवों का किया निरीक्षण


सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को सेवापुरी ब्लॉक के दो गांवों का आकस्मिक निरीक्षण किया

**वाराणसी।** सेवापुरी विकास खंड के हाथी ग्राम पंचायत में कचरा प्रबंधन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम प्रधान को नोटिस एवं सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देंगे। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल में गुरुवार को औचक मुआयने के दौरान यह कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने ब्लॉक के भिटकुरी स्थित अंत्येष्ठी स्थल का जायजा लिया।उन्होंने भिटकुरी में गोबर से पेंट बनाने का प्लांट स्थापित करने के विए बीडीओ और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये। ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन पानी टंकी का ठंप दिखने पर सीडीओ ने नाराजगी जतायी। गांव की गौशाला में भूसा गोदाम का टूटा शटर दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। साथ ही परिसर में पशुओं के लिए तिरपाल का मुकम्मल इंतजाम कराने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्य मार्ग से गौशाला तक के कच्चे मार्ग पर खड़ंजा लगाने को कहा। इसी क्रम में हाथी गांव के निरीक्षण में आयुष्मान केंद्र का निर्माण कार्य मानक अनुरुप करने के निर्देश दिये। श्री नागपाल ने गांव के जिन घरों की नालियों ने जल निकासी हो रहा है, वहां चेंबर बनवाने के निर्देश दिये। सीएचसी का मुआयने के दौरान अधीक्षक डॉ. हंसराज ने आवश्यक जानकारी दी। मौके पर एनआरसी खाली दिखा। मुख्य विकास अधिकारी ने अस्पताल के दवा वितरण कक्ष में रेबीज की दवा उपलब्ध न होने पर रोष व्यक्त किया। साथ ही भवन में रैंप बनवाने के निर्देश दिये।

## ग्राम चापौल आज, गांव तय

वाराणसी। शासन की प्राथमिकता में शामिल प्रत्येक शुक्रवार को प्रस्तावित 'ग्राम चौपाल' के तहत छह जनवरी को होने वाले आयोजन के लिए गांव तय कर दिये गये हैं। जिसके तहत आराजी लाइन के भीमचंडी एवं असवारी, बड़ागांव ब्लॉक के कठिरांव एवं कैथौली, चिरईगांव विकास खंड के अमौली व गौराकला, चोलापुर के मगरहुआ व शहरी, हरहुआ ब्लॉक के बेलवरिया एवं तेवर, काशी विद्यापीठ के छितौनी व लखमीपुर, पिंडरा ब्लॉक के गंगापुर व नेवादाऔर सेवापुरी विकास खंड के छतेरी मानापुर और पूरे बरियार में ग्राम चौपाल के कार्यक्रम होंगे। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने इन चौपालों के दौरान डीसी श्रम रोजगार, डीडीओ और बीडीओ को मौजूद रहने के निर्देश दिये हैं।

## ठंड में मानव सेवा ही परम कर्तव्यः शंकरपुरी

**वाराणसी।** दशाश्वमेध घाट पर विकलांग और जरूरतमंदों के बीच रात्रि में मां अन्नपूर्णा के महंत शंकरपुरी महराज ने लगभग 500 कंबल गरीबों व असहायों के अलावा संस्कृत पढ़ने वाले बटुकों को वितरित किया। कहा कि सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को एक चादर भी ढंग की नहीं होती। ऐसे में ठण्ड में कई लोगों की जान चली जाती है। ठंड में मनुष्य के जीवन में मानव सेवा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। इस मौके पर मुख्य रूप से जनार्दन , प्रदीप श्रीवास्तव, धीरेंद्र सिंह, अभिषेक शर्मा व दिलीप तुलस्यान आदि शामिल रहे।इसी तरह भीषण ठंड को देखते हुए लक्सा क्षेत्र में ट्रॉली एवं रिक्शा चालकों को कंबल का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने सभी चालकों को कंबल प्रदान किया। 6 जनवरी को कामाख्या क्षेत्र में सेवा कार्य किया जाएगा। सेवा कार्य में गोपालजी, रवि प्रजापति, रतन, हरिद्वार पांडेय आदि शामिल थे।

# कर्मचारियों ने पालिकाध्यक्ष को दी विदाई

**फेयरवेल**

## गाजे बाजे और डीजे के साथ नगर में निकाला गया जुलूस



**रामनगर।** रामनगर पालिका का मिनी सदन भंग होने के बाद तीन बार से लगातार पालिका पर काबिज पालिकाध्यक्ष रेखा शर्मा को पालिका कर्मियों ने विदाई दी। गुरुवार की शाम पालिका में आयोजित विदाई समारोह में कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह, शाल, बुके, मोमेंटो आदि भेंट किये। इसके बाद उनके विदाई के साथ ही नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। घोड़े, ऊंट, डीजे आदि के साथ पालिका के लगभग सभी कर्मचारी जुलूस के रूप में निकले और शास्त्री प्रतिमा पर पहुंचे। यहां रेखा शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। यहां से सभी कर्मचारी उन्हें छोड़ने उनके गोलाघाट स्थित आवास तक गए। भावुक रेखा शर्मा ने कर्मचारियों का आभार जताया और कहा कि उन्होंने उनपर जो विश्वास जताया और सहयोग किया वह अविस्मरणीय रहेगा। रेखा शर्मा लगातार 15 साल से पालिकाध्यक्ष रही। 2005 और 2012 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर पालिकाध्यक्ष का चुनाव जीता। 2017 के चुनाव में उन्हें कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया। इसके बावजूद उन्होंने निर्दलीय ही चुनाव लड़कर विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों को धूल चटाया और तीसरी बार निर्दलीय चुनाव जीतकर करिश्मा कर दिया। सन 2000 में वह सभासद भी मिनी सदन में भागीदारी की थी। इस तरह बतौर जनप्रतिनिधि वे पालिका सदन में लगातार 20 साल से मौजूद रही।

## जैन मुनि सुज्ञेय सागर के निधन पर शोक

**वाराणसी।** झारखंड सरकार के जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को पर्यटक स्थल बनाये जाने के फैसले के विरोध में आमरण अनशन पर बैठे जैन मुनि सुज्ञेय सागर के निधन पर सनातन भारत संस्था ने शोक व्यक्त किया है। भारत माता मंदिर परिसर में सभी ने दो मिनट मौन रख कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में राजन तिवारी, अतुल सिंह, विजय जायसवाल, अमित तिवारी, राजन गुप्त, आशीष गुप्त, काशीनाथ आदि मौजूद थे।

## कोहरे से चार विमान हुए निरस्त

**बाबतपुर।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को भी तीन विमान निरस्त रहे। कोहरे का कहर लगातार वाराणसी में जारी है जिसके कारण विमानों के निरस्त और विलंबित होने का सिलसिला लगातार जारी है। बताते चलें कि ठंड के मौसम में कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है जिसके कारण विमानों के लैंडिंग और टेक ऑफ में समस्या होती है। जिसकी वजह से विमान निरस्त और विलंबित होते हैं।

### यह विमान रहे निरस्त

इंडिगो एयरलाइंस का विमान 6ई 2414 दिल्ली वाराणसी निरस्त
इंडिगो का विमान 6ई 968 बेंगलुरु से वाराणसी निरस्त
इंडिगो का विमान 6ई 783 हैदराबाद से वाराणसी निरस्त
इंडिगो का विमान 6ई 5208 मुंबई से वाराणसी निरस्त

### ये विमान रहे विलंबित

मुंबई से वाराणसी इंडिगो 6ई 6443 एक घंटा विलंब
दिल्ली से वाराणसी एयर इंडिया ए आई 406 एक घंटा

# यातायात नियमों का पालन करे जनता

**डीएम की अपील**


## जिपं अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारंभ



**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा माह का गुरुवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इसके लिए विशेष रूप से तैयार जागरूकता प्रचार वाहन को दोनों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुहिम के तहत आमलोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करेंगे। ट्रैफिक नियमों के बारे में लोगों को जागरूक करने संबंधी यह अभियान आगामी चार फरवरी तक चलेगा। माहव्यापी इस कार्यक्रम का आगाज करते हुए डीएम ने जनपदवासियों से सड़क यातायात नियमों के पालन करने की अएपील की। इस अवसर पर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही मार्ग दुर्घटनाओं से बचने एवं कमी लाने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा हुई। आयोजन में संभागीय परिवहन अधिकारियों में शिखर ओझा, यूबी सिंह, आरटीओ प्रवर्तन सर्वेश कुमार चतुर्वेदी, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार एवं बीएसए अरविंद पाठक आदि भी थे।

# संक्षेप

## गुमटी व्यवसायियों ने पीएम से लगाई गुहार



वाराणसी। रविंद्रपुरी स्थित जवाहर नगर एक्सटेंशन पर गुरुवार को प्रधानमंत्री जन संपर्क कार्यालय पहुंचकर लंका गुमटी व्यवसायिक कल्याण समिति के लोगों ने पीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या बताई। उन्होंने कहा कि निगम और ट्रैफिक विभाग द्वारा हम लोगों का शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है, पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत लोन लेकर अपना छोटा व्यवसाय करते हैं। इनके द्वारा अचानक आकर दुकान हटा दिया गया, इससे हम लोगों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है, हम लोग छोटे व्यवसाई हैं और इसी दुकान से अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इसी संबंध में गुरुवार को हमने प्रधानमंत्री के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है और न्याय के लिए गुहार लगाई है, जिस तरह से हम लोगों का दुकान लगता था पुनः लगाने दिया जाए।

## राजातालाब तहसील की ओर से कंबल वितरण



मिर्जामुराद। स्थानीय क्षेत्र के ठठरा, बिहड़ा, गुड़िया, छतेरी, डोमैला गांवों में गुरुवार को राजातालाब तहसील की ओर से गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गये। एसडीएम गिरीश चंद्र द्विवेदी के निर्देश लेखपालों ने यह अभियान चलाया। लेखपाल सुधीर त्रिपाठी, जयप्रकाश राय, अनुराग चौधरी, संदीप सिंह एवं प्रमुदित ने चिह्नित गांवों में जाकर विधवाओं, दिव्यांगजनों, वृद्धों आदि को कंबल उपलब्ध कराया। सुधीर ने यह जानकारी दी।

## मंडलायुक्त ने ट्रांसपोर्ट नगर का किया निरीक्षण



रोहनिया। मोहनसराय स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के लिए चिन्हित स्थानों का मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने डीएम यशराज लिंगम व वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल के साथ गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर (एसएलओ) राजपत्रित अधिकारी मीनाक्षी पांडेय एसडीएम राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी भी मौजूद रहे। अधिकारियों की आने की खबर सुनकर मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लगा रहा। गया। वहीं कुछ ग्रामीणों ने मुआवजा न पाने पर नाराजगी जताई।

## कौशलेन्द्र सिंह मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) बने

वाराणसी। सम्पूर्ण भारतीय रेल पर चल रही परियोजनाओं को गति प्रदान करने के लिए गति शक्ति परियोजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर नई गति शक्ति यूनिट का सृजन किया गया है। इसी क्रम में वाराणसी मंडल में नव सृजित पद मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) पर कौशलेन्द्र सिंह ने का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व आप सेंट्रल रेलवे मुंबई) के मुख्यालय में उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कर्षण) के पद पर कार्यरत थे। श्री सिंह मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) को विद्युतीकृत क्षेत्र में तीव्रगामी रेल संचालन, विद्युत वितरण प्रबंधन एवं विद्युत संसाधन प्रबन्धन का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

## बुनकर नेता रियाजुल हक अंसारी का इंतकाल



वाराणसी। जलालीपुरा निवासी वरिष्ठ समाजवादी नेता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, बुनकर नेता रियाजुल हक अंसारी का गुरुवार को इंतकाल हो गया। उनके जनाजे की नमाज नेशनल इंटर कॉलेज पीलीकोठी में अदा की जायेगी। मिट्टी 6 जनवरी को अपराह्न दो बजे चमन की तकिया में पड़ेगी। उनके निधन से शहर के राजनीतिक व सामाजिक इलाकों में शोक की लहर है। समाजवादी विचारधारा के लोगों ने उनकेनिधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।


## वॉलीबॉल में रामेश्वर व परसीपुर ने मारी बाजी

वाराणसी। जीवन में शारीरिक सौष्ठव का अत्यधिक महत्व है। यह खेलकूद के माध्यम से हमें न सिर्फ मिलता है बल्कि हमें सेहतमंद भी बनाया है। खेल जीवन का अभिन्न अंग है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से संबद्ध नेहरू युवा केंद्र संगठन की जनपद इकाई के जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता ने यह बात कही। श्री गुप्ता सेवापुरी ब्लॉक में सांसद आदर्श ग्राम के तौर पर चयनित पुरे गांव में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुस्कृत किया गया। जिसके तहत वॉलीबॉल में रामेश्वर प्रथम और परसीपुर द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग के खो-खो में हिरमपुर ने बाजी मारी। साइकिल रेस में अंशु विश्वकर्मा और अंतिमा मौर्य पहला स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में जय विश्वकर्मा अव्वल रहे। कंपटीशन में विकास खंड के बरेमा, रामेश्वर, नैपुरा, पचवार, हिरमपुर गोसाईंपुर एवं भिटकुरी के खिलाडियों की भागीदारी थी। कार्यक्रम में जय प्रकाश मौर्य, संदीप मौर्य, शिव प्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार पटेल आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# जीनोम एडिटिंग के लिए क्रिस्पर-कैस9 सरल तकनीक

**लाभकारी**

## बीएचयू वैज्ञानिक की खोज के इस्तेमाल की खातिर अंतरराष्ट्रीय दवा कंपनी ने लिया लाइसेंस



**वाराणसी।** बीएचयू में कार्यरत वनस्पति विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार की खोज के इस्तेमाल के लिए अंतरराष्ट्रीय दवा कंपनी न्यूबेस थिरेप्युटिक्स ने लाइसेंस लिया है। डॉ. अखिलेश ने क्रिस्पर-कैस9 आधारित डीएनए रूपांतरण/जीनोम एडिटिंग में बेहतर गाइड-आरएनए की पहचान के लिए आसान तथा प्रभावी तरीका विकसित किया है। जीनोम एडिटिंग की आवश्यकता दवा निर्माण, कृषि अनुसंधान तथा वैज्ञानिक शोध के कई क्षेत्रों में पड़ती है। जीनोम एडिटिंग के लिए कई तकनीकें उपलब्ध है, जिनमें से क्रिस्पर-कैस9 सबसे नई तकनीक है, जो न केवल सबसे ज्यादा प्रभावी और आसान है, बल्कि किफायती भी है। क्रिस्पर-कैस9 के दो भाग होते हैं। कैस9 एंजाइम-जो डीएनए को काटता है तथा गाइड आरएनए-जो टारगेट डीएनए को ढूंढकर उससे आबद्ध होता है। तत्पश्चात वांछित डीएनए को काटने में कैस9 एंजाइम का मार्गदर्शन करता है। डीएनए के कट जाने के बाद वैज्ञानिक, कोशिका के डीएनए मरम्मत तंत्र का प्रयोग कर डीएनए को आवश्यकतानुसार रुपांतरित अथवा उसमें सुधार कर सकते हैं। किसी जीन को एडिट करने के लिए कई गाइड-आरएनए का प्रयोग किया जा सकता है, हलाकि कौन सा गाइड-आरएनए सबसे बेहतर काम करेगा, इसका अनुमान लगाना कठिन होता है। अमेरिका के मयामी विश्वविद्यालय में डॉ. फैंगलिआंग झांग की लैब में पोस्टडॉक्टोरल रिसर्च के दौरान डॉ. कुमार ने यह खोज की थी। इस तरीके को विकसित करने के लिए उन्होंने एक निष्क्रिय फ्लोरेसेंट प्रोटीन लिया, जिसे कैस9 एंजाइम और गाइड-आरएनए की मदद से एडिट करके पुनः सक्रिय किया जा सकता हो। उन्होंने अपने शोध में पाया कि सबसे बेहतर काम करने वाले गाइड-आरएनए प्रोटीन की सक्रियता को सबसे ज्यादा पुनर्स्थापित कर रहे थे।

# 31 लाख के करीब पहुंचे बनारस के वोटर

**पुनरीक्षण संपन्न**

## जिलों की विधानसभाओं की वोटरों सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**वाराणसी।** जनपद के विधासभाओं की मतदाता की के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद गुरुवार को वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। जिसके तहत मुहिम के दौरान 39 हजार 99 लोगों के नाम लिस्ट के हटाए गये। साथ ही 49 हजार 201 नये मतदाता बने। जिले में अब वोटरों की कुल संख्या 30 लाख 76 हजार 834 हो गयी है। उनमें 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के 27 हजार 861 एवं दिव्यांग वोटर 31 हजार 969 शामिल हैं। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर मतदाताओं की कुल संख्या 30 लाख 66 हजार 732 थी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद विधानसभावार वोटरों की संख्या तय हो चुकी है। जिसके अंतर्गत पिंडरा विस इलाके में तीन लाख 70 हजार 254 वोटर, अजगरा (सुरक्षित) में तीन लाख 62 हजार 522 मतदाता, शिवपुर में मतदाताओं की संख्या तीन लाख 74 हजार 560, रोहनिया में चार लाख आठ हजार 186, शहर उत्तरी में चार लाख 29 हजार 704, शहर दक्षिणी में तीन लाख 22 हजार 652, कैंट में चार लाख 63 हजार 303 और सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में कुल तीन लाख 45 हजार 653 मतदाता हैं।

# आग से सात बाइक व अन्य सामान राख

**नुकसान**

### लोगों ने अथक प्रयास कर आग पर पाया काबू

**जनसंदेश न्यूज**


आग से जलकर राख हुई बाइकें

**रेवती।** स्थानीय नगर में वार्ड नंबर दो के रेवती-बैरिया मुख्य मार्ग पर स्थित आटो पार्ट्स एवं सर्विस सेंटर के वर्कशाप में बुधवार की रात अज्ञात कारण से लगी आग में मरम्मत कर रखी गयी सात मोटर साइकिलें जल कर नष्ट हो गयीं। मकान मालिक के भूसा में रखा अनाज तथा दैनिक उपयोग के कई सामान भी आग की चपेट में आकर जल गए।

जानकारी के अनुसार रेवती-बैरिया मुख्य मार्ग पर वार्ड नंबर दो में बच्चा लाल चौहान की दो दुकानों में उसी वार्ड के निवासी संतोष पाल की संतोष आटो पार्ट्स एण्ड सर्विस सेंटर के नाम से बाइकों के रिपेयरिंग की दुकान तथा दुकानों के पीछे वर्कशाप किराए पर चलता है। उसके पीछे मकान मालिक का परिवार रहता है। बुधवार की रात प्रतिदिन की भांति दुकानदार संतोष अपना काम निपटाने के बाद घर चले गये। उधर, मकान मालिक का परिवार सो गया था। रात लगभग साढ़े नौ बजे आटो पार्ट्स के दुकानों के पीछे स्थित वर्कशाप से अचानक आग की लपटें निकलने लगीं। आग की लपटों से बाइकों के टायरों के फटने की आवाज से जहां मकान मालिक का परिवार जग गया, वहीं आस-पास के लोग भी मौके पर जुट गए। लोगों द्वारा अगल-बगल के मकानों से टुल्लू चलवा कर लगभग दो घंटों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

इस बीच मकान मालिक का पूरा परिवार घर के बाहर निकल आया था, जबकि पांच वर्षीय सोया हुआ आयुष पुत्र ऋषि चौहान तथा सात बकरियां घर में ही छूट गई थीं। किसी तरह इन्हें निकाल कर बाहर लाया गया। इस बीच मरम्मत के बाद रखी गई सात बाइक, दो झोपड़ियों सहित एक स्टैंड फैन, पांच कुर्सियां तथा भूसा के साथ तीन कुंतल गेहूं, कपड़े, बिछौने आदि जल कर नष्ट हो गये।

## पुआल के ढेर में मिला क्षत-विक्षत शव

**बलिया।** पकड़ी थाना क्षेत्र के उक्छी गांव में गुरुवार की सुबह पुआल के ढेर में क्षत-विक्षत युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। कंकाल में तब्दील हो चुके शव को आवारा कुत्ते नोच रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उक्छी के पूरब गोरही के पास स्थित बागीचे में पुआल रखा गया था। गुरुवार की सुबह गांव की महिला सूखी लकड़ी के लिए बागीचे में गई थी। जैसे ही महिलाएं पुआल के पास पहुंची तो वहां पर क्षत-विक्षत शव देखकर शोर मचाने लगी। शव को कुत्ते नोचकर खा रहे थे। सूचना मिलते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को वहां से भगाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पकड़ी पुलिस ने पुआल से शव को किसी तरह बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पकड़ी शत्रुघ्न कुमार ने बताया कि पुआल के ढेर से बरामद किए गए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल इसकी पहचान नही हो पाई है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# रोस्टर के अनुसार नहीं हो रही विद्युत आपूर्ति

**परेशानी**

### आयेदिन कहीं न कहीं टूटकर गिर रहा जर्जर तार

**बैरिया।** कड़ाके की ठंड ने लोगों को परेशान कर रखा है। ठंड से आम जन जीवन प्रभावित है। वहीं, बिजली आपूर्ति चरमरा जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। नगरीय इलाके में भी रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। हालांकि विभागीय कर्मचारी और अधिकारी रोस्टर के अनुसार नगरीय क्षेत्र में बीस घंटे बिजली और ग्रामीण क्षेत्र में अठारह घंटे बिजली आपूर्ति का दावा कर रहे हैं, किंतु यथार्थ के धरातल पर ग्रामीण क्षेत्र में बारह से चौदह घंटे एवं नगरीय क्षेत्र में सोलह घंटे के आस-पास बिजली मिल रही है। हालांकि शासन स्तर से कटौती का कोई प्रस्ताव बिजली विभाग को नहीं दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि विद्युत उपकेंद्र जयप्रकाश नगर, लोक धाम ठेकहा, बैरिया देहात एवं बैरिया नगर से लगभग 150 गांवों और दर्जनों कस्बों, बाजारों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। आलम यह है कि कड़ाके की ठंड के कारण बिजली के तार का महुआ की तरह टूट कर गिर रहे हैं। चाहे तैंतीस हजार वोल्ट का तार हो या ग्यारह हजार अथवा एलटी का 440 वोल्ट का तार, सभी जर्जर हो चुके हैं। आए दिन कहीं ना कहीं टूट कर गिर जा रहे हैं। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो जा रही है।

हालांकि देर शाम तक तार टूटने पर संविदा लाइनमैन अवर अभियंता के निर्देश पर रात के अंधेरे में भी तार जोड़ कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास करते रहे हैं, किंतु देर रात जब तार टूट कर गिर रहा है तो पूरी रात बिजली बाधित हो जा रही है। क्योंकि रात के अंधेरे व घुप कोहरा में यह पता नहीं चल पा रहा है कि कहां तार टूटा है। ऐसे में मौसम की मार में बिजली संकट बढ़ा दिया है। इससे उपभोक्ता परेशान नजर आ रहे हैं।

> ऊपर से बिजली की कोई कटौती नहीं की जा रही है। शासन की मंशा के अनुसार गांव को 18 घंटे तथा नगरीय क्षेत्र में बीस घंटे बिजली देने का प्रयास लगातार जारी है।
>
> विनोद भारद्वाज, अवर अभियंता

# भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसान

**नाराजगी**

### जमीन रजिस्ट्री करने वाले किसानों के खाते में भी नहीं आया पैसा

### सरकार पर लगाया औने-पौने दाम पर जबरन जमीन लेने का आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण के प्रकरण में किसान अधिग्रहित भूमि की दर को लेकर आंदोलित हैं। प्रत्येक सप्ताह ज्ञापन देने के साथ ही धरना चल रहा है। किसानों का आरोप है कि उनसे औने-पौने मूल्य पर सरकार उनकी जमीन जबरन लेने पर तुली हुई है। वहीं, जिन किसानों ने अपनी जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को रजिस्ट्री कर दिया है, उनका भी पैसा लगभग एक महीना पूरा होने के बावजूद उनके खाते में नहीं आया है। इसके चलते किसान प्रतिदिन बैरिया तहसील का चक्कर लगा रहे हैं।

बता दे कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए बैरिया तहसील क्षेत्र के कुल 16 राजस्व ग्रामों से 125 हेक्टेयर जमीन यूपीडा को किसानों से लेनी है। 15 दिसंबर से उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र व अन्य अधिकारी लेखपालों के साथ किसानों से जमीन रजिस्ट्री करा रहे हैं। अब तक 152 किसानों ने महज 6 हेक्टेयर जमीन रजिस्ट्री किया है। उसका भी पैसा किसानों के खाते में नहीं आया है, जबकि रजिस्ट्री के एक से दो दिनों के भीतर किसानों के खाते में पैसा भेज देने का प्रावधान है।

रजिस्ट्री करने वाले चांददियर के जयकुमार, नौका गांव के ताड़केश्वर, मीरा देवी, छेड़ी के अवधेश कुमार, इब्राहिमाबाद ऊपरवार के संतोष कुमार, चांददियर के अक्षय कुमार सिंह, दयाछपरा के रेशमी देवी, नौका गांव के अजीत पाठक, सोनबरसा के जुगल मिश्र सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि हम लोग अपनी जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए रजिस्ट्री कर चुके हैं। बावजूद इसके पैसा अभी तक खाते में नहीं आया है।

> जिन लोगों ने अपनी जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए रजिस्ट्री कर दिया है, उनकी सूची बनाई जा रही है। जल्द ही उनके भुगतान के लिए सूची संबंधित विभाग को भेज दी जाएगी। इससे भुगतान शीघ्र हो जायेगा।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

# आपसी सहमति बनाकर खींचें विकास का खाका

**बोलीं केतकी सिंह**

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में नौ करोड़ 18 लाख की कार्ययोजना मंजूर


क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करतीं विधायक केतकी सिंह

**बांसडीह।** स्थानीय क्षेत्र पंचायत के डवाकरा हाल में ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक हुई। इसमें विकास के चार दर्जन से अधिक कार्यो के लिए नौ करोड़ अठारह लाख की कार्य योजना को मंजूरी दी गयी। बैठक में नयी योजनाओं पर विचार किया गया। राज्य वित्त, पंचम वित्त, पद्रंहवा वित्त व मनरेगा कार्यो के प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर किया गया।

विधायक केतकी सिंह ने कहा कि गांवों के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वय से कार्य कर रहीं हैं। बांसडीह ब्लाक के विकास के लिए प्रदेश सरकार की ओर से धन की कोई कमी नहीं होगीं। कहा कि गांवों में पंचायत प्रतिनिधि आम लोगों के साथ आपसी सहमति बनाकर जल निकासी, जल संचयन, स्वच्छता, गलियों व सड़कों का निर्माण कराये, जिससे आम लोगों को सुविधा मिल सकें। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि वह हमेशा विकास कार्यो में मदद को तैयार रहेंगी। ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि गांवों में विकास के कार्यो में सरकार की योजना के अनुसार कार्य करना है। मनरेगा के तहत गांवों में दो पुरवे व गांवों के नाली व सड़कों को आपस में जोड़ने, वृक्षारोपण, तालाब, मिटटी कार्य व अन्य विकास कार्यो के लिए गांवों का चयन आपसी सहमति से किया जायेगा। ब्लाक प्रमुख ने ब्लाक के कर्मचारियो को निर्देशित किया कि वे बीडीसी, ग्रामप्रधान तथा आम लोगों से तालमेल बनाकर अपने कर्तव्यों व जिम्मेदारियो का निष्ठापूर्वक निर्वहन करे। बीडीओ दिनेश कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व स्वच्छता मिशन में शौचालय के चयनित लाभार्थियों का निर्माण कार्य तत्काल पूरा करायें। उन्होने आवास के साथ ही शौचालय, मनरेगा, समूह संगठन, निःशुल्क बोरिंग, पशु जीवन बीमा आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बीडीओ ने बताया कि महिला जॉब कार्डधारक का समूह बनाकर उसे ग्रामीण राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के तहत अनुदान दिया जा सकता है। इसके अलावा फ्री बोरिंग, विधवा, बृद्वा, विकंलाग पेंशन, सौर उर्जा, उज्जवला योजना, कुपोषण, राशन कार्ड, इण्डिया मार्का हैंडपम्प आदि के बारे में विचार किया गया। मौके पर अवधेश, सोनू सिंह, अखिलेश सिंह, प्रेम सिंह, नीतिश, रंजन, फागू यादव, दिलीप, विनय, दयाशंकर, राजेन्द्र, चंदन, सर्वेश, दीपक, अनिल आदि मौजूद रहे।

## आज से सनबीम स्कूल में शुरू होगा ऑनलाइन क्लासेज

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा का शीतकालीन अवकाश पांच जनवरी को खत्म हो रहा है, परंतु अत्यधिक ठंड पड़ने कारण प्रशासनिक आदेश से विद्यालय आगामी आदेश तक बंद चल रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक व मीडिया प्रभारी नवचंद्र तिवारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा व अन्य कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा समीप है। अतः बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसके मद्देनजर विद्यालय प्रशासन ने छह जनवरी से आनलाइन क्लासेज चलाने का निर्णय लिया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने कहा कि यह विद्यालय शुरू से ही तकनीक का समुचित प्रयोग करता आया है। विद्यालय का हर संभव प्रयास रहता है कि बच्चे अधिक से अधिक नई तकनीक से लैस हों। दो वर्ष पूर्व भी कोविड-19 के चलते इस विद्यालय ने सबसे पहले आनलाइन क्लासेज शुरू की थी।

# मारपीट में तीन घायल किशोरी गंभीर

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टोला फकरु राय गांव में बुरी नीयत से घर में घुसे युवक के घर उलाहना देने गये लोगों को परिजनों संग युवक ने जमकर पिटाइ कर दी। मारपीट की इस घटना में तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये, जिसमें एक किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

क्षेत्र के टोला फकरू राय गांव निवासी रमेश राजभर के घर में बुधवार की देर रात उसी गांव के पंकज पासवान घुस गया। इसका विरोध करते हुए घरवालों ने उसे दौड़ाया तो वह घर से भाग खड़ा हुआ। गुरुवार की सुबह युवक के घर उलाहना देने के लिए रमेश राजभर अपनी पुत्री व अन्य परिजनों के साथ पंकज पासवान के दरवाजे पर पहुंचा तो पंकज उलाहना देने के कारण काफी नाराज होकर भड़क गया और अपने परिवार के लोगों के साथ उक्त लोगों पर हमला बोल दिया। इसमें रेनू राजभर (14), रमेश राजभर व उसका भाई बुरी तरह घायल हो गया। घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और पीड़ित से तहरीर लेकर पंकज पासवान सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। घायल किशोरी की हालत में कुछ सुधार होने पर चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। यहां उसकी हालत गंभीर हो गई। चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**हादसा**

### पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों पर केस

> ग्रामीण पंकज पासवान पर कई आरोप लग रहे हैं। इसकी जांच की जा रही है। संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> धर्मवीर सिंह, एसएचओ बैरिया

## श्रद्धांजलि सभा एवं वस्त्र वितरण 14 को



**बलिया।** जनपद के विकास का संकल्प लेकर अपनी कर्मठता एवं दूरदर्शिता को आधार बनाकर सेवाभाव की राजनीति की बुलंदियों को छूने वाले विक्रमादित्य पांडेय की 16वीं पुण्यतिथि अबकी बार समाजसेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इसके गवाह होंगे अति निर्धन एवं ऐसे लोग, जिन्हें पात्र बनाकर समाजसेवा की डगर तय की जा सकती है। यह बातें सपा के वरिष्ठ नेता एवं शहीद मंगल पांडेय स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने राजपूत नेवरी स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में व्यक्त किया। कहा कि 14 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे कदम चौराहा पर पूर्व मंत्री विक्रमादित्य पांडेय की श्रद्धांजलि सभा एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम होगी। मौके पर सत्येन्द्र, राधेलाल, श्रीभगवान, श्रीकांत, रंजत, विपिन, रवि, सूर्यनारायण, सौरभ, प्रशांत, ओमप्रकाश, अर्जुन, जयकमल, विश्वनाथ, मुन्नीलाल, संतोष आदि मौजूद रहे।

## सप्लाई इंस्पेक्टर ने किया जनसेवा केंद्र का उद्घाटन



**मझौवां।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत केहरपुर के ग्राम गंगौली में कोटेदार सुरेंद्र सिंह के यहां गुरुवार को जन सेवा केंद्र का उद्घाटन सप्लाई इंस्पेक्टर बैरिया संजीव कुमार ने फीता काटकर किया। कहा कि सरकार की मंशा के अनुरुप कोटेदारों की आय बढ़ाने हेतु ग्राम पंचायत केहरपुर के गंगौली के कोटेदार सुरेंद्र सिंह के यहां जनसेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया है, ताकि लोगों को आय, निवास, राशन कार्ड संशोधन करना आदि की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती पुष्पा सिंह, पूर्व प्रधान विजेन्द्र सिंह, शमसेर सिंह, परमात्मा सिह, अंटू सिह, धर्मा, पप्पू सिंह, अवधेश बिंद, जगदीश प्रजापति, मनु सिंह, जय प्रकाश ओझा, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे। कोटेदार सुरेंद्र सिंह एवं सोनु सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

# रजिस्ट्री विभाग के पुराने दस्तावेज होंगे ऑनलाइन

**प्रक्रिया तेज**

### कम्प्यूटर, स्कैनर, ऑपरेटर की डिमांड सुरक्षित होंगे दस्तावेज

**जनसंदेश न्यूज**



**बलिया।** जिले के रजिस्ट्री विभाग के पुराने दस्तावेज आनलाइन किए जाएंगे। रजिस्ट्री कार्यालय पर कंप्यूटर आपरेटर व कर्मचारियों की तैनाती होगी। निदेशालय की ओर से कंप्यूटर व स्कैनर लगाया जाएगा। इसके बाद दस्तावेज को सूचीबद्ध व स्कैन किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द सभी दस्तावेज आनलाइन किया जा सके। इसको लेकर जिले में प्रकिया शुरू कर दी गई है। रजिस्ट्री के सभी दस्तावेज कार्यालयों में रखे गए हैं। यह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े हुए हैं। इन दस्तावेजों के नष्ट होने की संभावना बनी रहती है। शासन ने रजिस्ट्री कार्यालय के सभी दस्तावेजों को आनलाइन करने का निर्णय लिया है। इंडेक्सिंग, अपलोडिंग व स्कैनिंग कर दस्तावेजों को सुरक्षित किया जाएगा। कोई भी रजिस्ट्रीकर्ता घर बैठे ही अपने रजिस्ट्री के बारे में जानकारी हासिल कर लेगा। उसे रजिस्ट्री कार्यालय नहीं दौड़ना पड़ेगा। वह कहीं से भी आनलाइन स्थितियों को देख सकेगा कि उसके बैनामे में क्या चल रहा है।

### कम्प्यूटर, स्कैनर की डिमांड

**बलिया।** इस संबंध में रजिस्टार विनय कुमार सिंह ने बताया कि 15 फरवरी से काम शुरू होने की संभावना है। कार्य शुरू करने के लिये लखनऊ हेड आफिस से कम्प्यूटर, स्कैनर, प्रिंटर के साथ आपरेटर की डिमांड की गयी है। इसकी उपलब्धता होते ही काम तेज कर दिया जाएगा। इस प्रक्रिया से जनता को आसानी से सारे दस्तावेज उपलब्ध हो सकेगा। यह दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे।

### बड़ा होना चाहिए रजिस्ट्री कार्यालय

**बलिया।** आबादी के हिसाब से रजिस्ट्री कार्यालय का काफी छोटा नजर आ रहा है। ऐसी स्थिति में रजिस्ट्री कराने से संबंधित लोगों को बाहर खड़ा होना पड़ता है। यहां न ठीक से बैठने की व्यवस्था और न ही खड़ा होने की। रजिस्ट्रार का कोर्ट भी छोटा है। ऐसे में आवश्यकता है कि इस कार्यालय का आकार और बड़ा होना चाहिए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वैसे यह कार्यालय काफी पुराना है। इस लिये पर इस पर किसी बड़े अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही है।

# तीन ब्लॉकों में बनेगा किसान कल्याण केंद्र

**बलिया।** वर्ष 2019-20 में प्रदेश सरकार ने किसानों की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए आधारभूत ढांचे के निर्माण पर जोर दिया। इसके तहत किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत और उन्हें नई तकनीकों से पूरी तरह से अपडेट करने को लेकर कवायद शुरू की। इसके लिए किसानों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ब्लाक में किसान कल्याण केंद्र निर्माण कराने का निर्देश दिया। इसके तहत शासन ने जिले को अलग-अलग वर्षों में कुल नौ किसान कल्याण केंद्र आवंटित किया।

वर्ष 2023-24 में जिले के और तीन ब्लाकों में किसान कल्याण केंद्र निर्माण की कवायद कृषि विभाग ने शुरू कर दी है। विभाग ने मुरली छपरा, बेलहरी व बैरिया ब्लाक क्षेत्र में जमीनों की तलाश शुरू कर दी है। जमीन उपलब्ध होते ही शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इन केंद्रों के निर्माण पर कुल 240.42 लाख की धनराशि खर्च होगी। कृषि विभाग मुरली छपरा, बेलहरी व बैरिया ब्लाक में जमीन की तलाश कर रहा है। किसान कल्याण केंद्र का निर्माण कुल 25 मी.लंबाई व 25 मी.चौड़ाई में किया जाएगा। यह दो मंजिला भवन होगा। इसमें कार्यालय, कृषि रक्षा गोदाम, बीज गोदाम, चौकीदार रूम, शौचालय, मीटिंग हाल, पेयजल आदि की सुविधाएं होंगी। किसानों को एक स्थान पर सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही किसानों की समस्या का समाधान भी एक ही स्थान पर किया जाएगा।

### शासन को भेजा जायेगा प्रस्ताव

**बलिया।** इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तीन ब्लाकों में किसान कल्याण केंद्र बनाने के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। जल्द ही शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण शुरू होगा।

## संक्षेप

### एसपी ने किया यातायात माह का शुभारंभ



**बलिया।** विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का गुरुवार को पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता माह प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सड़क सुरक्षा जागरूकता माह की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करना है। कहा कि इस अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात सुरक्षा संबन्धी अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही सभी नागरिकों से यातायात सम्बन्धी नियमों का पालन करने की अपील की गयी, जिससे होने वाले दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सुभाष यादव, प्रभारी यातायात राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### बैठक संपन्न

**रसड़ा।** कस्बा के श्रीनाथ बाबा रामलीला मैदान के लंके पर अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग मान्यता प्राप्त प्राइमरी शिक्षक जन महासंघ उत्तर प्रदेश की बैठक हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह यादव ने कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा यह घोषणा किया गया है कि संपूर्ण देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अथवा नई शिक्षा नीति 26 जनवरी 2023 से लागू कर दी जाएगी। सरकार के फैसले से सभी प्रसन्न है। इस मौके पर राजेश वर्मा उर्फ मुन्ना, तारकेश्वर पांडे, भानुप्रताप पांडे, रिंकी, उमाशंकर, प्रियंका यादव आदि मौजूद रहे।

### विवेक खंडीय अध्यक्ष एवं मंत्री बने ओमप्रकाश

**रसड़ा।** क्षेत्र के सुलुई विद्युत सब स्टेशन पर विद्युत मजदूर पंचायत उप्र खंड प्रथम बलिया इकाई का गठन किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह एवं जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण पांडे की देखरेख में सर्वसम्मति से खंडीय अध्यक्ष विवेक देव शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल सिंह उर्फ सोनू सिंह, उपाध्यक्ष विनोद एवं दिनेश सिंह, मंत्री ओमप्रकाश, उप मंत्री राम अवध यादव, कोषाध्यक्ष रणजीत चौहान एवं मीडिया प्रभारी राजेश सिंह को बनाया गया। पूर्वांचल संगठन मंत्री रामबाबू राय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया।

### 11 को होगा सांसद का नागरिक अभिनंदन

**बैरिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बीते संसद सत्र में गोड़ समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने तथा उन्हे समाज की मुख्यधारा में जोड़ने की मांग उठाये जाने पर खुशी से अभिभूत गोड़ समाज ने सांसद का नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ताड़केश्वर गोड़ ने बताया कि बैरिया तहसील के प्रांगण में आगामी 11 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे सांसद का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। गुरुवार को गोड़ समाज की बैठक बैरिया स्थित सन्त सुरजन बाबा के पोखरे पर हुई। इसमें गोड़ समाज ने सर्वसम्मति से उक्त निर्णय लिया है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष ददन गोड़, महामंत्री रविंद्र गोड़, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गोड़ आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेत्री ने बांटा कंबल, जलाया अलाव



**बलिया।** पिछले एक हफ्ते से कड़कड़ाती ठंड से राहत दिलाने के लिये भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सोनी तिवारी, सेवा भारती महिला जिला प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष हिंदू इकोसिस्टम महिला विंग ने जरूरतमंदों में कम्बल वितरण और अलाव की व्यवस्था करवाई। इस दौरान कचहरी, रोडवेज, मिड्ढी, काजीपुरा, महिला अस्पताल, जिला अस्पताल, चौक, गुदरी बाजार में अलाव जलाया गया। इस अवसर पर सुनील सिंह, अभिमन्यु गुप्ता, हरिनारायण गुप्ता, राजकुमार राव, अनीश मिश्रा डमडम, मधु जायसवाल, प्रीति पाण्डेय, आरती सिंह, संगीता मिश्रा, सुनील खरवार, अतुल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल



**गड़वार।** पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रशासन की तरफ से असहायों में कंबल वितरण व अलाव की व्यवस्था कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार के आवास पर उनकी धर्म पत्नी श्यामा श्रीवास्तव की द्वितीय पुण्यतिथि सादगी पूर्वक मनाई गई, जिसमे लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर गड़वार, नवादा, बड़सरी, हथौड़ी, भोजरामपुर, बंगला आदि गांवों में असहायों को उनके आवास पर जाकर कंबल प्रदान किया गया। इसी क्रम में गड़वार के मुख्य स्थानों पर अलाव भी जलवाया गया। इस अवसर पर पीयूष कुमार, विजय गुप्ता, लल्लन, प्रखर कुमार, संतोष सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, श्रीकृष्ण लाल आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर याद किये गये सेनानी रामनाथ पाठक




**लालगंज।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक रामनाथ पाठक की 119वीं जयंती गुरुवार को रामनाथ पाठक इंटर कालेज मुरारपट्टी के प्रांगण में मनायी गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामविचार पांडेय ने कहा कि सेनानी रामनाथ पाठक वर्ष 1957 से 1962 तक विधायक रहे। वह विकास पुरूष थे। श्री पांडेय ने उनके कार्यकाल में किये कार्यो को गिनाते हुए स्कूल स्थापना से लेकर सिकंदरपुर से लालगंज तक रोड बनाने समेत कार्यो को गिनाया। कहा कि स्व. पाठक मृदुल स्वभाव के थे और कठिन परिश्रमी थे। वह आजादी की लड़ाई में अधिकतर युवाओं के प्रेरणाश्रोत रहे है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण पाठक, हरदेव पाठक, प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन विद्या शुक्ला ने किया।

### दवा व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेन्टेटिव्स एसोशिएन सबद्ध एफएमआरएआई व सीआईटीयू ने गुरूवार को जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि संगठन के सीआईटीयू राज्य सचिव और यूपीएमएसआरए के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजीत कुमार सिंह को पुलिस द्वारा झूठे केस में फंसा दिया गया है। सदस्यों ने मांग किया कि एल्केम लैब फार्मा प्रबंधन द्वारा फर्जी तरीके से दर्ज कराये गये मुकदमें को वापस लिया जाये। एल्केम लैब फार्मा प्रबंधन द्वारा संविधान व श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए उन पर यथोचित एवं सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में आलोक मिश्रा, जिला सचिव, उप्र उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेन्टेटिव्स एसोशिएन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### 1500 मीटर रेस में उपदेश राय ने मारी बाजी



**बलिया।** टाउन पालीटेक्निक बलिया का वार्षिक प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन गुरूवार को समारोह सम्पन्न हो गया। 1500 मीटर रेस के आठ फाइनलिस्टो में उपदेश राय प्रथम, लक्ष्मण यादव द्वितीय तथा बलजीत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य इंजी दिग्विजय नारायन सिंह ने विजेता छात्रों को मेडल पहना कर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य श्री सिंह ने कहा कि प्रतिभागियों ने जिस अनुशासन के साथ खेलकूद में प्रतिभाग किया। इसके लिए आप सभी सरहाना एवं बधाई के पात्र है। उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं को जोनल स्तर पर होने वाले खेलकूद प्रतियोगिता में सफलता अर्जित करने हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर इं. विजय कुमार सिन्हा, ले. रविशंकर, विनोद कुमार, शक्ति प्रकाश, रजनीकान्त श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, अंशुमान गौतम, राधेश्याम, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, विरेन्द्र यादव आदि की सहभागिता सराहनीय रही। संचालन निखिलेन्द्र नाथ मिश्र ने किया।

# बाढ़ खंड विभाग ने खर्च किया 30 करोड़

**पहल**

**बाढ़ से निपटने को बनायी गई थी 110 करोड़ की परियोजना**

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** हर वर्ष मानसून के वक्त बाढ़ से निपटने के लिये जिले का बाढ़ खंड विभाग एक बड़ी परियोजना बनाता है। इसके तहत विभाग टेंडर के माध्यम से ठेकेदारों को काम देता है। वर्ष 2022-23 में बलिया का बाढ़ खंड विभाग ने 110 करोड़ रूपये की परियोजना बनायी थी। इसमें बोल्डर, जीओ बैग, ईजी बैग, बालू सीमेंट बैग आदि लगाकर नदियों की धारा को बदलने का प्रयास किया गया था।

गंगा और घाघरा, टोंस और मगई के किनारे बसे गांवों को बचाने के लिये बाढ़ खंड विभाग ने 110 करोड़ रूपये खर्च कर दिये। इसमें 30 करोड़ रूपये विभाग को प्राप्त हो चुके है। ऐसे में विभाग शासन से 80 करोड़ रूपये के इंतजार में है। वैसे इस विभाग में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यहां अधिकारी अपने चेंबर में मिलते नहीं है। जब भी कोई व्यक्ति मिलने जाता है तो जानकारी यह मिलती है कि साहब क्षेत्र में है। अब सवाल यह उठ रहा है कि 110 करोड़ की परियोजना में खर्च हुए 30 करोड़ रूपये और शेष 80 करोड़ अभी ठेकेदारों को भुगतान करना है। ऐसे में ठेकेदार विभाग का चक्कर लगा रहे है। विभागीय सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि शासन से धन प्राप्त होने के बाद भुगतान होगा।



कार्यालय अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड

## स्वास्थ्यकर्मी की बाइक अस्पताल परिसर से चोरी

**बेल्थरा रोड।** उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर में तैनात ड0 सपोर्टर राम आसरे वर्मा की बाइक यूपी 60 ए जे 8255 गुरुवार की दोपहर में अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। घटना की जानकारी वर्मा को उस समय हुई जब वे अपने कार्यालय में टीवी मरीजों को दवा वितरण के बाद कार्यालय से बाहर आए, उनकी बाइक मौके से गायब थी। इसके बाद उनके द्वारा परिसर के अंदर बाइक को तलाश किया गया, लेकिन बाइक का पता नहीं चला। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच कर घटना के बाबत जानकारी प्राप्त की। इस घटना की सूचना पीड़ित वर्मा द्वारा उभांव थाने में दे दी गई है। क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं निरन्तर हो रही हैं, जो अभी तक पुलिस पकड़ से बाहर है। बेल्थरा रोड नगर घनी बस्ती का इलाका है एक सप्ताह से ऊपर बीत गए। पुलिस चौकी प्रभारी सीयर के स्थानांतरण के बाद भी किसी की तैनाती नहीं हुई है। बाइक चोरी की घटनाओं से लोगों में निरन्तर चिन्ता बढ़ती जा रही है। घटना का पीड़ित उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर अफगा का निवासी है जो नियमित रूप से बाइक पर सवार होकर अपनी ड्यूटी पर जाता था।

# तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** रेवती पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह एवं गोपाल नगर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र दत्त मय हमराह क्षेत्र में बस स्टैंड पर मामूर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि रेवती-दतहां मार्ग पर जोड़ा पुलिया के समीप यह कीमती अवैध असलहे के साथ खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम रेवती-दत्तहां मार्ग स्थित जोड़ा पुलिया के समीप पहुंचकर घेराबंदी कर दिया। पुलिस टीम को देख युवक भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस टीम द्वारा युवक की तलाशी लेने पर युवक के पास से एक अवैध तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम भोला शर्मा पुत्र विश्वकर्मा शर्मा निवासी कस्बा रेवती वार्ड नंबर 10 बताया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीत करते हुए अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया।

# पुलिस की मौजूदगी में हटी रविदास की मूर्ति

**प्रयास**

**शांति व्यवस्था के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात**

**लालगंज।** संत रविदास मंदिर बनाने की मंशा उस समय धरी की धरी रह गई, जब विपक्षी ने अपनी जमीन से रविदास मूर्ति को हटाने का प्रयास किया। इसकी सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी बैरिया सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में रविदास की मूर्ति को हटा दिया गया। शांति व्यवस्था के लिए मौके पर प्रशासन की तैनाती कर दी गई है।



उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण राम की जमीन शिवपुर कपूर दियर के जगदीशपुर में है। इनका पूरा परिवार लालगंज बाजार में रहता है। उनका पड़ोसी पंकज राम एक जनवरी को चुपके से संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति लाकर रख दिया और वहां पर मंदिर बनाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसकी जानकारी जब लक्ष्मण को हुई तो उन्होंने मूर्ति हटाने का प्रयास किया। इस पर पंकज द्वारा यह अफवाह फैलाया गया कि रविदास की मूर्ति उखाड़ कर फेंकी जा रही है। यह सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। चौकी प्रभारी लालगंज परमानंद त्रिपाठी ने बताया कि एक जनवरी को मूर्ति रखा गया था और वहां पर मंदिर बनाने का प्रयास चल रहा था, जो गलत है। वहां से मूर्ति को हटवा दिया गया है। गांव में शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है।

## ठंड लगने से होमगार्ड की मौत

**बेल्थरा रोड।** उभांव थाना के होमगार्ड वीर बहादुर निगम की बीते मंगलवार की रात बाइक से ड्यूटी जाते समय शीतलहर में ठंड लगने से सीने में दर्द होने पर मौत के बाद गुरुवार को तुर्तीपार स्थित सरयू नदी के तट पर अन्तिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के समसुद्दीनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय वीरबहादुर निगम पिछले तीन दशक से उभांव थाना में होमगार्ड के रुप में सेवा देते रहे है। गुरुवार को तुर्तीपार स्थित सरयू नदी के तट पर इस मृत होमगार्ड के अंतिम संस्कार में इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र सफल बल शामिल हुए और परिजनों को 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद भी दिए। इस मौके पर कांस्टेबल रामसिंह, कंपनी कमांडर शमशेर पांडेय, दिग्विजय दूबे, चंद्रप्रताप सिंह बिसेन, शिवानंद, रामप्रसाद यादव, कमलेश यादव, रामभवन, राजेंद्र प्रसाद, नागेंद्र राम, श्याम सुंदर सिंह, दीनानाथ सिंह समेत आसपास के ग्रामिणों, दर्जनों होमगार्ड और उभांव थाना पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गोंगपा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**रोष**

**मॉडल तहसील पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना स्थगित**



**बलिया।** नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति (एसटी) हेतु सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर मॉडल तहसील पर चल रहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना गुरुवार को 29वें दिन स्थगित कर दिया गया। गोंड समाज द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में निकाय चुनाव में एसटी आरक्षण को लेकर पीआईएल दाखिल किया गया था। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा नगर निकाय चुनाव में एसटी आरक्षण के सवाल पर मुख्य सचिव उप्र शासन को 16 जनवरी 2023 को तलब किया गया है।

बताते चले कि 04 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संवैधानिक आरक्षण देने के पश्चात् ही नगर निकाय चुनाव कराये जाने का निर्देश दिया गया है। इसका आदिवासी जनजाति समुदाय के लोगों द्वारा स्वागत करते हुए न्याय पालिका के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि भारत सरकार की जनगणना 2011 के अनुसार ही नगर निकाय चुनाव 2012 व 2017 में अनुसूचित जनजाति हेतु सभासद की सीटें आरक्षित की गयी थी। उसी आधार पर वर्तमान में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित की जानी चाहिए। धरना स्थल से जुलुस निकालकर कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्य सचिव को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इसके बाद धरना को स्थगित कर दिया गया। इस अवसर पर गोपाल जी खरवार, सुरेश शाह, दादा अलगू गोंड, परशुराम खरवार, संजय गोंड, दुर्गविजय खरवार, चन्द्रशेखर खरवार, हीरालाल गोंड, सुदेश शाह, रामसेवक खरवार, जगमोहन खरवार, बबलू खरवार, अमित पासवान, सुभाष जी गोंड, सन्टू गुप्ता, रामचन्द्र जेठवंत, विशाल गोंड, एड. अनिल गोंड, रोहित गोंड, मनीष गोंड, आदित्य गोंड, शिवशंकर खरवार, राजेश कुमार गोंड, शिवम् गोंड, रितेश गोंड, विनित गोंड, विक्की गोंड, सुरज गोंड, राजू गोंड, दुर्गेश खरवार, विश्वेश्वर गोंड आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अभाविप के प्रांत कार्यकारिणी में शामिल हुए खैरूल



**रसड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त का त्रिदिवसीय 62वां प्रांतीय अधिवेशन बुधवार को संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल कोइराजपुर में संपन्न हुआ। इसमें प्रो. सुचिता को प्रांत अध्यक्ष व अर्जेंद्र सिंह को प्रांत मंत्री चुना गया। प्रांत अध्यक्ष प्रो. सुचिता जी ने नवीन प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें बलिया जनपद के रसड़ा तहसील के मूल निवासी व इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विधि छात्र खैरुल बशर को प्रान्त कार्यकरिणी सदस्य हेतु निर्वाचित किया गया। गौरतलब हो कि खैरुल ने इसके पहले गोरक्ष प्रांत में भी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए खैरुल बशर ने कहा कि अपने स्थापना दिवस से ही छात्र, समाज व राष्ट्र कल्याण के लिए अभाविप समर्पित रहा है। यहां पद नहीं, दायित्व होता है। पद का मद होता है, जबकि दायित्व का भान होता है निर्वहन करने का। खैरुल बशर को नवीन दायित्व की घोषणा होते ही अनूप सिंह, अमित गुप्ता, विकास मणि त्रिपाठी, कृष्ण कुमार सैनी, माधवेश पांडेय, नितेश गुप्ता, चंदन तिवारी, विशाल सिंह आदि ने खुशी प्रकट करते हुए बधाई प्रेषित किया। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में पद्मश्री अशोक भगत के साथ अभाविप के विशेष आमंत्रित सदस्य छगन भाई पटेल, राष्ट्रीय मंत्री सुश्री साक्षी सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, प्रांत संगठन मंत्री अभिलाष काशी, प्रयाग विभाग संगठन मंत्री राकेश, प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

### जेएनसीयू द्वारा दीक्षोत्सव कार्यक्रम के तहत महिला खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 कल्पलता पाण्डेय के मार्ग दर्शन एवं समाज कार्य विभाग की विभागायक्ष ड0 पुष्पा मिश्रा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बसंतपुर में दीक्षोत्सव कार्यक्रम के तहत महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अयक्षता ड0 रूबी सहायक आचार्य समाज कार्य विभाग द्वारा की गयी। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी भी पुरुषों के समान ही महत्वपूर्ण है। इसलिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को आगे आकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करना आवश्यक है। ड0 प्रेम भूषण यादव, सहायक आचार्य समाज कार्य विभाग ने महिलाओं को खेल के महत्व के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुाार करना सिखाता है। खेल गतिविाियों में शामिल होना स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभदायक है। खेलने से बहुत रोगों से सुरक्षित करने में मदद करता है, जैसे- गठिया, मोटापा, हृदय की समस्याओं, माुमेह आदि। ड0 संजीव कुमार सहायक आचार्य समाज कार्य विभाग ने महिलाओं को संबोाित करते हुए कहा कि आगामी समय में विश्वविद्यालय द्वारा अनेक कौशल विकास कार्यक्रमों के मायम से महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। इस खेल प्रतियोगता में महिलाओं एवं किशोरियों की बढ़ चढ़ के प्रतिभागिता रही। प्रतियोगिता के अंतर्गत हांडी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सविता देवी, द्वितीय स्थान सरिता देवी और तृतीय स्थान रूबी ने प्राप्त किया वही म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेखा देवी, द्वितीय स्थान सविता देवी और तृतीय स्थान उर्मिला ने प्राप्त किया तथा नींबू चम्मच रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनी देवी, द्वितीय स्थान रेखा देवी का रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ड0 नीरज कुमार सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग जननायक चंद्रशेखर विश्विद्यालय उपस्थित रहे। साथ ही समाज कार्य विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं की भी सहभागिता रही।

### रेड क्रास ने परिषदीय विद्यालयों की रसोइयों को दिया नववर्ष का तोहफा



**बलिया।** गरीब, असहाय, वंचित और जरूरतमंद आदमी कहां बसता है? कैसे रहता है किन परिस्थितियों में जीता है? उसकी दिक्कतें व मुश्किलें क्या है? यह बहुत कम लोग समझ पाते हैं पर जिसने भी इनकी व्यथा को महसूस किया वो इनकी सेवा का कोई मौका जाया नहीं करता। ऐसे लोगों की सेवा को अपना सौभाग्य मान उसी में रम जाता हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यत्र तत्र देखने को भी मिल रहा है। इस फेहरिस्त में एक नाम रेड क्रास सोसायटी का भी है। गरीब-गुरबों का हर संभव सहयोग करने का संकल्प लेकर चलने वाली यह संस्था सही मायनों में एक सेवाश्रम है। जिलााकिारी, अयक्ष इण्डियन रेड क्रास सोसायटी बलिया के निर्देशन के क्रम में नजीर के तौर पर हाड़ कपांती इस ठंड में जहां लोग घरों से बाहर नहीं निकलते हैं, वहीं रेड क्रास सोसायटी रोज जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उन्हें राहत देने का काम कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र बेलहरी पहुंचे संस्था के जिला समन्वयक शैलेन्द्र पांडेय ने प्राथमिक विद्यालय हल्दी नं.2 की तीन तथा प्रावि दीघार की चार रसोईयों को कम्बल उपलब कराया। इस मौके पर प्राशिसं बेलहरी के मंत्री शशिकांत ओझा व भोला प्रसाद मौजूद रहे। वहीं शिक्षा क्षेत्र बैरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्र गिरि के मठिया की दो रसोईयों को संस्था द्वारा कम्बल दिया गया। कम्बल पाकर रसोईयों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस अवसर पर जूनियर रेड क्रास से भव्या पाण्डेय एवं शिवा उपस्थित रहीं।

### सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित



**बलिया।** सरकार की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश के क्रम में एआरएम बलिया उमाकांत मिश्र के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत बलिया डिपो पर संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री ष्णा पांडे ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास सराहनीय है, जिससे आम जनमानस को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमो के बारे में पता चलेगा। इसके अलावा लोगों से अपील किया की सड़क पर दो पहिया बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे एवं वाहनों को तेज रफ्तार से न चलाए निाारित गति के अंतर्गत ही वाहनों को चलाए, कोहरे की स्थिति में फग लाइट एवं डिपर के साथ हर्न का उपयोग करें। कार्यक्रम के दौरान लेखा आकिारी महेश पांडे, अजय कुमार सिंह, आर के उपायाय एवं समस्त डिपो कार्यालय कर्मचारी के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 12 को युवा दिवस पर होगी मैराथन दौड़



**बलिया।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बलिया द्वारा गुरुवार को लोक निर्माण विभाग डाक बंगला में स्वामी विवेकानंद जयंती पर मैराथन दौड़ आयोजित करने हेतु संगठनात्मक बैठक किया गया। भाजयुमो के प्रदेश मंत्री पटेल दीपक मल्ल ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा 12 जनवरी को पूरे देश के हर जिले में यंग इंडिया रन मैराथन दौड़ का आयोजन कर रहा है। कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मैराथन दौड़ के माध्यम से युवा दिवस पर भाजयुमो राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का काम करेगी। जिला अध्यक्ष अश्वनी सिंह लिटिल ने बताया कि बलिया में यंग इंडिया रन 12 जनवरी को सुबह सात बजे वीर लोरिक स्टेडियम से प्रारंभ होकर जीराबस्ती तक जाएगी तथा वापस आएगी। जो भी युवा इस मैराथन में भाग लेने का इच्छुक है, वह अपना पंजीकरण करा सकता है। प्रथम तीन विजेताओं को संगठन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। क्षेत्रीय मंत्री मयंक शेखर तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनका अनुसरण करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रशान्त श्रीवास्तव, अर्जुन चौहान, अविनाश सिंह, आदित्य तिवारी बाबा, निखिल पांडेय, आशुतोष तिवारी, अभिषेक सिंह, राघवेंद्र सिंह, अमित सिंह, अनुज श्रीवास्तव, आलोक सिंह, नितेश सिंह जार्विस, ऋषि सिंह, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का करें प्रयोग : अरुण कुमार राय



**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर एआरटीओ बलिया अरुण कुमार राय ने सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। इस मौके पर अरुण कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अनमोल है। सड़क पर दो पहिया बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, जिससे की आप भी सुरक्षित रहेंगे। इसके साथ ही सड़कों पर अपने वाहनों को तेज रफ्तार से न चलाए निाारित गति के अंतर्गत ही वाहनों को चलाए, कोहरे की स्थिति में फग लाइट एवं डिपर के साथ हर्न का उपयोग करे स इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद बलिया के पूर्व सभासद शकील अहमद, ब्लाक प्रमुख हनुमानगंज, यात्री कर आकिारी आर पी गौतम,आर आई राज भुषण,विक्रम कुमार सिन्हा एवं समस्त कार्यालय कर्मचारी के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### वसूली प्रकरण में 7 जनवरी को होगी नीलामी

**मऊ।** गुरूवार को नायब तहसीलदार सदर अभिषेक वर्मा ने तहसील संग्रह की वसूली के प्रकरण में मद भरण पोषण के अंतर्गत मुराली पुत्र हरदेव द्वारा 2 लाख 10 हजार भू राजस्व का बकाया जमा न करने पर उनकी ग्राम डोमनपुरा, नवापुरा के खाता संख्या 00302, गाटा संख्या 716/2 रकबा 0.0180 की जमीन को नीलामी करने हेतु मुनादी करवा दी है। नीलामी सार्वजनिक बोली के मायम से 7 जनवरी को पूर्वान्ह 12 बजे तहसील सदर सभागार में होगी।

### प्रचार वाहन को एडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मऊ।** सड़क सुरक्षा माह 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक मनाने जाने का शुभारंभ अपर जिलााकिारी भानु प्रताप सिंह ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तथा उपस्थित यात्री एवं समस्त नागरिकों को यातायात संबंाी शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर रमेश चंद्र श्रीवास्तव एआरटीओ प्रशासन, कहकसा खातून एआरटीओ प्रवर्तन, अरविंद कुमार जैसल यात्री कर आकिारी, प्रमोद कुमार गौतम आरआई, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव जिला विद्यालय निरीक्षक, दयानंद उपायाय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता लक्ष्मीशंकर यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**घोसी, मऊ।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के कल्यानपुर स्थित एलएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को किसानों व मज़दूरों के संघर्षो में अग्रणी रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीशंकर यादव की 13वीं पुण्यतिथि किसान नेता व चीनी मिल डायरेक्टर शेख हिसामुद्दीन की अयक्षता में मनाई गई। जिसमें विभिन्न दलों से जुड़े लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व लक्ष्मीशंकर यादव आजीवन किसानों व मज़दूरों के लड़ाई में सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे। उनका मानना था कि भारत एक षि प्राान देश है, इसलिए जब तक गांव में बसने वाला किसान खुशहाल नहीं होगा तब तक देश का सर्वांगीण विकास टेढ़ी खीर साबित होगा। किसानों के संघर्षों के नाम पर उन्होंने कभी कोई समझौता नहीं किया और जीवन के अंतिम क्षण तक किसानों की बेहतरी के लिए संघर्ष करते रहे। स्व यादव के पदचिन्हों पर चलकर किसानों व मज़दूरों के आंदोलन को गति देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण दिनेश यादव, ब्लाक प्रमुख डा रामष्ण यादव, ज़िला पंचायत सदस्य विनय कुमार, राजेश यादव, राजेश यादव, अशोक कुमार गौतम, सुदर्शन कुमार, राजबहादुर यादव, चंचल यादव सोनू, अवनीश यादव, अजय यादव, हरिकेश यादव, कोमल यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नन्दकिशोर ने किया, जबकि स्व यादव के पुत्र राजनारायण यादव व राजमंगल यादव ने सभी आगंतुकों के प्रति ान्यवाद ज्ञापित किया।

### मानक को दरकिनार कर हो रहा इंटरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य



**कोपागंज, मऊ।** क्षेत्र के नगर पंचायत कुर्थीजाफरपुर के लगभग सभी वार्डो में निर्माणाीन इंटरलकिंग कार्य और नाली निर्माण में मानक को दरकिनार कर दिया गया है। समाजवादी पार्टी के नगर अयक्ष राशिद कमाल ने दोनों कार्यो में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा की नए नाली की जगह पुरानी नालियों का मरम्मत करते हुए नया का रूप दिया जा रहा है वही इंटरलाकिंग कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। राशिद कमाल का कहना है कि कुर्थीजाफरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो में इंटरलकिंग और नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नाली निर्माण में कही कही पांच इंच दिवार जोड़ी जा रही है तो वही कही पुरानी नहर को मरम्मत करते हुए नया दिखाया जा रहा है। इंटरलाकिन कार्य में विना गिट्टी डाले केवल बालू डालकर इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। नगर अयक्ष ने जिले के आला आकिारियो से इसकी जाँच की मांग उठायी है। इस वावत पूछे जाने पर आिशासी आकिारी जय प्रकाश यादव ने कहा की आरोप निराार है। मानक के अनुरूप कार्य कराया जा रहा है। कही कही जगह नहीं मिलने पर ऊपर केवल पांच इंच की दिवार बनायीं गयी है।

### चोरी की एक बाइक व इलेक्ट्रानिक समान के साथ एक गिरफ्तार

मऊ। थाना घोसी पुलिस द्वारा गुरुवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर पिउवाताल मोड़ के पास से अमित गौड़ पुत्र जगदीश गौड़ निवासी मालव थाना मुहम्मदाबाद मऊ के कब्जे से एक चोरी की अपाची मोटरसाईकिल, एक अदद डीजे मशीन व एक अदद मिक्सर मशीन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 06/23 ाारा 411,414 भादवि में अभियोग पंजीत कर चालान न्यायालय किया गया।

# विकास कार्यों की डिजिटल मानीटरिंग के लिए विकसित ऐप का शुभारंभ

**बैठक**

**क्षेत्र में कार्यरत समस्त कार्मिकों को करना होगा ऐप डाउनलोड, देनी होगी नियमित उपस्थिति**



**मऊ।** गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलााकिारी अरुण कुमार ने क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों की लोकेशन सहित उपस्थिति एवं जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों की डिजिटल मानिटरिंग हेतु विकसित ऐप मऊ एमआईएस एंड एडवांस अटेंडेंस सिस्टम का शुभारंभ किया। इस ऐप के मायम से क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों की उनकी लोकेशन सहित उपस्थिति के साथ ही साथ विकास कार्यों की भी डिजिटल मानिटरिंग हो सकेगी। इस ऐप को मुख्य विकास आकिारी द्वारा आईटी एक्सपट्र्स की सहायता से विकसित कराया गया है। जिलााकिारी ने कहा कि इस ऐप को क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों जैसे ग्राम सचिव, सफाई कर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका, लेखपाल आदि को अपने मोबाइल में डाउनलोड करना होगा, जिससे उनकी लोकेशन सहित उपस्थिति की जांच की जा सकेगी। इसके अलावा विकास कार्यों की डिजिटल मानिटरिंग भी इस ऐप के मायम से हो सकेगी। साथ ही विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुआ जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम विकासखंड परदहां में कार्यरत ग्राम सचिवों पर यह प्रयोग शुरू किया जा रहा है। इसके उपरांत जनपद में कार्यरत समस्त कार्मिकों को भी इस ऐप के मायम से जोड़ा जाएगा। आवश्यकतानुसार इस ऐप में भी आगे संशोान कार्य कर इसे और आिक उपयोगी बनाया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास आकिारी प्रशांत नागर, जिला विकास आकिारी उमेश चंद्र तिवारी सहित संबंाित ऐप को विकसित करने वाले कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 16 जनवरी तक

**मऊ।** जिला पूर्ति आकिारी विकास गौतम ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डाारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा आिनियम 2013 के अन्तर्गत माह नवम्बर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण माह जनवरी 2023 में 06 जनवरी 2023 से 16 जनवरी 2023 के मय कराया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2023 से एक वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि माह नवम्बर 2022 के सापेक्ष होने वाले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा आिनियम 2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण अन्त्योदय कार्डाारकों को 14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डाारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किगा गेहूं व 03 किग्रा चावल (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट) निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

### स्वास्थ्य महकमे में चर्चा का विषय बने बर्खास्त लिपिक दयाशंकर

**बलिया।** स्वास्थ्य विभाग की चर्चित लिपिक दयाशंकर को शासन ने बर्खास्त कर दिया। करीब सात माह से जांच चल रही थी। इस कार्रवाई को लेकर स्वास्थ्य महकमें में चर्चा का विषय बना रहा। बर्खास्त आदेश में निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजागणपत आर.ने लिखा है कि सीएमओ चित्रकूट के अधीन स्थानान्तरित प्रधान सहायक दयाशंकर के खिलाफ सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियमों के अधीन विभागीय अनुशासनात्क कार्रवाई संस्थित की गयी है। 30 जनवरी 2019 को निदेशक (प्रशासन) ने दयाशंकर को नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया था इसी बीच 29 फरवरी को सीएमओ बलिया ने लिपिक दयाशंकर को कार्यमुक्त कर दिया, लेकिन 15 दिसम्बर 2021 तक दयाशंकर ने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया।

जांच में पता चला कि कार्यमुक्त होने के बावजूद दयाशंकर सीएमओ कार्यालय बलिया की उपस्थिति पंजीका में उपस्थिति दर्ज करते रहे। यह उत्तर प्रदेश कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ पाया गया। इस मामले की जांच की जिम्मेदारी अपर निर्देशक स्वास्थ्य प्रशासन डॉ. एके पाण्डेय को दी गयी।

# दीक्षोत्सवः भाषण प्रतियोगिता और देशभक्ति गीत का हुआ आयोजन

**अवसर**

**छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया**



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह के तत्वावाान में संचालित दीक्षोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन भाषण प्रतियोगिता एवं देशभक्ति गीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ड0 पुष्प मिश्रा, निदेशक शैक्षणिक एवं ड0 प्रियंका सिंह, सह आचार्य समाजशास्त्र विभाग द्वारा माता सरस्वती एवं जननायक चन्द्रशेखर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ की गई। भाषण प्रतियोगिता एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता का विषय 'जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन में बलिया वासियों एवं प्रशासन की भूमिका' पर प्रतिभागियों ने अपने विचार रखें। साथ ही ''देश भक्ति गीत प्रतियोगिता'' में प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन ड0 गुंजन कुमार अस्सिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग ने किया तथा प्रतियोगिता का संयोजन ड0 प्रज्ञा बौद्ध एवं ड0 रंजना मल्ल ने किया। प्रतियोगिता में ड0 रजनी चौबे, ड0 सरिता पांडेय, प्रद्युम्न उपायाय तथ संतोष कुमार तिवारी निर्णायक मंडल में शामिल सदस्य थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पूर्व मुख्यमंत्री को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**बलिया।** जनमानस के प्रिय राजनेता एवं श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सत्ता का त्याग करने वाले उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल 'बाबूजी' कल्याण सिंह की जयंती परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के जनसंपर्क कार्यालय नारायणी टकीज पर मनाई गई। सभा में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण का स्वर्णिम अयाय कल्याण सिंह का नाम लिए बगैर कभी पूरा नहीं होगा। आज भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर लोगों में जो उत्साह व उल्लास दिख रहा है वो कल्याण सिंह की ही देन है। कहा कि यह देश आजीवन बाबूजी का ऋणी रहेगा।

# अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर में घुसी, युवक की मौत

**दुखद**

### गौसपुर स्थित एक ढ़ाबा के पास खड़े ट्रैक्टर से हादसा



कृष्णा वर्मा की (फाइल फोटो)।



आदिलाबाद में घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत गौसपुर के पास एक ढ़ाबा के नजदीक तेज मोटरसाइकिल सवार की ट्रैक्टर के पिछले भाग में घुसने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंच पुलिस ने शव का कब्जे में ले लिया और तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुट गई। हालांकि युवक के मौत की खबर सुतने ही नगर में कोहराम मच गया और नगरवासी परिजनों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए।

युवक के शव को देखकर परिजन दहाड़ेमार कर रोने बिलखने लगे। राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर एक ट्रैक्टर ढाबा के पास धान से लदी खड़ी थी तभी आदिलाबाद निवासी कृष्णा वर्मा पुत्र ओम प्रकाश वर्मा (22) चार जनवरी की शाम को अपने किसी रिश्तेदार के यहां गया था। वह तड़के सुबह पांच जनवरी को मोटरसाइकिल से अपने गांव आदिलाबाद आ रहा था। जब वह कालिका ढाबे के पास पहुंचा। तब अचानक अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर के पीछे के पहिए में मोटर साइकिल समेत घुस गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ढ़ाबे पर उपस्थित लोगों ने तत्काल इसकी सूचना 112 नंबर को दी। सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उसने उसकी मोबाइल के माध्यम से फोन किया। यह फोन उसके जीजा भानु वर्मा ने उठाया। सूचना पाकर उसके संबंधित तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। बताते चलें कि उसका जीजा ग्राम रुकुंदीपुर थाना नोनहरा का निवासी है। उसने इसकी सूचना परिवारवालों को दी। सूचना पाकर परिजनों रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पुलिस पहले से मौजूद थी तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली मुहम्मदाबाद में मृतक के जीजा भानु वर्मा ने लिखित तहरीर दी है।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, दिलाई शपथ



सड़क सुरक्षा माह को झंडी दिखाते एडीएम अरूण कुमार सिंह व अन्य।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** जिला सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरूण कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वि/रा) तथा विशेष अतिथि गोपीनाथ सोनी एसपीसीटी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

जिसमें जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारी/,कर्मचारीगण व बस/ट्रक/टैंपों के यूनियन के प्रधाधिकारी तथा क्षेत्रीय आम जनता एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। उद्घाटन समारोह में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों की जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित बच्चो एवं व्यक्तियों को शपथ दिलाई तथा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया।

# कड़ाके की ठंड ने दिन में कंपाया

**मौसम**

### सामान्य से नीचे आया तापमान और बढ़ेगी ठंड सर्दी बना सकती रिकॉर्ड

**जनसंदेश न्यूज**



डीएम आवास के पास अलाव के लिए लकड़ी एकत्र करती महिलाएं।



रौजा ओवरब्रिज के नीचे अलाव के सहारे बैठे राहगीर।

**गाजीपुर।** पांच दिनों से सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने के कारण कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल हो रहे है। सुबह शीतलहर कोहरे की चादर ओढ़कर आ रही है। कोहरे ने दिनभर सूर्य की किरणों को भी धरती पर नहीं उतरने दिया, जिसके चलते लोग ठिठुरन से कांपते रहे। अधिकतम तापमान 17.8 और न्यूनतम पांच डिग्री दर्ज किया गया।

गुरुवार की सुबह हालांकि कोहरा नहीं था लेकिन जिला कोहरे से ढका रहा। बफीर्ली हवाओं ने सुबह से ही अपना डेरा जमा लिया था। दिन चढ़ने के साथ ही सूर्यदेव के दर्शन की उम्मीद धूमिल होती गई। हल्की ओस की बूंदों ने जनजीवन को प्रभावित किया। दोपहर बाद बढ़ा ठंड का कहर शाम को पूरे चरम पर था। ठंड से बचाव के लिए राहगीरों को अलाव ही एकमात्र सहारा नजर आ रहे थे। बाजारों में प्रमुख सड़कों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए। मौसम वेधशाला के अनुसार बुधवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में करीब दो फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। अगले 24 घंटे के दौरान आसमान में घटा छाई रहेगी, जिससे ठंड और बढ़ने की संभावना है। कई स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। दूसरी ओर एकाएक बढ़ी ठंड से गर्म कपड़ों की दुकानों पर रौनक छा गई। स्टेशन रोड, मिश्र बाजार, कचहरी रोड, गांधी मार्केट, लाल दरवाजा सहित विभिन्न बाजारों में गर्म कपड़ों की दुकानों पर ग्राहक पहुंचे।

**मुहम्मदाबाद।** लगातार बढ़ रही ठंड ने गुरुवार को बेरहमी दिखानी शुरू कर दी। कोहरे के साथ शीत लहर ने लोगों को घरों में दुबके रहने को मजबूर कर दिया। ठिठुरन वाली ठंड का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों व बुजुर्गों पर पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से तहसील क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। **कासिमाबाद।** लोग गुरुवार को फिर शीतलहर की वजह से ठिठुरते दिखाई दिए। दिन भर ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव जलाकर तापते दिखाई दिए। वही किसान ठंड के बावजूद खेतों में डटे रहे।

### गेहूं को छोड़ कर सभी फसलों पर प्रभाव

कृषि विज्ञान केन्द्र के अनुसार गेहूं को छोड़ कर सभी फसलों विशेषकर मटर, आलू, टमाटर और मक्का पर दिन के तापमान में लगातार गिरावट कई तरीके से नकारात्मक असर डालेगी। इन फसलों में झुलसा रोक लग सकता है। किसानों को कृषि विज्ञानियों की सलाह का फायदा उठाना चाहिए।

### जल रहे है अलाव

नपा प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल ने कहा कि ठंड को लेकर अलाव का प्वाइंट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मौजूदा समय में सौ प्वाइंटों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर काफी संख्या में लकड़ी गिराने का निर्देश दिया गया है। कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत मिली है। जांच कराई जायेगी।



नगर के लार्डकार्नवालिस में बच्चों के साथ महिला।

# अधिवक्ताओं का लेखपाल के खिलाफ कार्य बहिष्कार

## बंजर भूमि पर अवैध कब्जा पर लेखपाल ने दर्ज कराई रपट

**जनसंदेश न्यूज**



कासिमाबाद तहसील पर कार्य बहिष्कार कर एकत्र अधिवक्ता।

**कासिमाबाद।** तहसील क्षेत्र के रामगढ़ गांव के लेखपाल के द्वारा बंजर भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर कोतवाली में लिखी गई रिपोर्ट से नाराज अधिवक्ताओं ने गुरुवार को न्यायालयों के कार्य बहिष्कार कर लेखपाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग किया।

तहसील के सेंट्रल बार एसोसिएशन एवं तहसील बार एसोसिएशन संयुक्त रूप से न्यायालय का कार्य बहिष्कार करते हुए बताया कि बार के सदस्य सुधीर कुमार एडवोकेट के ऊपर क्षेत्रीय लेखपाल के द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया गया है। उल्टे अधिवक्ता सहित दो लोगों के ऊपर भूमि अतिक्रमण का मुकदमा दर्ज कराया गया। लेखपाल द्वारा दर्ज मुकदमा जब तक वापस नहीं होगा। तब तक सभी अधिवक्ता कार्य बहिष्कार करते रहेंगे ।अधिवक्ता दोनों बार के सदस्यों के साथ उप जिलाधिकारी कासिमाबाद के साथ क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। प्रार्थना पत्र देने वालों में संजय तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार दर्जनों अधिवक्ता मौजूद थे। वहीं हल्का के लेखपाल राधेश्याम यादव से वार्ता के दौरान बताया कि बंजर की भूमि पर यह लोग कब्जा करना चाहते थे। जिसे रोकने के लिए कई बार कहा गया। नहीं माने तब प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### पशु आरोग्य शिविर में पशुओं का इलाज

**मरदह।** स्थानीय राजकीय पशु चिकित्सालय मरदह के नेतृत्व में ग्राम सभा तेजपुरा के माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर/गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बडे पशु 337 व छोटे पशु 1845 को पेट के कीड़े मारने की दवा निःशुक्त वितरण किया साथ ही साथ बांझपन चिकित्सा समय एक कृत्रिम गभार्धान किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य शशिप्रकाश सिंह के द्वारा गोपूजन के साथ ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पशु चिकित्साधिकारी चन्द्रकान्त सिंह ने पशुपालन विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी? पशुपालकों को देते हुए गर्भवती पशुओं देखभाल,प्रसव पश्चात मादा पशु की देखभाल एवं पशु प्रजनन संबंधी सुझाव पशुपालकों को दिया। पशु चिकित्सक गांई डा. सत्यप्रकाश सिंह ने पशुओं संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए पशुओं को ठंड से बचाव के उपाय बताएं ।इस मौके पर अजय शंकर सिंह, अखिलेश सिंह,सुहेल अहमद,मनोज चौहान,मोहित यादव,दशरथ राम,बेचन यादव,अकालू यादव,मुन्ना सिंह,पप्पू सिंह,नीरज सिंह,आदि उपस्थिति रहे।

# शिक्षक राजनीति के वटवृक्ष थे ओमप्रकाश : चौधरी दिनेश चंद्र

**गाजीपुर।** ओमप्रकाश शर्मा की सियासी परछाई बेहद लंबी थी। शिक्षकों के हित में उनकी आवाज बुलंद थी। उनकी एक आवाज पर सूबे के कोने-कोने से शिक्षक हाथ उठाकर खड़े हो जाते थे। सत्तर और अस्सी के दशक में उन्हें कई दिग्गजों ने मंत्री बनाने का भी आफर दिया, लेकिन वो सिद्धांतों की डगर से नहीं भटके।



ओमप्रकाश शर्मा के जयंती कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक।

गुरुवार को अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में आयोजित जयंती कार्यक्रम में बोलते हुए चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कही। पांच दशक तक विधान परिषद में शिक्षकों की आवाज को बुलंद करने वाले ओम प्रकाश शर्मा की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई थी। जिसमे विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक एवं कर्मचारी भाग लिया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद के प्रधानाचार्य शिवशंकर गिरी, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी दिनेश चंद्र राय, नारायण उपाध्याय, राणा प्रताप सिंह, प्रकाश चंद दुबे, सत्येंद्र कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मण प्रसाद केसरी, ओम प्रकाश राय, राजकुमार, मनोज कुमार सिंह, कुमार अविनाश गौतम, अमित कुमार राय, रविंद्र नाथ तिवारी, डॉक्टर रियाज अहमद, दीपक खरवार, पंकज राय, पुष्कल तिवारी, अमन सिंह, प्रियंका शुक्ला, अजीत कुमार पांडे, अंकित पाठक, रविंद्र शर्मा आदि प्रमुख लोगों ने अर्जित अद्वितीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिव कुमार सिंह ने किया।

## संक्षेप

### ट्राइब्रेकर के दम पर अगले चक्र में किया क्वालीफाई

**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है। बुधवार की शाम खेले गये एकमात्र मुकाबले में उसियां ने मुबारकपुर (आजमगढ़) को ट्राईब्रेकर में 5-4 से शिकस्त देकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैच के शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच काफी रोमांचकारी मुकाबला देखने को मिला। दोनों ही टीमों के समर्थक अपनी अपनी टीम का हुटिंग के जरिए हौंसला अफजाई में लगे रहे। मध्यान्तर से पहले दोनों ही टीमों को कई अवसर मिले मगर उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके। मध्यान्तर तक दोनों टीमें गोल रहित रही। इसके उपरांत शुरू हुए मुकाबलें में भी काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला।मगर मैच समाप्त होने तक कोई भी टीम गोल कर पाने में विफल रही,जिसके बाद निर्णय निकलता न देख निर्णायक ने ट्राईब्रेकर का सहारा लिया जिसमें उसियां ने मुबारकपुर (आजमगढ़) को 5-4 से पराजित कर मुकाबला जीत लिया।इस अवसर पर योगी हर्ष सिंह, अरविन्द राय,मेठ बिन्द,प्रफुल्ल चंद्र राय,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय,सोनू राय,राजू, प्रिंस आदि मौजूद रहे। निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा जबकि उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

### पूर्व सीएम कल्याण सिंह की मनी जयंती

**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी नेता पुर्व मुख्यमंत्री स्व कल्याण सिंह की 91 वीं जयन्ती भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में श्रद्धांजलि देकर मनाई गयी। इस अवसर पर पुर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि देकर भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनको सच्चा राष्ट्रवादी बताते हुए श्रीराम मंदिर आंदोलन के अगुवाई के लिए उनके कार्यों को याद किया।भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि कल्याण सिंह समाज के सबसे कमजोर और अंतिम व्यक्ति के लिए सदैव संघर्ष करने वाले नेता थे तथा अपने मुख्यमंत्रीतत्व काल मे उन्होंने भाजपा के सिद्धांत और विचारों के प्रति कार्य किये। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालो मे अवधेश राय, अजिताभ राय,योगेन्द्र सिंह,संतोष यादव,प्रवीण सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, सुरेश बिंद, रविप्रकाश , शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता आदि शामिल रहे।

### एचडीएफसी बैंक का बजा सायरन,मचा हड़कंप

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत विठ्ठल तिराहे के पास एचडीएफसी बैंक का अचानक गुरुवार की सुबह सात बजे सायरन बजने लगा। जिससे बैंक सहित राहगीरों में अनुचित घटना को लेकर हड़कंप मच गया। बैंक का गार्ड राजीव कुमार रात्रि में ड्यूटी पर थे। सायरन सुनकर वह इधर उधर देखा। लेकिन उसे कुछ भी समझ में नहीं आया। इधर सायरन की आवाज सुनकर नागरिक धीरे-धीरे इकट्ठे होने लगे। बैंक गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना बैंक अधिकारियों को दी। बैंक के सहायक प्रबंधक आबिद हुसैन ने बताया कि चूहों ने तार को काट दिया था। अर्थात तकनीकी फाल्ट के कारण अचानक सायरन बजने लगा। जिसे बाद में आकर उसी समय ठीक कर दिया गया।

### रिवाल्वर-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**भांवरकोल।** स्थानीय पुलिस ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के कुंडेसर चट्टी पर बुधवार की देर शाम प्रतिबंधित रिवाल्वर एवं दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। युवक सूरज को देख पुलिस ने रोका और तलाशी लेने पर उसके पास 32 बोर का प्रतिबंधित रिवाल्वर एवं दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज मच्छटी ओंमकार तिवारी, आकाश सिंह, मनोज यादव आदि शामिल रहे।

### चोरी की बाइक के साथ किशोर गिरफ्तार

**रेवतीपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भकसी का डेरा नौली मोड़ से गुरुवार को एक किशोर को चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र वर्मा, मधुरेन्द्र,अभिषेक यादव रहे।

### सात को फुटबॉल जिला स्तरीय ट्रायल्स

**गाजीपुर।** जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में जूनियर बालकों की फुटबाल का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स सात जनवरी को प्रातः 09:00 बजे से नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार में किया जाना सुनिश्चित हुआ हैं।

### गरीबों के मसीहा बने संजय, ठंड में किया कंबल वितरण

**गाजीपुर।** जिले के प्रमुख समाजसेवी व पूर्व सभासद संजय सिंह ने कड़कड़ाती ठंड और कोहरे को देखते हुए दिव्यांग, विधवा और गरीब असहाय लोगों में 301 कंबल का वितरण किया। समाजसेवी ने बताया की इस तरह कंबल वितरण का आयोजन हमारे द्वारा हर वर्ष किया जाता है और आगे भी इस तरह का आयोजन किया जायेगा। गरीबों की सेवा और मदद करके मुझे खुशी मिलती है। इस तरह का आयोजन हर समाजसेवी को करना चाहिए। जिससे गरीब, असहाय लोगों को इस कड़कड़ाती ठंड व कोहरे से कुछ राहत मिल सके। संजय सिंह ने बताया कि कंबल वितरण से पहले नगर में भ्रमण कर दिब्यांग और विधवाओं को चिन्हित किया जाता है कि कौन लोग कम्बल पाने से वंचित रह गए हैं। संजय सिंह ने बताया कि कम्बल वितरण का आयोजन जब तक ठंड पड़ती रहेगी तब तक चलेगी। समाजसेवी संजय सिंह ने बताया कि इस समय कोहरा और ठिठुरन बहुत काफी है, इसमें कंबल पाकर गरीबों को कुछ राहत मिलेगी। वितरण समारोह में एडवोकेट रमाकांत द्रिवेदी, मोहित श्रीवास्तव,प्रांशु राय,बॉबी सिंह,शैलेंद्र सिंह, श्वेताभ सिंह, विनोद शर्मा, लल्लन सिंह, कुशलपाल सिंह, विंध्याचल वर्मा, अभिषेक मिश्रा, संतोष चौधरी,राजन आर्य,बदन यादव,शिवराम चौधरी,धर्मेंद्र आर्य, सुधीर चौधरी, सत्यप्रकाश यादव सहित आदि लोग रहे।



पीरनगर स्थित आवास पर कंबल वितरित करते समाजसेवी संजय सिंह।

# लाई, गुड़ से सजा मकर संक्रांति का बाजार

**गाजीपुर।** मकर संक्रांति पर्व के नजदीक आते ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहार से संबंधित दुकानें सज गईं हैं। पर्व जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे ही सामानों की बिक्री में तेजी आ रही है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सामानों के दामों में इजाफा होने के बावजूद लोग अपने साम?र्थ्य के अनुसार लाई, गुड़, मेवा, पतंग आदि सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। पर्व के नजदीक आते ही इससे संबंधित सामानों की दुकान सज गईं। शहर के मेन बाजार में करीब दो दर्जन संबंधित दुकानें सज गईं हैं। बाजारों में लाई, चूड़ा, गुड़ समेत कई खाद्य सामग्री उपलब्ध है। खाद्य सामग्री खुला के साथ ही सुविधा के लिए छोटे बड़े पैकटों में भी इसकी पैकिग की गई है। हल्के और मोटे दानों में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की लाई भी उपलब्ध है। महंगाई के बाद भी लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार लाई चूरा, तिलकुट, गुड़ आदि की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदार वीरेंद्र गुप्ता, महेश कुमार ने बताया कि अभी तो बाजार अपने चरम पर नहीं है, लेकिन जल्द ही स्थिति में सुधार आएगी। पिछले वर्ष की भांति इस बार सामानों के दाम में थोड़ी बढ़ोत्तरी है, बावजूद लोग खरीदारी कर रहे हैं। गुड़ आदि के विक्रेता रमेश ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अभी तक तो बिक्री कम है लेकिन, त्योहार के नजदीक आने तक बाजार अच्छा होगा ऐसा उम्मीद हम लोग लगाए हुए हैं।



मिश्रबाजार में लाई, ढूंढा की सजी हुई दुकानें।

### रोडवेज बस संचालन नहीं होने से ग्रामीणों की फजीहत

**सुहवल।** बिहार को जोड़ने वाली करीब 38 किमी लंबी ताड़ीघाट बारा नेशनल हाईवे पर परिवहन व जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण रोडवेज बस का संचालन नये साल में? भी शुरू नहीं हो सका है।लोगों ने मांग किया कि जल्द इसका संचालन शुरू किया जाए ताकि शासन की ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध करा?ने की सरकार की मंशा सफल हो सके। इस महत्वपूर्ण मार्ग के इतिहास में कभी भी इस सेवा का सुचारु तरीके से संचालन नहीं जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण नहीं हो सका है। जिससे कि सरकार को बडे पैमाने पर राजस्व का नुकसान उठाना पड रहा है। बताया कि यह प्रमुख हाईवे बिहार से सटा हो?ने के अलावा इसके किनारे मारीशस के पूर्व उपराष्ट्रपति अब्दुल रऊ?फ वंधन का पैतृक गांव नवली,शहीद कर्नल एम एन राय का पैतृक गांव डेढगावां के अलावा एशिया का सबसे बड़ा गहमर के साथ ही दर्जनों गाँव बसे है,जबकि पर्यटन की दृष्टिगत इस मार्ग के किनारे कामाख्या धाम भी है ,जहाँ हर रोज सैकडों श्रद्धालुओं दर्शन पूजन को आते है। बावजूद महकमा इस हाईवे पर रोडवेज के संचालन को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

# नगर की बुनियादी सुविधाओं के लिए नपा संकल्पित:सरिता

**जनसंदेश न्यूज**



सकलेनाबाद दुर्गा चौक पर आरओ वाटर प्यूरीफायर प्लांट का लोकार्पण करती नपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल व अन्य।

**गाजीपुर।** शहर के सकलेनाबाद दुर्गा चौक पर एक आरओ वाटर प्यूरीफायर प्लान्ट का लोकार्पण भाजपा काशीप्रान्त की उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि माता के दरबार में गरीबो, मजदूरों, दलितों, शोषितों के हितार्थ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था माता रानी की कृपा से ही संभव हो पाया है। हम सब नगर की बुनियादी सुविधाओं को देने के लिए कृत संकल्पित हैं और उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

नपा प्रनितिधि विनोद अग्रवाल ने कहा कि 500 लीटर स्टोरेज के साथ प्रतिघंटा 150 लीटर पानी फिल्टर की क्षमता वाला प्लान्ट से यहाँ के आस-पास के लोगों के अलावा बाहर से आने जाने वाले लोगों को भी शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा। उन्होंने नगर के विकास कार्यों की भी चर्चा की। इस अवसर पर रासबिहारी राय, अमरनाथ दुबे, सरिता गुप्ता ,सुनील गुप्ता, जयलाल जी, अभिनव सिंह छोटू, अजय कुशवाहा, हेमन्त त्रिपाठी, निखिल राय, राकेश जायसवाल, रेनु गुप्ता, गोपी गुप्ता, योगेश शुक्ला, संतोष पाठक, अजय गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, भानु केशरी, प्रीति गुप्ता, रूपेश सिंह, कमलेश बिन्द, नफीस भाई, नेहाल अहमद, सोमेश मोहन राय, अजय राय दारा, अनिल वर्मा, संजय कटियार, विनोद कुशवाहा, जयप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे। संचालन पूर्व सभासद अशोक मौर्या ने किया।

# दस को संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत, संध्या में चंद्रमा को अर्घ्य देंगी महिलाएं

**गाजीपुर।** संकष्टी गणेश चतुर्थी का व्रत माघ कृष्णपक्ष चतुर्थी मंगलवार को मनाया जाएगा। इस दिन संध्या में व्रती चंद्रमा को अर्घ्य देंगी। इसको तिल चतुर्थी या माघी चतुर्थी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान गणेश और चन्द्र देव की उपासना की जाती है। पंडित श्रीनिवास चौबे ने बताया कि मान्यता के अनुसार जो भी इस दिन भगवान गणेश की उपासना करते हैं उनके जीवन से सभी संकट व बाधाएं दूर हो जाती हैं। इस व्रत को महिलाएं संतान प्राप्ति एवं उनके स्वास्थ्य एवं समस्या निवारण के लिए भी करती हैं। व्रत के दिन व्रती महिलाएं सुबह में स्नान कर भगवान गणेश का उपासना करती हैं और उनके व्रत कथा को सुनती हैं।

व्रती दिन में निराहार या फलाहार उपवास रखती हैं। संध्या में भगवान गणेश की विधिवत पूजा करती हैं और तिल के लड्डू, दूर्वा और पीले पुष्प गणेश जी को अर्पित करती हैं। वहीं, पूजा के उपरांत चन्द्र देव को दूध का अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य देते समय व्रती अपनी निगाहें नीचे रखती हैं और गणेश जी के मन्त्रों का जाप कर खुशहाली की कामना करती हैं। बताया कि अर्घ्य का शुभ मुहूर्त रात्रि 8.31 से 9.43 बजे तक का है। तत्पश्चात भगवान गणेश के पूजा स्थल के समीप घी का दीपक जलाते हैं और व्रती अपनी उम्र के बराबर तिल के लड्डू अर्पित कर भगवान गणेश की पूजा करती हैं। गणेश पूजा के समय अगर पति-पत्नी साथ बैठकर 'ॐ वक्रतुण्डाय नमः मंत्रोच्चारण का जाप करते हैं तो वह काफी शुभकारी माना जाता है।


### संतान की मंगलकामना का व्रत

सुंकष्टी चतुर्थी हिंदुओं का एक प्रसिद्ध पर्व है। हिंदू धर्मावलम्बी प्रत्येक शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश जी का पूजन करते हैं क्यूंकि उन्हें प्रथम पूज्य की गरिमामय पदवी हासिल है। अपने भक्तों की सभी परेशानियों और बाधाओं को दूर कर बुद्धि, शक्ति, ज्ञान और विवेक के अनुदान-वरदान देने के कारण गजमुख गणेश विघ्नहर्ता और संकट मोचन भी कहलाते हैं। यूं तो हिन्दू कैलेंडर के अनुसार भगवान गणेश की आराधना के लिए निर्धारित चतुर्थी तिथि हर माह में दो बार आती है। इनमें पूर्णिमा के बाद आने वाले कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुथी कहते हैं और अमावस्या के बाद आने वाले शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को विनायक चतुर्थी के नाम से जाना जाता है।

## जनसंपादकीय

# आइए राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों ऐसी कामना करेंगे। हर नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत देता है। यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की उर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढ़केल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है। आइए हम समवेत प्रयास करें कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खिंचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं। भारतीय जनमानस को इस नए साल में इसी उत्थान व विकास के बीज के प्रकीर्णन का संकल्प लेना होगा। इस बीज के प्रस्फुटन से ही देश में तरक्की का अमृत रस छलकेगा और सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा। तरक्की व सौहार्द के जुड़ाव से ही राष्ट्र व समाज की चेतना मजबूत होगी। नए संकल्पों के जरिए ही मनोकामनाओं की पूर्ति होगी। राष्ट्र का मान और शान बढ़ेगा। यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण है। इसी क्षण में संकल्पों के जरिए भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विध्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने की जरुरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस सिर्फ आसपास सकारात्मक नजरें दौड़ाने की जरुरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरुकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। देखा जाता है कि हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन प्रदान कर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा को परमोधर्म कहा गया है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब घरों के बच्चों की मदद कर सकते हैं। मसलन उन्हें स्वेटर, गर्म कपड़े और जूते-मोजे और पाठ्य-पुस्तकें देकर उनकी राह आसान कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े स्वयंसेवी संगठन इस पुनीत कार्य में जुटे हैं। अगर यहीं कार्य हर संपन्न व्यक्ति के स्तर से हो तो समाज के अभावग्रस्त लोगों की जरुरतों को पूरा किया जा सकता है। अगर ऐसा हो तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। यह सकारात्मक संदेश रुपी उर्जा ही किसी राष्ट्र को दुनिया के अग्रिम देशों की कतार में खड़ा करती है। उसके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है। अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। हम भी ऐसा कर गांधी जी के सपने को साकार कर सकते हैं। वस्तुतः इस दिशा में देश की सभी सरकारें पहल कर रही हैं। वह रैन बसेरों के जरिए बेघर लोगों की रक्षा कर रही है। केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरुरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है। हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद हो जाता है। हमलोग घर में बचे भोजन को इधर-उधर फेंक देते हैं। अगर हम आसपास के जरुरतमंदों तक भोजन पहुंचाएं तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देते हैं। हमें इन आजमाए हुए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव है। जागरुकता की भी कमी है। हम उन्हें सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं। वचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गयी है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण के कारण जान गंवा रहे हैं। प्रदूषण के कारण लोगों की उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार है। आइए हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकारें हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली धनराशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है। देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। बिडंबना यह है कि युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति कम होने के बजाए बढ़ रही है। विगत दशकों में हर छोटे-बडे. समारोहों में शराब सेवन का प्रचलन बढ़ा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। साथ ही घर-परिवार का माहौल भी दूषित हो रहा है। शराब सेवन के कारण समाज में अपराध और बलात्कार जैसी बुराइयां बढ़ रही हैं। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति तेज हो रही हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और धुम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। अभी गत वर्ष ही देश में कुछ नीतिगत मसलों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और उपद्रव देखने को मिला। इस उपद्रव में बड़े पैमाने पर युवा चेहरे शामिल देखे गए। यह ठीक नहीं है। राष्ट्र निर्माण में युवा उर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी है और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। सच तो यह है कि युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। आइए हम इस नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।



**अरविंद जयतिलक**
**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# सिर से पाँव तक मुहब्बत के जाल में फंसा हुआ कवि


देश की संस्कृति का आज बहुत नाम लिया जाता है । उसका जीवंत रूप क्या है ? उसका रूप यदि विषाद और महान है यदि उसमें सैकड़ों शताब्दियों की गहराई और गंभीरता और जीवन है तो उसे हम इतिहास का सहारा लिए बिना कैसे समझ सकते हैं ? संस्कृति अंधे की लकड़ी नहीं कि जिसे लिये 'लिये लोग सर्वत्र घूमें' बिना जाने क्या उसकी परिभाषा इतनी सहज है? वह तो कल्पतरु है । जिसकी शाखाओं की शाखाएँ 'हम और आप - आज जीवित हैं । उसकी छांह में बैठकर ही कहीं एक जगह से हम उस पूरे का रूप नहीं देख सकते हैं ,न पा सकते हैं,न समझ सकते हैं ?
चार सौ साल हुए इस कल्पतरु की शाखा पर एक पंछी आकर बैठ गया था। उसकी मीठी बोली हम आज भी सुन रहे हैं। - शमशेर बहादुर सिंह
देश की संस्कृति के कल्पतरु पर आकर बैठा यह पक्षी 'हमारी परंपरा हमारी विचारधारा और संस्कारों में' न केवल डूबा हुआ है बल्कि ह्यअपनी ओर से उस संस्कृतिह्व में योग दे रहा है। इस योगदान को समझना एक तरह से खुद को समझना है। पूरा नाम अब्दुल रहीम खानखाना । महान योद्धा ,शासक (गुजरात के सूबेदार ),संत ,कवि, विद्वान, दानवीर आदि अनेक रूप हैं जिनपर अलग अलग बात की जा सकती है । समावेशिता ऐसी कि 'नमाज और कृष्ण ,तलवार और किताब ,काव्य और ज्योतिष, दान और पौरुष' सबको साथ लेकर चलने में सक्षम । सबको साथ लेकर चलाने की यही कला उन्हें एक मुकम्मल इंसान बनाती है अक्षरारंभ के साथ ही हिन्दी के जिन तीन कवियों से हमारी भेट होती है वे हैं -कबीर ,तुलसी और रहीम । मजे की बात यह है कि अक्षरारंभ न भी हो तो भी इन तीनों से हमारी भेट हो जाती है । कम से कम लोक में ये तीनों ही कवि साथ- साथ चलते दिखाई देते हैं । यह एक महज संयोग है या इन कवियों में कहीं कोई संगति है जिसके नाते तीनों साथ-साथ चलते हैं। यह अलग बात है कि शिक्षा जगत में रहीम बहुत दूर तक आगे नहीं आ पाते। हाईस्कूल या हद से हद इंटरमीडिएट तक जाते जाते हम रहीम से छुट्टी पा लेते हैं । कबीर और तुलसी से हमारी मुलाकात आगे भी होती रहती है। इस पर अलग से विचार करने की जरूरत है कि हमारी काव्यस्मृति में एक साथ दाखिल होने वाले तीन कवियों में से एक को उच्च शिक्षा के सोपानों तक जाने से रोक दिया जाता है ? कहीं इसलिए तो नहीं कि हमारा काव्याभ्यास रहीम को नीति के दोहे तक सीमित कर देता है और नीति या सूक्ति को श्रेष्ठ काव्य का दर्जा नहीं दिया जाता ! क्या रहीम की कविता सिर्फ नीति कथन तक महदूद है ?यदि ऐसा है तो अपने फारसी कलाम में रहीम के यह कहने का कि मैं सिर से पाँव तक मुहब्बत के जाल में फँसा हुआ हूँ ,क्या कोई अर्थ नहीं है ? क्या कबीर ,तुलसी और रहीम की संगति के बहाने इस पहलू पर भी विचार संभव है ?
लोक में तीनों कवियों की सह उपस्थिति संकेत करती है कि तीनों में कुछ न कुछ संगति है । हालांकि यह संगति देखने का हमारा अभ्यास नहीं है । वैसे भी तीनों ही कवियों के जीवन में कहीं कोई समानता नहीं मिलती । कबीर बुनकर जुलाहे का जीवन जीते हुए ज्ञान और अध्यात्म की सभी प्रचलित सरणियों को छोड़ देते हैं और उनसे ऊपर उठकर सत्य की तलाश करते हैं। कबीर घर फूँक मस्ती वाले कवि हैं । घर फूँक मस्ती का अर्थ है मौजूदा घर को असाध्य मानकर नए घर की तलाश करने वाला। ऐसा नहीं है कि कबीर को घर की जरूरत नहीं है । पर उन्हें गालिब की तरह बे-दरो दीवार वाला घर चाहिए । वे नितांत निछद्म हैं । कबीर को पहले से मिला घर स्वीकार्य नहीं है ,वे नया घर तामीर करना चाहते हैं। -जब तक नया घर नहीं बनता तब तक घर के खयाल से ही खुश हैं। वे किसी के आगे झुकने को तैयार नहीं हैं यहाँ तक कि अपने राम के सामने भी नहीं - 'मेरा मन सुमिरे राम को मेरा मन रामहि आहि ,इब मन रामहि ह्वै चला सिस नवावों काहि॥'
तुलसीदास अपने मौजूदा घर को असाध्य नहीं मानते । उसे थोड़ा रंग रोगन करके दुरुस्त कर लेना चाहते हैं । वे संग्रह और त्याग के विवेक के साथ कुछ को छोडकर और कुछ को लेकर आगे बढ़ जाते हैं । उन्होने अपने साहब राम की गुलामी स्वीकार कर ली है और

## स्मरण



**सदानन्द शाही**

घोषित कर दिया है कि - 'तुलसी अब का होहिंगे नर के मनसबदार' ।इसी दायरे में वे अपने पुराने घर को चाक चौबन्द करने में लगे हैं। कबीर और तुलसी दोनों का रास्ता साफ है । एक कहता है झ्रह्मजो घर जारे आपना चले हमारे साथ तो दूसरा कहता है 'जाके प्रिय न राम बैदेही ,तजिये ताहि कोटि बैरी सम जद्यपि परम सनेही' ।
रहीम की स्थिति इन दोनों से फरक है । वे लगभग खाना ब दोश हैं । उनके पास न तो बे दरो दीवार वाला घर है और न ही तुलसी का विधि विधान वाला । उन्हें कब कौन सा घर छोडकर किस घर में जाना पड़े ,कह नहीं सकते । रहीम की मुश्किल यह है कि उनके जीवन की एक डोर राम से बंधी हुई है तो बाकी शाह ए वक्त से। सब कुछ के बावजूद रहीम नर के मंसब दार हैं। । इस मनसबदारी के पीछे तरह तरह के खेल हैं झतीर कमान हैं। इसलिए रहीम के सामने सब कुछ साथ लेकर चलने की चुनौती है । सब कुछ छोड़ देने की अपनी मुश्किल है 'पर तय कर लें तो छोड़ सकते हैं ,किसी एक के पक्ष में खड़े होने की मुश्किलें हैं लेकिन यह भी संभव है लेकिन दोनों को लेकर चलना कठिन है । इसका अनुभव रहीम को है । कबीर की तरह ही रहीम का एक लोक प्रचलित दोहा है - 'चाह गयी चिंता गयी ,मनुआ बेपरवाह । जाको कछू न चाहिए वे साहन के साह' ॥ उन्हें सब कुछ छोड़ देने का ठाट मालूम था । लेकिन रहीम की मुश्किल यही है कि उन्हें सब कुछ लेकर चलना है।
अब रहीम मुश्किल पड़ी गाढै दोऊ काम ।
साँचे से तो जग नहीं ,झूठे मिले न राम ॥
जिन्हें सिर्फ राम चाहिए वे झूठ को छोडकर सत्य अपना सकते हैं । जिन्हें सिर्फ जग चाहिए वे भी सत्य से बेपरवाह होकर झूठ के पथ पर चल सकते हैं। जिन्हें दोनों चाहिए वे क्या करें ? झूठ और सच में कैसा संतुलन बनाएँ कि जग भी सध जाये और राम भी मिल जायें। रहीम को जीवन में यह संतुलन बनाए रखना पड़ा होगा । लोक स्मृति में रहीम की उपस्थिति इसी संतुलन के नाते है।
घर के साथ इन तीनों कवियों के तीन तरह के रिश्ते हैं झकबीर को जलाकर नया बनाने को उद्यत हैं ,तुलसी घर की मरम्मत कराकर उसके एक हिस्से में आसन जमा लेते हैं और रहीम घर की तलाश में एक सराय से दूसरे सराय में भटक रहे हैं। तीनों कवि अपने अपने ढंग से घर से बंधे हुये हैं ।लोक में इन कवियों की स्वीकृति की एक बड़ी वजह घर के साथ इन रिश्तों में है । लोक मन घर को लेकर इन्हीं रस्तों पर भटकता रहता है ।इसलिए इन कवियों को पढ़ते हुये उसे किसी हमसफर का सा एहसास होता है।
शायद इसीलिए रहीम की कविता का एक छोर कबीर से तो दूसरा तुलसी से मिलता है । कबीर और रहीम में एक समांतरता दिखाई पड़ती है । जब रहीम कहते हैं - 'काह करों बैकुंठ लै,कल्प वृक्ष की छांह। रहिमन ढाँक सुहावनी, जो गल पीतम बांह॥ कहते हैं तो बरबस कबीर का पद याद आ जाता है-
चलन चलन सब कोइ कह है।नं जाँनौं बैकुण्ठ कहाँ है।। टेक।।
जोजन एक परमिति नहिं जानैं, बातनि ही बैकुण्ठ बखानैं।
जब लग मनि बैकुण्ठ का आसा, तब लग नहिं हरि चरन निवास।
कहे सुने कैसे पतिअइऔ, जब लग तहाँ आप नहिं जइऔ।
कहै कबीर यह कहिऔ काहि, साध संगति बैकुण्ठहि आहि।।
रहीम के लिए बैकुंठ और कल्पवृक्ष की छाँह की तुलना में ढाँक की छाँह ज्यादा सुहावनी है यदि गले में प्रीतम की बांह हो। कबीर कहते हैं कि बैकुंठ कहाँ है और कैसा है यह नहीं मालूम लेकिन सच पूछिये तो साधु की संगति ही बैकुंठ है । रहीम का प्रीतम कबीर का साधू ही है । संत समाज सभा को ही कबीर बैकुंठ मानते हैं । यह साधु यह प्रीतम दरअसल हमनवां है जिसका साथ दोनों को बैकुंठ से श्रेयस्कर लगता है। सत्संगति की महिमा दोनों कवियों के यहाँ एक सी सांद्रता के साथ मौजूद है इसीलिए रहीम कहते हैं -रूठे सुजन मनाइए जो रूठे सौ बार ,रहिमन पुनि पुनि पोइए टूटे मुक्ताहार॥ यह सुजन भी साधु ही है ।दोनों के यहाँ साधु की पहली प्रतिश्रुति परहित है। जब रहीम कहते हैं कि तरुवर फल नहिं खात हैं सरवर पियत न पान। कहि रहीम परकाज हित संपति संचहि सुजान' तो ऐसा लगता है जैसे वे कबीर के इस दोहे को दुहरा भर रहे हैं - 'बृच्छ कबहुँ नहिं फल भखे ,नदी न संचे नीर। परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर' । इस साधु का स्वभाव कैसा होना चाहिए । कबीर कहते हैं सूप जैसा होना चाहिए क्योंकि वह सार को ग्रहण करता है और थोथे को उड़ा देता है। रहीम आत्माराम के लिए यही आदर्श रखते हैं - 'रहिमन या तन सूप है, लीजै जगत पछोर । हलुकन को उडि जान दे गरुए राखि बटोर ॥' इस साधु का एक लक्षण अहंकार का विसर्जन भी है ।कबीर प्रेम के घर में प्रवेश करने के पहले सीस (अहंकार) को उतार कर परे रखने की बात करते हैं,जब मैं था तब हरि नहिं कहते हैं तो रहीम कहते हैं कि यह (प्रेम की)गली बहुत संकरी है ,इसमें अहंकार और हरि दोनों में से कोई एक ही रह सकता है - ह्यरहिमन गली है सांकरी, दूजों ना ठहराहिं।आपु अहै तो हरि नहीं ,हरि तो आपुन नाहि॥ ह्यऔर जब वह परम प्रिय मिलता है तो उस अनुभव भी अनिर्वचनीयता एक जैसी ही है। रहीम के यहाँ - 'अंतर दाव लागी रहै ,धुंवा न प्रगटै सोइ। कै जिय आपने ज्ञान नहिं,कै जिहि बीती होई ॥' वाली स्थिति है तो कबीर के यहाँ भी यही स्थिति है झहिरदा भीतरि दौ बले, धुंवा न परगट होइ । जाके लागी सो लखे के जिहि लागी सोइ ॥ कई बार ऐसा लगता है कि जैसे रहीम के यहाँ कबीर के ही दोहे वेश बदल कर आ गये है। जैसा कि कुछ अध्येताओं का अनुमान है कि कबीर के बहुतेरे दोहे रहीम की रचनाओं में शामिल कर लिए गए हैं। यदि ऐसा हो भी तो मानना पड़ेगा कि रहीम को कबीर इतने ज्यादा पसंद हैं कि वे कबीर के कुछ दोहों को अपना लेते हैं। जाहीर है ऐसा तभी होता है जब भावभूमि कि एकता हो । भावभूमि की यह एकता जगह जगह दिखाई पड़ती है।
जैसा कि कहा गया रहीम की मनोभूमि का दूसरा छोर तुलसी से जुड़ता है । यह जुड़ना केवल काव्य वस्तु के धरातल पर नहीं है बल्कि उसके अनेक संस्तर हैं । तुलसी और रहीम की व्यक्तिगत मैत्री के भी अनेक प्रसंग हैं लेकिन यहाँ पर केवल कविता से जुड़े प्रसंगों पर ही चर्चा की जाएगी । पहली बात तो दोनों कवियों का भाषा संबंधी दृष्टिकोण । जिस तरह तुलसीदास पढे-लिखे बहुभाषाविद पंडित थे वैसे ही रहीम भी । यह एक सुविदित तथ्य है कि अकबर महान की देख रेख में रहीम की शिक्षा दीक्षा हुई थी । रहीम अरबी, फारसी, तुर्की ,संस्कृत और ब्रज तथा अवधी के विद्वान एवं कवि थे । इसलिए दोनों कवियों का काव्य कर्म लोक से शास्त्र और शास्त्र से लोक का संचरण करता हुआ दिखाई देता है । एक तरफ कबीर शास्त्र के कठिन बोझ से जनता को मुक्त कर रहे थे तो दूसरी ओर तुलसी और रहीम शास्त्र को लोक के निकट जाने लायक बना रहे थे। भक्तिकाल लोक भाषाओं के उदय का काल था । इस उदय से लोक भाषाओं में ऐसी शक्ति आ गयी थी कि वे स्वयं संस्कृत और संस्कृति के लिए निकष बन गयी थीं । यह वह समय था जब शास्त्रीय भाषाएँ अपना ऊंचा आसन छोडकर वैधता प्राप्त करने के लिए लोक भाषा के निकट आ रहीं थीं । तुलसी और रहीम को एक साथ रखकर देखने से यह तथ्य आसानी से समझ आता है ।बहुभाषाविद और संस्कृत ,अरबी और फारसी जैसी शास्त्रीय भाषाओं के विद्वान रहीम और तुलसीदास दोनों काव्य रचना के लिए लोकभाषा की ओर आते हैं ।शास्त्रीय भाषा पर पूरा अधिकार होते हुए भी ये दोनों कवि काव्य कौशल लोक भाषा में ही दिखलाते हैं । दोनों ही कवियों ने यहाँ तक पंहुचने में विचार यात्रा की है। भाषा के बारे में दोहावली में तुलसीदास का एक दोहा है - 'का भाषा का संसक्रित,प्रेम चाहिए साँच । काम जू आवे कामरी का लै करै कुमाच'। कुमाच कहते हैं दुशाले जैसी चीज को । जाड़े के लिए तो साधारण सी भेड़ के उन वाली कमली ही काम आ रही है, कुमाच लेकर क्या करेंगे। लगभग इसी वजन पर रहीम भी कहते हुए मिल जाते हैं कि-'काह कामरी पामरी ,जाड़ गए से काज। रहिमन भूख बुझाइए ,कैस्यो मिले अनाज'॥अगर भूख मिट रही है तो कैसा भी अनाज स्वीकार्य है और जाड़े से रक्षा हो रही है तो साधारण सा कंबल भी वरेण्य है। भाषा के बारे में दोनों ही कवियों का नजरिया मिलता है । शास्त्र अगर अपनी संरचना में इतने दुरूह हो गए हैं कि जन मन तक नहीं पंहुच पा रहे हैं तो यह संरचना बदल कर उन्हें जन मन तक ले जाना इन कवियों की पहली प्रतिबद्धता है ।शायद इसीलिए राजप्रासाद से बाहर वनवासी राम की छवि तुलसी को ही नहीं रहीम को भी अच्छी लगती है - 'चित्रकूट में रमि रहे तुलसी अवध नरेस/जेहि पर विपदा परत है सो आवत एहि देस' । तुलसी के वनवासी राम रहीम के जरिए ही अकबर के दरबार में पँहुचे होंगे और उस छवि पर मुग्ध होकर अकबर ने वनवासी राम की याद में सिक्का चलाया होगा। रहीम और तुलसी में एक समानता बरवै जैसे सहज छंद के प्रयोग को लेकर है। गुसाईं चरित के लेखक बाबा वेणी माधव को प्रमाण माने तो रहीम के बरवै नायिका भेद पर मुग्ध होकर तुलसीदास ने बरवै रामायण की रचना की है। 'कवि रहीम बरवै रचे, पठये मुनिवर पास /लखि तेहि सुंदर छंद में रचना कियेउ प्रकास'। खेटकौतुकम और रामाज्ञा प्रश्नावली जैसे फलित ज्योतिष के ग्रन्थों की रचना के पीछे कम से कम रुचि साम्य तो दिखाई ही पड़ता है। दोनों कवियों को उस समय के खलों के खेल का शिकार बनना पड़ा होगा । खलों की खलुता का अनुभव भी दोनों कवियों के यहाँ एक सा है। रहीम के नीतिपरक दोहों के मूल में यह अनुभव है ।



कबीर और तुलसी से समानता के विविध पहलुओं के रहीम के अपने अलग रास्ते को जानने के लिए उनके बरवै नायिका भेद और नगर वर्णन की घोर श्रृंगारिक कविताओं को जरूर देखा जाना चाहिए ।ये कवितायें बताती हैं कि रहीम सिर्फ काव्य रसिक ही नहीं बल्कि रसिक भी थे। लेकिन रहीम रसिकता लंपटता नहीं थी। मुगल दरबार की दिनचर्या में रसिकता के संदर्भ ही थे सबसे बड़ी बात यह कि रसिकता हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है । रहीम समग्र जीवन से प्यार करने वाले व्यक्ति थे। शिव सिंह सरोज में उनका एक फारसी कलाम उद्धृत है -
शुमार शौक न दानिस्ता अम कि ता चंद ऊपरी अस्त ।
जुज ई कदर कि दाम सख्त आजूमंद अस्त ॥
न दाना दनाम व नै दाम ई कदर दानम ।
के पाय ता बसरम हर चे हस्त दर बंद अस्त ॥
(मैं यह नहीं बता सकता कि मेरी मुहब्बत का जोश कहाँ तक बलंद है ,इतना जानता हूँ कि मुहब्बत के जाल में फँसा हुआ हूँ। मैं इतनी समझ - बूझ नहीं रखता कि दाना और जाल को पहचान सकूँ ,इतना जानता हूँ कि मैं सिर से पाँव तक मुहब्बत के जाल में फँसा हुआ हूँ। )
इसे यदि कवि का आत्म वक्तव्य मान लें तो यह बात साफ हो जाती है कि रहीम की पहली चाहत मुहब्बत ही है । यह मुहब्बत समग्र जीवन के लिए है । जीवन ने जब जिस मोरचे पर खड़ा किया रहीम उस पर पूरी शिद्दत से लगे रहे । इसीलिए जीवन के अनुभवों ने उन्हें नीतिकार बनाया ,शौर्य और ऐश्वर्य ने श्रृंगार का रस अनुभव करने का अवसर दिया और इस संसार की सही समझ उन्हें भक्ति की ओर ले गयी 'जाके सिर आस भार सो कस झोंकत भार अस/रहिमन उतरे पार ,भर झोंकि सब भाड़ में'॥ उनमें नीतिबोध था पर वे केवल नीतिकार नहीं थे ,उनमें संतई थी पर वे सिर्फ संत नहीं थे , श्रृंगार भी था पर वे सिर्फ श्रृंगारिक भी नहीं हो सकते थे । चाहें तो उन्हें नीति ,श्रृंगार और वैराग्य की त्रिवेणी बहाने वाले भृत्तिहरि की परंपरा में रख सकते हैं। ।

**( लेखक कवि एवं शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं )**

# स्वाधीनता संघर्ष ..कांग्रेस और वास्तविक इतिहास !

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान ने देश में बहस छेड़ दी है कि भारत को आजादी दिलाने में सिर्फ कांग्रेस का ही योगदान रहा। साथ में उन्होंने यह भी कह दिया कि भाजपा संघ अथवा किसी और का एक कुत्ता भी मरा हो तो उसका नाम बता दें। उनके इस अमर्यादित बयान ने एक बार फिर यह बात उजागर कर दी है कि कॉन्ग्रेस देश को आजादी दिलाने का श्रेय स्वयं के पास ही रख किसी भी अन्य सेनानी को इतिहास में स्थान नही देना चाहती है। आज देश को इस सत्य से अवगत कराने का वक्त आ गया है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की शुरूवात कॉन्ग्रेस ने की ही नहीं। सही मायने में तो इसकी शुरूआत कांग्रेस की स्थापना से बहुत पहले हो चुकी थी। जिसमें सभी वर्गों ने यथा क्षमता भाग लिया और कुर्बानियां दीं। बाबजूद हमें पाठ्य पुस्तकों में यह पढ़ाया जाता रहा कि देश को कॉन्ग्रेस नेस्वतंत्र कराया। उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को तो कभी प्राथमिकता दी ही नहीं गई, जिन्होंने आजादी के लिए अपने सिर कलम करवा दिए। सिद्धू मुर्मू, कानू मुर्मू और उनके संथाली भाइयों के बलिदान की चर्चा करना उचित होगा । इस परिवार के चार सदस्य अंग्रेजो द्वारा मार डाले गए। जबकि आजादी के संग्राम में 10 हजार संथाल आदिवासियों ने अपना बलिदान दिया है।
तथ्य यह है कि कांग्रेस 15 अगस्त 1947 से पूर्व अनेक वर्षों तक स्वतंत्रता संघर्ष का भारत का सबसे बड़ा मंच था। लेकिन वह कांग्रेस आज की तरह एक राजनीतिक पार्टी नहीं थी। अहिंसक आंदोलनों से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले दूसरी विचारधाराओं के लोग भी उस समय कांग्रेस के मंच से काम करते थे। कांग्रेस के नेता जिस हिंदू महासभा की दिन रात आलोचना करते हैं उन्हें यह पता होना चाहिए कि एक ही व्यक्ति एक साथ हिंदू महासभा एवं कांग्रेस दोनों का सदस्य हो सकता था। यहां तक कि अध्यक्ष भी। पंडित मदन मोहन मालवीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे और कांग्रेस के भी। वास्तव में सबका लक्ष्य अंग्रेजों से भारत की मुक्ति था और उसमें आज की तरह तथाकथित

## राजनीति




**डॉ राघवेंद्र शर्मा**

विचारधारा का तीखा विभाजन नहीं था। वर्तमान कांग्रेस तब के कांग्रेस के उन नेताओं का नाम नहीं लेती जिनकी विचारधारा को हिंदुत्ववादी या संप्रदायिक मानती है। अंग्रेजों को प्रतिवेदन देने वाले मंच से प्रखर संघर्ष के रूप में कांग्रेस को परिणत करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बाल गंगाधर तिलक के योगदान को कांग्रेस उस रूप में नहीं स्वीकारती जैसा था। यही बात लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल जैसे नेताओं के साथ लागू होता है। तिलक और लाला लाजपत राय दोनों उन स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिनिधि थे जो हिंदुत्व तथा धर्म अध्यात्म के आधार पर भारत का विचार करते थे। क्या इनका आजादी के आंदोलन में योगदान नहीं था? यह एक उदाहरण बताता है कि आजादी के आंदोलन को लेकर वर्तमान कांग्रेस की सोच संकुचित और विकृत है। एक और उदाहरण लीजिए। डॉ राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी धारा के नेता भी कांग्रेस के साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष में सक्रिय थे। क्या कांग्रेस कभी इनकी और इनकी तरह दूसरे नेताओं के महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करती है? वास्तव में छोटे बड़े संगठनों, संगठनों से परे और कांग्रेस में भी ऐसे लाखों की संख्या में विभूतियां थीं जिन्होंने अपने-अपने स्तरों पर स्वतंत्रता की लड़ाई में योगदान दिया, अपनी बलि चढ़ाई। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर उन गुमनाम स्वतंत्र सेनानियों को तलाश कर सामने लाया जा रहा है। जितने सेनानियों के विवरण आ रहे हैं वे बताते हैं कि कोई एक संगठन ,कुछ नेता या कोई एक पार्टी स्वतंत्रता का श्रेय नहीं ले सकती।
सबसे अधिक हैरानी इस बात पर होती है कि कॉन्ग्रेस वीर सावरकर को कायर बताकर उनका चारित्रिक हनन करती रहती है। जबकि यह स्थापित सत्य है कि वीर सावरकर एकमात्र ऐसे योद्धा थे जिन्हें अंग्रेजों द्वारा दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें प्रताड़ित करने के लिए तेल निकालने वाले कोल्हू में बैल के स्थान पर जोता गया। उल्लेखनीय है कि वीर सावरकर के शेष तीनों भाई भी क्रांतिकारी रहे। सब से बड़ी बात तो यह है कि इनके देश प्रेम को आदर्श मानकर ही मदनलाल ढींगरा विदेश गए और शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की हत्या का बदला अंग्रेजों से लिया। देश के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने सावरकर बंधुओं से देश के लिए मरना सीखा। कॉन्ग्रेस और उसके नेता अक्सर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से यह सवाल भी करते रहते हैं कि उनके किस नेता ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। इस बाबत यह उल्लेख करना उचित रहेगा कि डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक हैं, उन्हें एक से अधिक बार जेल हुई। एक बार तो जब वे रिहा होकर नागपुर लौटे तो उनके स्वागत में ढेर सारे कांग्रेसी भी मौजूद हुए। जिनमें मोतीलाल नेहरु प्रमुख रहे ।उन्होंने बेहद प्रसन्नता के साथ कहा था कि स्वतंत्रता संग्राम में श्री हेडगेवार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो चली है। इसके अलावा भी नमक आंदोलन में संघ के आदि सरसंघचालक श्री हेडगेवार का विशेष योगदान रहा। उनके नेतृत्व में हजारों स्वयंसेवक उक्त आंदोलन को मूर्त रुप देने में लगे रहे। संघ की स्थापना तो वर्ष 1925 में की गई। जबकि श्री हेडगेवार इससे पहले भी हजारों स्वयंसेवकों के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम में विभिन्न दायित्वों का स्व स्फूर्त होकर निर्वहन करते रहे। बर्ष 1921 में जब असहयोग आंदोलन शुरू हुआ और सत्याग्रह की पहली शुरूआत हुई, तब भी डॉक्टर हेडगेवार उसमें बढ़ चढ़कर शामिल हुए। फलस्वरुप वे अंग्रेजों की आंख में खटकते रहे। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया और एक साल के कारावास की सजा सुनाई गई। यह सजा 1921 के अगस्त माह से शुरू होकर वर्ष 1922 के जुलाई माह तक जारी रही। बंगाल में अनुसीलन समिति और युगांतर नाम के क्रांतिकारियों के दल काफी सक्रिय थे। इनमें भी रास बिहारी बोस, सचिन नाथ सान्याल, बालेंदु कुमार घोष, महर्षि अरविंद के साथ डॉक्टर हेडगेवार की सक्रियता प्रमुखता से दर्ज है। 1930 में जब सविनय अवज्ञा आंदोलन और नमक सत्याग्रह उफान पर थे, तब भी डॉक्टर हेडगेवार अग्रणी नेता बने रहे। फलस्वरुप उन्हें अंग्रेजों ने गिरफ्तार किया और 9 महीने की सजा सुना दी। आजादी की लडाई में जंगल सत्याग्रह का उल्लेख प्रमुखता से दर्ज है। इसमें संघ के स्वयंसेवकों की भूमिका प्रमुख रही। यह तत्कालीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भी माना था। 1942 का स्वतंत्रता संग्राम भी अध्ययन करने योग्य है। सत्ता के दबाव में इतिहासकारों ने यह सच छुपाया कि तब सक्रिय आंदोलनकारियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका सर्वाधिक सक्रिय दर्ज की गई गई। उस दौरान अधिकतर स्वयंसेवकों ने लाठियां और गोलियां खाईं। जहां तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गठन की बात है तो डॉक्टर हेडगेवार को यह बात कांग्रेस में रहकर ही समझ आई कि जब तक आंदोलन जातियों और वर्गों में बंटा रहेगा, तब तक देश में फूट डालो राज करो कि नीति सफल होती रहेगी। अतः 1925 में संघ की स्थापना हुई और डॉक्टर हेडगेवार ने अपनी पूरी ताकत समाज को एकजुट करने में लगा दी। तो क्या कॉन्ग्रेस यह कहना चाहती है कि जो लोग दूसरे दलों के माध्यम से देश की सेवा करते रहे, वे सब देश भक्त थे ही नहीं? बहस तो इसी बात की है कि जिन लोगों ने कॉन्ग्रेस की भेदभाव पूर्ण नीतियों से अलग होकर अलख जगाई, ऐसे सुभाष चंद्र बोस, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, लाल बहादुर शास्त्री, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय औ? अन्य गुमनाम नायकों से देश रु ब रु क्यों न हो?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# नए वर्ष के मेरे संकल्प

**प्रभाशंकर उपाध्याय**

नए वर्ष की पूर्व संध्या पर अपने ने भी कुछ संकल्प ठाने थे। उनमें पहला था, प्रातःकाल सैर हेतु उद्यान जाएंगे। फलतः प्रातः होते ही पत्नी ने झिंझोड़ा, ह्यह्यघूमने जाइए।
रजाई में मूंसोड हुई स्थिति में स्थित रहते हुए पूछा, धूप निकली?
अभी कहां? अगर निकली तो बारह बजे के बाद ही निकलेगी।
तो जिस दिन जल्दी निकलेगी, उस दिन जाएंगे, मैं, अपना रजाई तप भंग नहीं करना चाह रहा था कि श्रीमतीजी ने रजाई खींच कर एक ओर डाल दी, मैं चाय बना लायी हूं। नहीं पीनी हो तो बाद में खुद बना लेना। अपन को अब, अहसास हुआ कि कल रात बेगम को अपना संकल्प बता कर कितनी बड़ी भूल कर बैठे थे? लिहाजा, हमने धूजणी से कंपकंपाते एक हाथ से कप थामा और दूसरे हाथ से रजाई को सीने से लगाया। तीन चार घूंट सुड़कने के बाद थोड़ी गर्मी प्रतीत हुई तो दूसरे हाथ में मोबाइल थाम लिया।
बेगम साहिबा सामने बैठ कर चाय की चुस्कियां ले रही थी। हाथ में मोबाइल सेट देख कर ताना मारा, क्योंजी, कल तो प्रतिज्ञा ली थी कि सुबह से दो घंटे तक मोबाइल को छुएंगे भी नहीं।
घूमने जाता तो साथ थोड़े ही ले जाता? मैं कुतर्क को उतर आया था। फिर तनिक संभल कर बोला, सिटी एप पर लोकल न्यूज देख लेता हूं।
पहला समाचार पढते ही बेसाख्ता निकला, शाबाश! बहादुरों।
क्या फिर कोई सर्जिकल स्ट्राइक हो गया है? अर्द्धांगिनी ने जिज्ञासा जतायी।
नहीं। चोरों ने शहर में चार जगह चोरियां की और एक जगह ए.टी.एम. तोडा है। पुलिस के अनुसार रात के तीन से पांच बजे के दरम्यान ये सब हुआ।
अरे...इसमें बहादुरी की क्या बात हुई, भला? बेटरहॉफ, बेटर खुलासा चाह रही थी। मैं बोला, मैडम! चुहाते कोहरे की धुंधयायी रात में, जब शीत लहर तीखे नश्तर की माफिक बदन को भेदे जा रही हो, उस समय ठंड से अकड़ी अंगुलियों से सर्द पाइप को पकड़ कर मंजिल-दर-मंजिल चढना। बे आवाज रोशनदान या खिड़की काटना। दरवाजों के ताले तोड़ना अथवा सेंध लगाना। दुकानों की शटर या एटीएम को काटना-मोड़ना-तोड़ना। किसी की नींद में खलल नहीं डालते हुए पहरेदारों, पुलिस और कुत्तों से बचते हुए, मंद प्रकाश में कीमती सामान बटोर कर उसी मार्ग से हवा हो जाना, कोई कम बूते की बात है? और इनका नए साल का संकल्प तो देखो कि पिछले साल चोरी का औसत तीन चोरियां प्रतिदिन रहा लेकिन नए वर्ष का आगाज होते ही दो पायदान चढ गए हैं, पठ्ठे!
इसके बात दूसरी न्यूज बलात्कार की थी। उसे पढकर मैंने टिप्पणी की, वाह! यह हुई, मर्दानगी।
अब, किसने मर्दानगी दिखा दी?
डीयर! कल रात एक बलात्कार भी हो गया, शहर में।
कैसे आदमी हो ऐसी खबरों पर आनंदित हो रहे हो?
हौंसले की बात है, मैडम! हमसे दूसरी रजाई में नहीं घुसा जाता और ये घोर शीत में दूसरे के घरों में जा घुसते हैं। धत्त...बोलकर बीवी ने चाय का ट्रे उठाते हुए कहा, ये निगेटिव समाचार पढना छोड़ो। रजाई भी छोड़ो और फिर से घुसे तो खैर नहीं।
खैर, अपन शौचालय को चले। कब्ज तथा बबासीर से सदा की भांति पीड़ा दी। जब हम ही नहीं बदले तो शरीर ने भांग थोड़े ही खायी है, जो बदल ले। खुद को बदलने का ख्याल छोड़ बाहर आए कि देखें नए साल में जग में कुछ बदला? सूर्यदेव पिछले वर्ष की भांति कोहरे में लिपटे हुए आराम फरमा रहे थे। पवन देव विगत वर्ष की तरह सन्ना रहे थे। पांचवे मकान में सास-बहू की रार का शाश्वत संवाद चल रहा था और उसका पूरे मोहल्ले में ब्रॉड-कॉस्ट हो रहा था। कचरा संग्रह करने वाली पिक-अप तीन दिन की तरह आज भी नदारद थी। दाएं पड़ौसी ने अपना कचरा प्रेमपूर्वक मेरे द्वार के आगे सरका दिया था लेकिन मैं उसे आगे नहीं ठेल सकता था क्योंकि बाएं वाले ने सदा की तरह अपनी कार को इस कदर स्नान कराया कि मेरे घर के आगे एक लघु तालाब बन गया था। कहीं कुछ नहीं बदला, बस कलैंडर बदला है। जब हम ही नहीं बदले तो जमाने से उम्मीद बेमानी है, यह सोचकर अपन पुनः रजाई शरणम्‌ गच्छामि हो गए।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क -9414045857)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# 25 हजार का इनामिया कुन्नू कंकाली मुठभेड़ में घायल

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के गड़ौली के पास चेकिंग के दौरान पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़ हो गयी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में की गयी फायरिंग से 25 हजार का ईनामिया कुन्नू कंकाली के पैर में गोली लगी जिससे वह गीर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

देवगांव प्रभारी गजानंद चैबे मय हमराह के साथ चेकिंग के दौरान रूद्रपुर चेवार तिराहे पर मौजूद थे जहां कुछ देर बाद देवगांव की तरफ से स्वाट टीम प्रभारी विनय कुमार दूबे मय हमराह भी आकर मिले। जनपद में घटित घटनाओं में फरार चल रहे अभियुक्तो की गिरफ्तारी के संबंध में आपस में बातचीत के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि अन्तर्जनपदीय इनामी अपराधी बिना

**कार्रवाई**

**अवैध असलहा, कारतूस व चोरी की पिकअप बरामद**

नम्बर लगी चोरी की पिकअप वाहन के साथ केराकत-देवगांव मार्ग पर करिया गोपालपुर की तरफ से गड़ौली होकर बुढ़ऊ बाबा आकर अपने साथियों के साथ मिलकर बकरी, भैंस चोरी करने की फिराक में है।

इस सूचना पर योजना के अनुसार स्वाट टीम गड़ौली में घेराबंदी करने चली गयी और प्रभारी देवगांव मय हमराह के साथ जयगुरुदेव आश्रम जाने वाले रास्ते के पास मोड़ पर आने जाने वाले गाड़ीयों को रोककर चेक करने लगे कुछ देर बाद स्वाट टीम द्वारा बताया गया कि एक सफेद रंग की पिकअप गाड़ी बुढ़ऊ बाबा की तरफ जा रही है। इस सूचना पर


पुलिस की गोली से घायल कुन्नू कंकाली।

सरकारी वाहन को आड़ी तिरछी खड़ी कर रोड ब्लाक कर गड़ौली की तरफ से आने वाले पिकअप वाहन का इन्तेजार करने लगे।

पुलिस टीम को देखकर चालक गाड़ी रोककर पीछे की तरफ जाने लगा। पीछे से स्वाट टीम के आने व प्रभारी देवगांव द्वारा गाड़ी की तरफ बढ़ने पर ड्राइवर पिकअप को बाये तरफ ग्राम सारंगपुर की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोड़ कर भागने लगा खराब रास्ते के कारण पिकअप वाहन फंस गया।

ड्राइविंग सीट पर बैठा व्यक्ति गाड़ी से उतर कर भागने लगा पुलिस बल द्वारा चारो तरफ से घेरने का प्रयास किया तो भाग रहे व्यक्ति ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर एक फायर किया।

थाना प्रभारी देवगांव व निरीक्षक रूद्रभान पाण्डेय द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में एक-एक राउण्ड फायर किया गया जिससे बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसकी पहचान 2500 ईनामियां कुन्नू कंकाली के रुप में की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिला को धमकी देने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ ने कार्रवाई करते हुए वर्चुअल नंबर व वीपीएन से व्हाट्सएप बनाकर महिला को आत्म हत्या न करने पर


साइबर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

उसकी आपत्तिजनक फोटो व वीडियो को वायरल करने की धमकी दी जा रही है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में सूचना दिया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे मोबाइल नंबर पर वर्चुअल व्हाट्सएप नंबर से अश्लील व अभद्र मेसेज किया जा रहा था रहा है तथा 10 दिन में आत्म हत्या न करने पर आपत्तिजनक फोटो व विडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी बार-बार दिया जा रहा है। पीड़िता की सूचना पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश में जुट गयी। विवेचना से सूरज सोनकर पुत्र दीपचंद सोनकर निवासी सरैया थाना देवगांव का नाम प्रकाश में आया। बुधवार को विभा पाण्डेय, निरीक्षक साइबर क्राइम थाना व टीम मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में थे की जरिये लोकेशन के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त सूरज सोनकर पुत्र दीपचंद सोनकर को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उसके पास से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल बरामद कर लिया।

# गांव में प्रतिदिन होनी चाहिए सफाईः एडीओ पंचायत

## सफाई कर्मियों की बैठक में दिया गया निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** गुरुवार को विकास खंड सभागार में खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह तथा एडीओ पंचायत ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में लालगंज सफाई कर्मचारियों की बैठक हुई। खंड विकास अधिकारी द्वारा सफाई कर्मियों को निर्देशित किया गया कि समूचे विकास खंड में 136 विद्यालय हैं तथा ग्राम सभा में पंचायत भवन हैं। इसके अलावा अन्य सरकारी जो भवन हैं उसकी साफ-सफाई अनिवार्य रूप से प्रतिदिन होनी चाहिए।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए सरकारी योजना चलाई जा रही है। सफाई कर्मी जिस गांव में है उस गांव में जो लोग गौशाला से गोवंश पालने के लिए लेंगे उनको प्रति गोवंश प्रति महीने 900 रुपए रखरखाव के लिए दिया जाएगा। जो लोग दो या तीन पालना चाहते हैं उनका बजट उसी हिसाब से ज्यादा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय से प्रत्येक शुक्रवार को विकास खंड के 2 ग्राम सभाओं में ग्राम चैपाल लगायी जाएगी। जिन गांव में चैपाल लगना है उसमें सफाई बराबर होती रहनी चाहिए। एडीओ पंचायत ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि समस्त सफाई कर्मी अपने ग्राम सभाओं में सफाई करते वक्त मोबाइल से अपनी उपस्थिति ब्लॉक मुख्यालय पर फोटो द्वारा प्रतिदिन उपलब्ध कराएंगे। जिस दिन अनुपस्थित रहना हो, सफाई कर्मियों को उसके पहले एक प्रार्थना पत्र देकर खंड विकास अधिकारी से अपनी छुट्टी मंजूर करा कर ही अपने ड्यूटी से घर जा सकते हैं। जो लोग ड्यूटी में लापरवाही करेंगे पकड़े जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है। इस अवसर पर महेंद्र तिवारी, अरुण कुमार, मेवालाल, संजय सरोज, राम भवन, मोतीलाल, मनोज कुमार, संगीता, हेमलता तिवारी, पन्ना लाल सोनकर तथा रामसेवक आदि सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# असलहा रखकर फर्जी रूप से फंसाने वाले चार गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** थाना देवगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध पिस्टल रखकर मुकदमें में फंसाने का दुष्प्रयास करने वाले 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

अवैध पिस्टल की संदिग्ध बरामदगी के सम्बंध में 13 दिसम्बर को थाना मेहनाजपुर पर आर्म्स एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। इसकी विवेचना निरीक्षक अपराध रुद्रभान पाण्डेय थाना देवगांव को दी गयी थी। दौरान विवेचना पता चला कि थाना तरवां का मकान नम्बर 14ए पंकज उर्फ अखिलेश सिंह पुत्र रामजनम सिंह ग्राम अवनी थाना तरवांएक असलहा तस्कर है जिसके विरुद्ध थाना तरवां पर कई मुकदमें पंजीकृत हैं जिसका एक गैंग है, जिसका कार्य असलहा तस्करी करना व लोगो को फर्जी मुकदमे में फंसाना है।

अभियुक्तों विवेक सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी गंगवल थाना मेहनाजपुर, सूरज विश्वकर्मा पुत्र रामनाथ निवासी गंगवल थाना मेहनाजपुर, विवेक कुमार


देवगांव कोतवाली में गिरफ्तार अभियुक्त।

सिकरेटरी पुत्र पंचलाल निवासी चिउटहरा थाना मेहनाजपुर व सुधीर वर्मा पुत्र राधेश्याम उर्फ बुद्धू गोंड निवासी रामनगर थाना मेहनाजपुर व पंकज उर्फ अखिलेश सिंह पुत्र रामजनम सिंह निवासी अवनी थाना तरवां ने मिलकर ब्लाक तरवां में कतिपय प्रधानों व अन्य की शिकायत व जांच कराने वाले मनोज कुमार यादव पुत्र राम अधार यादव निवासी पट्टी भिखारी थाना तरवा को फंसाने की नियत से पंकज उपरोक्त द्वारा विवेक कुमार सिकरेटरी ब्लाक तरवा के कहने पर एक अवैध पिस्टल विवेक सिंह प्रधान प्रतिनिधि गंगवल को दिया गया तथा विवेक सिंह के सहयोगी सूरज विश्वकर्मा व सुधीर वर्मा उपरोक्त द्वारा उक्त पिस्टल को बोरी में रखकर मनोज यादव उपरोक्त के मेडिकल स्टोर, जनसेवा केन्द्र पर दुकान के बाहर एक बोरी में नाजायज पिस्टल रखवाकर फर्जी मुकदमें में फंसाने का दुष्प्रयास किया गया था।

बुधवार को अपराध निरीक्षक थाना क्षेत्र में मौजूद थे। मुखबिर से सूचना मिली कि जिन अभियुक्तो का तलाश है वो सभी कही भागने की फिराक में निहोरगंज बाजार में किसी वाहन का इंतजार कर रहे हैं। यदि जल्दी किया जाय तो पकडे.जा सकते है। इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस निरोहरगंज बाजार पहुंची तो तिराहे पर खडे 4 व्यक्तियों को पकड लिया। पकडे गये व्यक्तियों से बारी बारी नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम विवेक सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह व सूरज विश्वकर्मा पुत्र रामनाथ निवासीगण गंगवल थाना मेहनाजपुर, विवेक कुमार सिकरेटरी पुत्र पंचलाल निवासी चिउटहरा थाना मेहनाजपुर व सुधीर वर्मा पुत्र राधेश्याम उर्फ बुद्धू गौंड निवासी रामनगर थाना मेहनाजपुर बताया। पुलिस ने चारों को संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पंकज उर्फ अखिलेश सिंह पुत्र रामजनम सिंह निवासी अवनी थाना तरवां की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश दी जा रही है।

# बरतन स्टोर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**लाखों का नुकसान**

**घंटों मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू**

जनसंदेश न्यूज

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बा के नया चैक पर स्थित बरतन स्टोर में बुधवार की रात्रि में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। आगलगी में लगभग 15 लाख रुपए का नुकसान हो गया। घंटों मशक्कत के उपरांत फायर ब्रिगेड और नगर पंचायत जल निगम ने आग पर काबू पाया।

रणजीत कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी महादेव नगर की अजमतगढ़ कस्बा में नया चैक पर राजेंद्र बरतन स्टोर की दुकान है। बुधवार की रात्रि दुकान बंद करके वह अपने घर चला गया। घर पहुंचने के पश्चात दुकान में आग लगने की सूचना मिली। जब तक वह दुकान पर पहुंचता आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। अजमतगढ़ नगर पंचायत जल निगम की गाड़ी व आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत की। जीयनपुर पुलिस ने पहुंचकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई। घंटों मशक्कत के उपरांत आग पर काबू पाया गया।

तब तक स्टोर में रखा स्टील, एल्यूमीनियम, फाइबर, प्लास्टिक, पीतल, फूल आदि के रखे हुए बर्तन व सामान जलकर राख हो गये। सूचना पर गुरुवार की सुबह राजस्व कर्मी राकेश पांडेय ने पहुंचकर हुए नुकसान का आकलन किया जिसमें 13 लाख 50 हजार रुपए का सामान जलकर खाक हो गया था। सुशील श्रीवास्तव निवासी सोकहना आईमां के मकान में दुकान थी लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ।


आगलगी से दुकान में जले सामान।


मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का सामान राख

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एदिलपुर गांव निवासी योगेंद्र के मकान पर रात्रि में अचानक शॉर्ट सर्किट के वजह से आग लग गई जिसमें मकान स्वामी का लगभग लाखों रुपए का नुकसान हुआ। यह तो संजोग अच्छा था कि जिस कमरे में आग लगी थी उस कमरे में मौके पर कोई नहीं था। पीड़ित ने बताया कि रात्रि में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी तो किसी तरीके से हम लोगों ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाते तब तक घर में रखा सामान टीवी, गहने, कपड़े इत्यादि जलकर राख हो गए। आग लगने से लगभग 2 लाख का नुकसान हुआ है। संजोग अच्छा था कि कमरे में सोने वाला व्यक्ति टहलने चला गया था जिसकी वजह से किसी के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

# धूमधाम से मनायी गयी वीर एकलव्य की जयंती

## निकाली गयी झांकी, जय एकलव्य जय निषाद राज के लगे नारे

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत की एकलव्य नगर वार्ड से गुरुवार की शाम वीर एकलव्य की झांकी निकाली गई जिसमें वीर एकलव्य के जीवन पर आधारित नाटक के माध्यम से उनकी वीर गाथाओं का वर्णन किया गया वहीं दूसरी तरफ निषाद समाज की वीरांगना फूलन देवी के जीवनी पर भी गीतों के माध्यम से उनकी वीरता का बखान किया गया। एकलव्य की झांकी अतरौलिया नगर पंचायत के मुसाफिर चैक गोला क्षेत्र गोविंद तिराहा बरन चैक दुर्गा मंदिर होते हुए केसरी तिराहे पर पहुंचा वहां से पुनः एकलव्य नगर पहुंचकर झांकी समाप्त हुवा। कार्यक्रम का आयोजन डॉ.धर्मेंद्र निषाद ने किया।

डॉ.धर्मेंद्र निषाद ने बताया कि हम लोग अपने पूर्वज वीर धनुर्धर एकलव्य के जन्मोत्सव पर यह शोभायात्रा निकाले हैं जो नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए पुनः एकलव्य नगर में संपन्न होगी। 10 वर्षों से लगातार एकलव्य जयंती का आयोजन किया जाता है। कोरोना काल के दौरान यह आयोजन बंद रहा उसके बाद से लगातार एकलव्य जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। राजेंद्र निषाद ने कहा कि वीर एकलव्य निषाद समाज के गौरव हैं। भाजपा नेता दिनेश मद्धेशिया ने कहा कि वीर एकलव्य की वीरता को हम शब्दों में नहीं आंक सकते। उनके द्वारा किए गए धनुर्विद्या के हम लोग कायल हैं। इस मौके पर संतोष निषाद, राजेंद्र निषाद, राम सबद, वीरेंद्र निषाद, इंकलेट निषाद आदि उपस्थित थे।


वीर एकलव्य की जयंती पर झांकी निकालते निषाद समाज के लोग।

# पुण्यतिथि पर बांटे गये गरीबों को 350 कम्बल

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** ग्राम सभा जियासड़ में स्व.राजेंद्र सिंह की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमन्दो को 350 कम्बल वितरण किया गया। कम्बल का वितरण भाजपा नेता प्रमुख समाज सेवी ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए ज्ञानू सिंह ने स्व. राजेंद्र सिंह की स्मृतियों को याद करते हुए बताया कि वह सादगी के प्रतिमूर्ति थे उनके सहयोग की भावना को आज भी क्षेत्र के लोग याद करते हैं जिसे उनके पुत्रों द्वारा आज भी जारी रखा जा रहा है जो अन्य के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अखिलेश कुमार मिश्रा गुड्डू ने कहा कि स्व. रामकुँवर सिंह जो क्षेत्र में शिक्षा की मशाल जलाये उसी परम्परा को उनका पुरा परिवार आगे बढ़ाता रहा स्व. राजेन्द्र सिंह ने अपने पिता के आदर्शो को जीवंत रखा। स्व. राजेन्द्र सिंह के पुत्र विजय कुमार सिंह जिला मन्त्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने क्षेत्र में बालिका शिक्षा, अधिकारों व स्वास्थ के प्रति जागरूकता पर लोगों को आगे आने का आहवान किया। पुण्यतिथि स्मरण कार्यक्रम में जनपद व क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवियों ने भी प्रतिभाग किया जिसमें मुख्य रूप से गप्पू सिंह डीहा, धनंजय सिंह बाऊ, समाजसेवी राकेश सिंह, डायरेक्टर यशवंत सिंह, डायरेक्टर डॉ आलोक कुमार सिंह, पप्पू सिंह, जयशंकर मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सिंह, विजय दूबे, रविंद्र सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।


पुण्यतिथि पर कम्बल वितरित करते ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू।

# सड़क सुरक्षा हेतु दिलायी गयी शपथ


जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम व एसपी।


पुलिस लाइन परिसर में सड़क सुरक्षा की शपथ लेते लोग।

जनसंदेश न्यूज

**डीएम व एसपी ने जागरूकता रैली को किया रवाना**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाइन परिसर में सड़क सुरक्षा माह का दीप प्रज्ज्वलित कर समारोहपूर्वक शुभारम्भ किया गया। जागरूकता रैली को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही सभी लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलायी गयी।

जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम 5 जनवरी से शुरू होकर 4 फरवरी तक चलाया जायेगा। इस दौरान लोगों को रोड सेफ्टी के विषय में जागरूक किया जायेगा, जिससे लोग जागरूक हो सकें और सड़कों पर चलते समय नियमों का पालन कर अपनी व अन्य लोगों के जान माल की सुरक्षा कर सकें।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रयास है कि जन सहभागिता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें सभी संबंधित विभाग शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, परिवहन आदि विभागों द्वारा आपस में समन्वय बनाकर इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। सड़क सुरक्षा के नियम के अंतर्गत सीट बेल्ट लगाना, हेलमेट पहनना और ओवरस्पीडिंग न करना, इसका सभी लोग पालन करें, यही लोगों से अपील की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत स्कूलों में, गांव में सबको यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता के बाद भी यदि लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं करते हैं तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शीतलहर में दुर्घटनाओं से बचाव हेतु ट्रैक्टर-ट्राली एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाया जा रहा है एवं होटल, ढाबे के किनारे जो गाड़ियां खड़ी होती है, उसके विरूद्ध आज से एक अभियान शुरू किया गया है। उसमें ढाबे, होटल वालों की जिम्मेदारी तय की जाएगी कि उनके ढाबे, होटल के सामने सड़क पर कोई ट्रक या अन्य कोई बड़ा वाहन रोड के किनारे न खड़ा हो, इससे भी सड़क दुर्घटना में कमी लाई जाएगी।

## संक्षेप

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी का किया गया स्वागत



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** राजा जय लाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेंद्र कुमार ध्रुव का गुरूवार को डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में स्वागत किया तथा उन्हें बुके देकर नव वर्ष की बधाई दी। 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के चैथे सीएमएस के रूप में कार्यभार ग्रहण करने वाले डॉ.सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को लोगों ने सम्मानित किया। डॉ.ध्रुव ने बताया कि अस्पताल में कुछ डॉक्टरों की कमी है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए शासन को अवगत कराएंगे, साथ ही साथ अस्पताल में मरीजों के समुचित इलाज के लिए पूरा प्रयास करेंगे ताकि दूर-दूर से आए हुए गरीब मरीजों को इलाज के अभाव में इधर-उधर न भटकना पड़े। इस मौके पर डॉ.प्रदीप कुमार, डॉ.सुनील कुमार, मनोज मारिया, सुनील विश्वकर्मा, स्टाफ नर्स मंजू लता, निर्मला गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, ममता यादव, संतोष, धर्मेंद्र, पंकज पांडेय, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अलाव के लिए ईओ को सौंपा ज्ञापन



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा जनता को राहत पहुंचाने के लिए जगह-जगह अलाव की व्यवस्था किया गया है। अतरौलिया नगर पंचायत के वार्ड अंबेडकर नगर वासियों ने अपने मोहल्ले में अलाव न जलने का आरोप लगाते हुए ईओ को ज्ञापन सौंप कर अपने वार्ड में अलाव जलाने की मांग की मांग की। अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति में नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक गिरीजेश यादव द्वारा ज्ञापन लेने के बाद लोगो की मांग को गंभीरता से लेते हुए उन्हीं के द्वारा चिन्हित स्थान पर अलाव जलाने की तत्काल व्यवस्था करायी गयी। अधिशासी अधिकारी डॉ.लव कुमार मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पंचायत में 10 जगह पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था 18 जगह कर दी गई थी, लेकिन कुछ लोगों द्वारा ज्ञापन दिया गया। जिसे गंभीरता से लेते हुए दो जगह और चिन्हित किया गया है इस प्रकार अतरौलिया नगर पंचायत में पूरे 20 जगहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। ज्ञापन देने वालों में विवेक जायसवाल, अभिमन्यु जयसवाल, बेचू अहमद, असफाक अहमद, पंकज कुमार, इरशाद अहमद, दशरथ जायसवाल, उमेश आदि शामिल हैं।

### एसडीएम निजामाबाद को सीएम ने किया सम्मानित



**संजरपुर (आजमगढ़)।** उप जिलाधिकारी निजामाबाद रवि कुमार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा जन शिकायत का निस्तारण समय पर करने से प्रथम स्थान दिया गया है। तहसील निजामाबाद के एसडीएम रवि कुमार द्वारा शिकायती पत्र का समय से निस्तारण करने पर जिलाधिकारी की रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रथम स्थान देकर सम्मानित किया गया है। उन्हें दिसंबर माह की आइजीआरएस रैंकिंग में प्रथम पाया गया। जन शिकायत के निस्तारण पर मुख्यमंत्री का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण पर जोर भी रहता है। जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का यह नतीजा रहा कि एसडीएम निजामाबाद रवि कुमार को प्रथम स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

### सदाचार के साथ जियें जीवनः योगी रामेंद्र नाथ



**माहुल (आजमगढ़)।** गोरखनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी योगी रामेंद्रनाथ माहुल के अतरडीहा गांव स्थित आरएसएस कार्यालय पहुंचने पर आरएसएस के सेवको ने उनका जोरदार स्वागत किया। पंडित धरणीधर पाण्डेय ने उन्हे अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। स्थानीय क्षेत्र के अतरडीहा गांव स्थित आरएसएस के माहुल नगर कार्यवाह विक्रांत पाण्डेय के आवास पर बुधवार रात गोरखनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी योगी रामेंद्र नाथ पहुंचे। योगी रामेंद्र नाथ ने विक्रांत पाण्डेय का कुशल क्षेम जाना। उन्होने कहा कि सनातन परंपरा का ध्वज लेकर चलने वाला मनुष्य कभी पराजित नहीं हो सकता। समय समय पर योग बल और तप बल से हमारे ऋषि मुनियों ने आतताइयों को लोहा मनवाया है। उन्होंने लोगो से सदाचार के साथ जीवन जीने की अपील किया। इस अवसर पर राजेश पाण्डेय, हौशिला पाण्डेय,सचिन मोदनवाल, आंसू जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### महा शतचंडी यज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में 151 कुंवारी कन्याओं के द्वारा हाथी घोड़ा बैंड बाजा के साथ नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई। अजमतगढ़ कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय के समीप बगीचे में बुधवार से 9 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 151 कुंवारी कन्या ने हाथी घोड़ा बैंड बाजा के साथ अजमतगढ़ कस्बे में भ्रमण कर राम वाटिका से जल भरकर यज्ञ स्थल तक ले गई इस दौरान कस्बे में श्री राम के जयघोष के नारों से पूरा अजमतगढ़ कस्बा गुंजायमान हो उठा। विधि विधान व परंपरा के अनुरूप यज्ञ आचार्य स्वामी जगदीशानंद महाराज ने कलश की स्थापना की वही सैकड़ों की संख्या में लोगों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। यज्ञ आचार्य स्वामी जगदीशानंद महाराज ने बताया कि स्वामी अनुराग त्यागी के द्वारा प्रतिदिन प्रवचन किया जाएगा वही 13 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है कलश यात्रा में मुख्य रूप से इंदल सिंह कन्हैया अग्रवाल बृजेश जयसवाल बहादुर निषाद शिवम राय अजय साहनी विनोद महेंद्र सहित दर्जनों की संख्या में अजमतगढ़ कस्बे के लोग सम्मिलित रहे।

### शस्त्र धारक के तीन शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक ने तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक, थाना सरायमीर की आख्या के आधार पर हीरालाल गौतम पुत्र रामजश, निवासी खानपुर दोस्तपुर, थाना सरायमीर के विरूद्ध एक मुकदमा पंजीकृत है। जिसमें अभियुक्त को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। अभियुक्त वर्तमान में जिला कारागार आजमगढ़ में निरूद्ध है। अभियुक्त हीरालाल के पास 3 शस्त्रों के लाइसेंस थे जिसने शस्त्र लाइसेंस संख्या-298/37 शस्त्र रिवाल्वर संख्या-8636, 02- शस्त्र लाइसेंस सख्या-310 शस्त्र एसबीबीएल संख्या- 20468, 03- शस्त्र लाइसेंस सख्या-301/46, शस्त्र राइफल सं0- एबी-005272 ले रखा था। 28 दिसम्बर को जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़ विशाल भारद्वाज द्वारा अभियोजन पक्ष के बहस एवं तर्कों के आधार पर शस्त्र लाइसेंसी अभियुक्त हीरालाल गौतम उपरोक्त के तीनों शस्त्रों के लाइसेंस को निरस्त किया गया है।

### किशोरी को भगाने वाला गिरफ्तार

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया। रानी की सराय थाना निवासी महिला ने 24 मई 2021 को दी गयी तहरीर में उल्लेख किया था कि उसकी पुत्री को थाना क्षेत्र के अंधौरी गाव निवासी रिजवान अहमद बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने विवेचना के दौरान दलित उत्पीड़न. पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी कर तलाश कर रही थी। उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिह ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के पटेल नगर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### धमकी देने के मामले में पांच गिरफ्तार

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अबुसईदपुर निवासी अब्दुल्ला खां की तहरीर पर घर पर चढ कर धमकी देने के आठ आरोपियों में पाच आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी शिव कुमार मिश्र ने बताया कि गांव के अब्दुल्ला ने गांव के ही आठ लोगो के विरुद्ध घर पर चढ कर गाली गलौज कर धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पांच आरोपित को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

# मानव तस्करी में लिप्त आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा


पत्रकार वार्ता में खुलासा करते एसपी

**मीरजापुर।** मानव तस्करी करने वाले गैंग का पुलिस ने पदार्फाश कर गैंग से सम्बन्धित 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर बिक्री किये गये बालक सकुशल बरामद किया। थाना चुनार मीरजापुर पर 02 जनवरी 2023 को थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अपने पड़ोस में रहने वाले नामजद आरोपियों के विरूद्ध षड़यंत्र के तहत नौकरी दिलाने के नाम पर जनपद आगरा ले जाकर खरीद-फरोख्त करने व मारपीट करने तथा वादिनी के 2 वर्षीय पुत्र को बेच देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मुकदमां पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा मानव तस्करी से सम्बन्धित उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में टीमें गठित कर यथाशीघ्र बालक की बरामदगी व घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गये। गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन महेश सिंह अत्री व क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते हुए भौतिक व इलेक्ट्रानिक/सर्विलांस साक्ष्यों के आधार पर बिक्री किये 2 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद करते हुए मानव तस्करी की घटना में संलिप्त 06 अभियुक्त/अभियुक्ता ऊषा गोड पत्नी संजय गोड, रामबाबू सोनकर पुत्र लच्छू सोनकर, नीतू सोनकर पत्नी रामबाबू निवासीगण काशीराम आवास कस्बा चुनार थाना चुनार मीरजापुर व वीरपाल पुत्र रामवीर निवासी नगला बुर्ज रोनकता थाना सिकन्दरपुर आगरा, सुधा सिंह सिसोदिया पत्नी वीरपाल निवासिनी श्री जी हास्पिटल त्रिदेव बिहार थाना ट्रान्सयमुना आगरा, परम सिंह पुत्र दुर्जन सिंह निवासी कलेक्टरी बिहार थाना ट्रान्सयमुना जनपद आगरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता के कब्जे घटना में प्रयुक्त 05 मोबाइल तथा ऊषा एवं रामबाबू के कब्जे से बालक की ब्रिक्री से प्राप्त धनराशि 25 हजार बरामद किया गया। अभियुक्ता सुधा सिंह के कब्जे से क्रय किया हुआ 2 वर्षीय बालक बरामद किया गया। थाना चुनार पर पंजीकृत उक्त अभियोग में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता को जेल भेजा जा रहा है।

# महिला का आपत्तिजनक फोटो वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार


खुलासा करते एसपी सिटी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो वायरल करने व धमकी देने का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को. शहर, मीरजापुर पर 03 जनवरी 2023 को थाना को शहर क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अपने साथ नशीला पदार्थ खिलाकर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो वनाकर वायरल करने व धमकी देने के सम्बन्ध में नामजद अभियुक्त के विरुद्ध धारा 328,506 भा0द0वि0, व 66 ई. आईटी एक्ट बनाम प्रमेश उर्फ दीपू पाठक के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को. शहर को निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मिश्रा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर नामजद आरोपी प्रमेश उर्फ दीपू पाठक पुत्र रंगनाथ पाठक निवासी झिलवर बीजर थाना जिगना मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## संक्षेप

### देर रात सड़क पर निकले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट किया अलाव का सत्यापन



**लालगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/ उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने बुधवार की देर रात तक क्षेत्र में जलाए जा रहे अलाव का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने अलाव स्थल पर ग्रामीणों से पूछताछ कर प्रतिदिन के अलाव का फीडबैक लिया। उन्होंने जिम्मेदार प्रभारी को हिदायत दिया कि किसी भी स्थिति में अलाव जलते रहना चाहिए। तहसील क्षेत्र के 24 स्थानों पर ठंड के मौसम में अलाव प्वाइंट के निरीक्षण के क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा तहसील मुख्यालय बाजार लालगंज में बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के सामने, लालगंज दुबार तिराहे पर, विजयपुर मोड़ व बस्तरा तिराहे के पास जल रहे अलाव स्थल का सत्यापन किया। जहां पर अलाव जल रहा था। मौजूद ग्रामीणों से अलाव से संबंधी जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर राहगीर यात्रियों को वाहन के लिए प्रतीक्षा करते समय ठंड के मौसम में अलाव की व्यवस्था की गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में अलाव जलवाए और प्रतिदिन की रिपोर्ट दें। कहा कि तहसीलदार शशांक शेखर राय हलिया क्षेत्र में अलाव का जायजा लिए हैं। सार्वजनिक स्थानों के अलावा भी अलाव जलवाया जा रहा है।

### जिले में बढ़ी गलन तो ठिठुर गए लोग, सूर्य देव का नहीं हुआ दर्शन

**मीरजापुर।** जिले में बीते पांच दिनों से लगातार सर्द हवाओं का कहर जारी है जिसके चलते जीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ ही साथ ठहर सा गया है। लोग आग के सामने बैठने को विवश हो गए हैं हालांकि तहसील प्रशासन के द्वारा कुछ स्थानों पर अलाव भी जलाया जाने लगा है लेकिन सर्द हवाओं के चलते जहां एक ओर लोगों के काम प्रभावित हो रहे हैं वही श्रमिक लोग भी अपने कामों पर नहीं पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी सूर्य देव का दर्शन नहीं मिला जिससे गलन बढ़ गई। वहीं पटेवर गांव में मंत्री के आने के बावजूद लोगों को कंबल का वितरण नहीं हुआ और लोग आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कुछ लोगों को कंबल का टोकन भी तहसील प्रशासन ने दिया लेकिन चेहेतों को ही लाभ मिल सका। मड़िहान तहसील में कुल 1572 कंबल आए थे। 221 गांव के सापेक्ष में इतने कम कंबल होने के लोगों को राहत अभी तक नहीं मिल पाई। हालांकि समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा भी क्षेत्र में कंबल का वितरण किया जा रहा है।

### 70% से कम आधार नामांकन पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड मुख्यालय पर बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक ब्लाक मुख्यालय पर आहूत किया गया। मड़िहान तहसील के अंतर्गत भाग संख्या 116 से 214 बूथों पर नियुक्त बीएलओ की एक आवश्यक मीटिंग उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह के निर्देश पर बृहस्पतिवार को दोपहर विकासखंड राजगढ़ के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें सभी उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार मड़िहान बिंदु कुमार ने बताया कि फोटो सिमिलर तत्काल सभी बीएलओ द्वारा सत्यापित कर लिया जाए। चुनाव आयोग का निर्देश है कि सभी मतदाताओं का शत प्रतिशत आधार वेरीफिकेशन करना है। 9 जनवरी को केंद्रीय चुनाव आयोग सभी मतदान स्थल पर नामांकित वोटरों का बिंदुवार समीक्षा करेंगे। जिस भाग संख्या का 70% से कम आधार नामांकन होगा उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में उपस्थित बीएलओ ने मानदेय बढ़ोतरी एवं मानदेय न मिलने की शिकायत किया। जिस पर नायाब तहसीलदार ने तत्काल बीएलओ के मानदेय को उनके खातों में भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संतोष कुमार मौर्या एडीओ पंचायत कृषि, बटेश्वर सिंह, बीएलओ संतोष कुमार पाठक, राजकुमार सिंह, सोमनाथ पाल, राम दुलारे, अनीता, मधुबाला, सबल सिंह, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, राधेश्याम, लक्ष्मण, धर्मराज आदि सैकड़ों बीएलओ उपस्थित रहे।

### युवक ने मारपीट व आठ हजार रुपये छिनैती का लगाया आरोप

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी चन्द्र प्रकाश ने बुधवार देर शाम थाने में तहरीर मारपीट करने व आठ हजार रुपए छिनने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में पीड़ित ने बताया कि बुधवार शाम चार बजे हलिया से अपने घर वापस जा रहा था कि बगल के गांव निवासी युवक ने फोन कर अदवा कालोनी हथेड़ा टंकी के पास बुलाया वहां पहुंचा तो देखा कि बंजारी कलां गांव निवासी तीन युवक पहले से खड़े हैं मेरे पहुंचने पर चारों लोग घेरकर मुझे मारने पीटने लगे और जेब में रखा आठ हजार रुपए छिन लिए और बोले कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने मारपीट व रूपए छिनने वाले चारों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### 25-25 हजार के इनामिया गैंगेस्टर एक्ट के दो वांछित गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से सम्बन्धित 25-25 हजार के ईनामियां 02 आरोपी विनय कुमार शर्मा पुत्र जवाहर लाल शर्मा निवासी रजवाड़ा थाना सुखपुरा बलिया व संजय साहनी पुत्र बैजनाथ साहनी निवासी कोनहवा थाना दरियापुर छपरा बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### दरवाजे पर खड़ी दो बाइकों पर चोरों ने किया हाथ साफ

**अदलहाट।** क्षेत्र के पथरौरा गांव में बुद्धवार की देर रात्रि दरवाजे पर खड़ी दो बाइक को कुहरे और ठंड का लाभ उठाते हुए अज्ञात चोर उठा ले गए। पीड़िता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की सरगर्मी से तलाश में जुट गई है। थाना क्षेत्र के पथरौरा गांव निवासी वसीम अहमद पुत्र गुलाम रसूल प्रतिदिन की भांति अपने अपाचे व स्प्लेंडर दोनों बाइकों को खड़ा कर घर में सोने चला गया। सुबह जब बाइक स्वामी सोकर उठा तो दरवाजे पर खड़ी दोनों बाइको को न देखकर हतप्रत रह गया। घर के पास पड़ोस में खोजबीन करने के बाद कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को बाइक चोरी होने की सूचना दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### कैम्प में वितरित किया गया दिव्यांग प्रमाण पत्र

**जमालपुर।** गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से कृत्रिम उपकरण पंजीकरण के लिये कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ट्राई साईकिल लेने के लिये 30, वैशाखी के लिये 10, व्हील चेयर के लिये 5 और कैलिपर लेने के लिये 21 लोगों ने आवेदन पत्र जमा किया। कैंप में हड्डीरोग बिशेषज्ञ डा.अनुराग पटेल, कान रोग बिशेषज्ञ डा.दीप्ति पांडेय एवं आंख बिशेषज्ञ डा.राम विमल सिंह की टीम ने 6 लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया। इस दौरान एडीओ समाज कल्याण रमाकांत मिश्रा, प्रधान गुड्डू सिंह, रविशरण गुप्ता, जिला दिव्यांग विभाग से अशोक कुमार सोनकर, अखिलेश सोनकर, शैलेंद्र राना, प्रभा सिंह, दिलशन ईत्यादि लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसा ट्रक, बाल-बाल बचे लोग

**मीरजापुर।** मंडी चौकी क्षेत्र के बथुआ सेप्टन मिल के पास अनियंत्रित होकर ट्रक घर में घुस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गयी। बता दें कि गुरुवार की भोर में मंडी चौकी क्षेत्र के बथुआ सेप्टन मिल के पास अनियंत्रित होकर एक ट्रक घर में घुस गया जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर मंडी चौकी पुलिस को सूचना दी गई जहां मौके पर पहुंचकर पुलिस ट्रक चालक को पकड़कर कार्रवाई में जुट गई। संयोग अच्छा था कि कोई हानि नहीं हुई।

### किसानों को छूट पर मिल रहा है सामान

**जिगना।** गैपुरा कृषि बीज गोदाम के प्रभारी दिनेश सिंह ने किसानों को अवगत कराया है कि जिन किसानों को कृषि गोदाम से बखरी ड्रम लेना हो वे कृषि बीज गोदाम पर संपर्क कर 4000 की बखरी 2000 की सब्सिडी पर उपलब्ध है। किसान ले सकता है और अपने उपज के अन्न को इसमें सुरक्षित रख सकते है। इसके लिए किसान को आधार कार्ड बैंक पासबुक लाना होगा। जिससे उनके सब्सिडी के पैसे को उनके खाते में भेज दिया जाए। उन्होंने बताया कि कृषि बीज गोदाम पर कीटनाशक दवाइयां भी उपलब्ध है। जिसको अरहर और सरसों के पेड़ पर छिड़काव कर अच्छी फसल पैदा की जा सकती है।

# अधिवक्ता चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी

जनसंदेश न्यूज

गहमागहमी

### अध्यक्ष व सचिव पद पर आज होगा चुनाव

**लालगंज।** विन्ध्य युवा अधिवक्ता समिति के नए वर्ष 2023 के कार्यकारिणी चुनाव में अध्यक्ष एवं सचिव के पद पर आमने-सामने सीधा मुकाबला होगा। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। 6 जनवरी को मतदान एवं उसी दिन परिणाम की घोषणा की जाएगी।

अध्यक्ष पद हेतु अखिलेश कुमार मिश्रा व आनंद प्रताप सिंह के बीच सीधा मुकाबला होगा। वही सचिव पद से राजेंद्र प्रसाद मौर्य व सुरेंद्र प्रताप सिंह के बीच कांटे की टक्कर होगी। शेष सभी पद निर्विरोध निर्वाचित किए गए। उपाध्यक्ष पद से राजेश कुमार जयसवाल, एवं संयुक्त सचिव पद से राजेश कुमार गुप्ता, एवं पुस्तकालय पद से प्रदीप कुमार दुबे, ऑडिटर पद से राकेश कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह, निर्विरोध निर्वाचित हुए वही कार्यकारिणी समिति के सदस्य गुलामे रसूल, जनार्दन प्रसाद मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी, शरद कुमार मौर्य, नित्यानंद मौर्य, सुनील कुमार पाल, बृजेश कुमार मिश्रा,को बनाया गया।

इस आशय की जानकारी चुनाव निर्वाचन अधिकारी जीत नारायण दुबे व सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य एडवोकेट ने दिया। अध्यक्ष एवं सचिव पद से दो-दो उम्मीदवार आमने-सामने चुनाव लड़ रहे हैं। लड़ाई रोमांचक बनी हुई है। अध्यक्ष एवं सचिव पद के दावेदार सभी अधिवक्ताओं के घर दस्तक दे रहे हैं और अपने पक्ष में मतदान करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं।

# पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत


घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस।

जनसंदेश न्यूज

दुखद

### युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम

**हलिया।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग स्थित विद्युत उपकेंद्र से सौ मीटर आगे हलिया में बुधवार शाम साढ़े तीन बजे के करीब अनियंत्रित पिकप के धक्के से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हलिया थाना क्षेत्र के बिमौरी गांव निवासी तिलक का 35 वर्षीय दामाद सोनू उर्फ कूट्टू निवासी अमराज थाना क्षेत्र जिला कानपुर अपने ससुराल बिमौरी गांव में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ तीन वर्ष से रहकर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करता था। बुधवार शाम साढ़े तीन बजे के करीब बिमौरी से हलिया बाजार बाइक से जा रहा था जैसे ही पावर हाउस से सौ मीटर आगे बढ़ा कि सामने से आ रहे पिकप वाहन ने अनियंत्रित होकर धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पिकप चालक धक्का मारने के बाद मौके से भाग निकला।

स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एस आई विजय यादव ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गए। सूचना पाकर मृत बाइक सवार की पत्नी प्रमिला भी रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंच गई। मृतक को दो पुत्र हैं।

परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एस आई विजय यादव ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। फरार पिकप चालक का पता लगाया जा रहा है।

### उपचार के दौरान घायल की मौत

साथी का ट्रामा सेंटर में चल रहा है उपचार

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लालगंज दीपनगर मार्ग पर बुधवार की रात कठवार गांव में खड़े ट्रक में बाइक टकराकराने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। एक घायल का ट्रमासेंटर में उपचार चल रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी 22 वर्षीय अर्जुन पुत्र माधव सिंह अपने एक अनाम साथी के साथ बुधवार की रात सात बजे बाइक द्वारा दुबार कला से लालगंज खजूरी वापस आते समय कठवार गांव में खड़ी ट्रक में पीछे टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। दोनों घायलों का बेहतर उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल से चिकित्सकों द्वारा ट्रामासेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान युवक अर्जुन सिंह की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रामासेंटर में एक घायल का उपचार चल रहा है।

# जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारम्भ


मौजूद लोगों को संबोधित करतीं डीएम।

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में गुरुवार से 04 फरवरी 2023 तक मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ बथुआ स्थित आईटीआई कालेज के सभागार में सांसद राज्यसभा राम सकल, विधायक सदर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी., डीएम दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

तदुपरान्त जन प्रतिनधि व अधिकारियों के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान से सम्बन्धित वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मा. सांसद राज्यसभा अरूण सिंह के प्रतिनिधि धंनजय पाण्डेय के अलावा अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम में आईटीआई कालेज के छात्रों के द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से अभिवादन किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी, आरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, आरटीओ संतोष कुमार सिंह, विजय प्रकाश सिंह, राजकुमार पीटीओ एवं पुष्पेन्द्र सिंह आरआई के द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि धैर्य एवं धीरज के साथ वाहन चलाने हेतु सभी लोग अपनी जिम्मेदारी मानते हुये दूसरो को भी नियंत्रित स्पीड व ट्रैफिक नियमों के अनुसार वाहन चलाने हेतु प्रेरित करें। सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की जानकारी के लिये अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम पर बल देते हुये कहा कि जीवन सुरक्षा से सम्बन्धित गोष्ठियों को आयोजित कर लोगो को नियमों बारे में बताया जाय। उन्होने कहा कि दुघर्टना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पतालों में पहुॅचाना सभी व्यक्ति का कर्तव्य है कही भी दुघर्टना होती है और कोई भी व्यक्ति उधर गुजर रहा हो तो दुघर्टना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुॅचाया ताकि उसके जीवन को बचाया जा सकें। मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने कहा कि दुघर्टना होने पर प्रत्येक व्यक्ति का यह मानव धर्म है वे उसे नजदीकी अस्पताल पहुॅचाये ताकि उसका प्राथमिक उपचार किया जा सकें। डीएम दिव्या मित्तल ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वंय की सुरक्षा के लिये सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग आवश्यक हैं। अपने प्रति स्वंय की जिम्मेदारी समझे ट्रैफिक नियमों का पालन करे तो निश्चित रूप से दुघर्टनाओं से होने वाली मृत्यु दर को रोका जा सकें। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का मुख्य उद्देश्य इसके प्रति लोगो को जागरूक किया जाना हैं। उन्होने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य है इनके सुधरने से पूरा देश सुधरेगा। मौके पर अपर डीएम वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, जिला कमाण्डेड होमगार्ड बी.के. सिंह के अलावा मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# अपर डीएम ने रात्रि में भ्रमण कर रैन बसेरा का किया निरीक्षण


देर रात अलाव का निरीक्षण करते एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने बुधवार की रात्रि में नगर पालिका परिषद, मीरजापुर में भ्रमण कर रैन बसेरा व अलाव जलाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने रैन बसेरा बस अड्डा रोडवेज परिसर निरीक्षण के समय रैन बसेरा के केयरटेकर उपस्थित रहें। यहाँ पर कुल 40 लोगों के रूकने के लिए रजाई गद्दे, अलाव, पेयजल व सेनेटाइजर की व्यवस्था समुचित पायी गयी।

अलाव के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद, मीरजापुर अन्तर्गत वार्ड रमईपट्टी, अस्पताल, घण्टाघर व रोजवेज पर अलाव जलता हुआ पाया गया। भ्रमण के दौरान यह भी पाया गया कि त्रिमुहानी, तहसील तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा कचहरी पर भी अलाव जलाये जाने की आवश्यकता है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर को निर्देशित किया जाता है कि उक्त स्थलों पर भी अलाव जलवाकर फोटोग्राफ व्हासएप के माध्यम से सायं तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# कूड़ा संग्रह केंद्र का शुरू हुआ निर्माण


कूड़ा सग्रह के कार्य का निरीक्षण करतीं सचिव व प्रधान प्रतिनिधि।

**जिगना।** विकासखंड छानबे में मॉडल गांव में चयनित विजयपुर ग्राम पंचायत की मोर्चा पहाड़ी पर गुरुवार को कूडा संग्रह केद्र का लेआउट के साथ-साथ समतलीकरण व खुदाई का कार्य शुरू करा दिया गया है। प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल के द्वारा बताया गया कि ठोस तरल व अवशिष्ठ प्रबंधन के लिए इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही ग्राम विकास अधिकारी सौम्या सिंह के द्वारा यह बताया गया कि कूड़ा संग्रह के लिए ई रिक्शा ठेला गाड़ी के खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।

कूड़ा उठाने के लिए गांव के ही व्यक्ति का चयन किया जाएगा। प्रत्येक घर से कनेक्शन चार्ज लेकर कर कार्य कर रहे कर्मचारी को दिया जाएगा। ग्राम प्रधान और सचिव ने यह भी बताया कि विजयपुर ग्राम पंचायत में इसका बनना अति आवश्यक था क्योंकि ग्राम पंचायत बड़ा व घनी बस्ती होने के कारण एकत्रित हुए अप बिष्ट पदार्थ को पहाड़ पर ले जाकर खाद आदि चीजें बनाई जाएंगी और बस्ती को साफ सुथरा रखने में सहायक होगा। इस दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय प्रताप सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क को ब्लॉक कर की जा रही है खोदाई आवागमन हफ्तों से बाधित

**जिगना।** जिगना मिश्रपुर रोड से संपर्क मार्ग रोड रामपुर औता प्रधानमंत्री रोड को हर घर जल योजना के तहत सड़क के बगल ठेकेदार द्वारा मनमानी तौर पर गड्ढा खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूरे सड़क को ब्लॉक कर दिया गया है। रोड पर केवल दो पहिया वाहन ही चल सकते हैं। इस रोड से कम से कम 10 गांव के लोगों का आवागमन होता है। खुदा ना खास्ता इस ठंड के मौसम में किसी की तबीयत खराब हो जाए तो उसे चारपाई पर ही लिटा कर मेन रोड तक लाया जायेगा। इस समय खुदाई करना रोड को ब्लॉक कर देना ठीक नहीं इसको लेकर रामपुर हंस वार के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विद्या सरोज उर्फ साहब सरोज, ग्रामीण राजमणि बिंद, सुरेंदर बिंद, देवीशंकर, विंध्यवासिनी ने नाराजगी जाहिर की है। तथा खोदे गए गड्ढे को तत्काल पाटकर आवागमन चालू करने की मांग की है।

# वन संपदा की सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले वनकर्मियों पर होगी कार्रवाई


जंगल में जांच करते वार्डेन।

**हलिया।** हलिया वन रेंज के दिघिया पौधशाला व हर्रा डाक बंगला का गुरुवार को वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव प्रभाग मीरजापुर (वार्डेन) अरविन्द कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर रेंजर तथा मौजूद वन कर्मियों को वनों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही नही बरतने की सख्त हिदायत देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वार्डेन ने रेंज के दिघिया कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों का निरीक्षण करने के बाद परिसर में स्थित पौधशाला का निरीक्षण किया और रेंजर राम नारायण को आगामी पौधारोपण के लिए पौधों को तैयार कराने का निर्देश दिया। इसके बाद वार्डेन ने हर्रा डाक बंगला का निरीक्षण कर जर्जर हो चुके डाक बंगला के मरम्मत कार्य हेतु रेंजर को स्टीमेट बनाकर विभाग को भेजने के लिए कहा। वार्डेन ने वनसेंचुरी क्षेत्र में जोड़ी गई पत्थर की दीवार गायब होने गिट्टी तुड़ान तथा वन भूमि पर कब्जा कर खेती किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा में तैनात वनकर्मियों को आड़े हाथों लिया और लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। गिट्टी तुड़ान में शामिल मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए रेंजर को निर्देश दिया। रेंजर को वन तथा वन संपदा की सुरक्षा में किसी तरह से भी कोताही नही बरतने के लिए हिदायत दी। इस संबंध में वार्डेन अरविन्द कुमार ने बताया कि सेंचुरी क्षेत्र के भुअरी वन क्षेत्र में चहारदीवारी के पत्थरों से गिट्टी तुड़ान में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु रेंजर को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि जल्द ही हलिया वन सेंचुरी क्षेत्र के भुअरी, खरिहट व परसिया वन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। राजस्व तथा वन भूमि की पैमाईश के लिए एसडीएम लालगंज से वार्ता की गई है। इस दौरान डिप्टी रेंजर टीपी सिंह, वन दरोगा राम दुलार तिवारी, अजय प्रकाश, श्रवण कुमार संत वन्यजीव रक्षक राणा प्रताप सिंह, राम दास, शीतला बख्श सिंह आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने सड़क सुरक्षा प्रचार रथ को किया रवाना

**शुभारंभ**

### सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर मनाया जा रहा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

जनसंदेश न्यूज



प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** परिवहन विभाग की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हो गया है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार रथ को रवाना किया। गुरुवार को संत कीनाराम पीजी कालेज में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश देने वाले प्रचार वाहनों को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान 4 फरवरी तक चलेगा।

इस दौरान दो जागरूकता वाहन शहर के समस्त मार्गो, चौराहों, सभी तहसील, ब्लाकों, थानों में घूम-घूमकर जन-सामान्य को यातायात नियमों के पालन को जागरूक करेंगे।

विधायक ने कहा कि ऐसा क्यों है कि पुलिस-प्रशासन के भरसक प्रयासों के बाद भी जनसामान्य के मध्य जागरूकता उत्पन्न कराने के लिए बार-बार सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित करना पड़ता है। उसके बाद भी सड़क दुर्घटनाओं में अपेक्षित कमी नहीं आ रही है।

उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों में हमें कोई बीमारी होने पर उसका इलाज आदि कराने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है किन्तु सड़क दुघर्टना होने पर सुरक्षा उपकरण हेलमेट, सीट बेल्ट न पहने होने पर लगने वाली गंभीर चोटों का परिणाम केवल मौत होती है। इलाज करने का समय भी नही मिलता। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि वे स्वयं के साथ अपने मित्रों, परिचितों, स्वजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। डीएम चंद्र विजय सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं हमारे निजी जीवन के साथ-साथ देश को आर्थिक, सामाजिक क्षति पहुंचाती हैं। अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में 20 से 40 वर्ष आयुवर्ग के व्यक्ति के ऐसे लोगों की जन क्षति होती है जो कि अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे।

उनके बाद उनके परिवार की स्थिति दयनीय हो जाती है। इन दुर्घटनाओं के मुख्य कारण ओवर स्पीड, खराब रोड डिजाइनिग, खराब मौसम होते हैं। आजकल वाहन स्वामी ऐसे वाहन दौड़ाते है कि न जाने कौन सी इमरजेंसी है जबकि सड़क पर इमरजेंसी केवल फायर सर्विस, एंबुलेंस, पुलिस-प्रशासन को किसी आपात स्थिति में जान -मान हानि बचाव को होती है। हमें वाहन इस सावधानी से चलाना चाहिए कि दुर्घटना कभी भी-कहीं भी हो सकती है।

इस अवसर पर चोपन ब्लाक प्रमुख लीला गौड़, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, एआरटीओ प्रशासन धनबीर यादव, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर सिंह व संभागीय निरीक्षक आलोक यादव ने भी विचार व्यक्त किए। आयोजक एआरटीओ धनबीर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अधिकाधिक प्रचार प्रसार करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का हम सबको प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में सीओ ट्रैफिक अमित कुमार, यातायात पुलिस के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार, डॉ गोपाल सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे। संत कीनाराम पीजी कालेज के प्रबंधक डॉ गोपाल सिंह ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# अल्ट्राटेक ने अलाव के लिए उपलब्ध करायी लकड़ी


वैष्णो मंदिर पर अलाव की लकड़ी के साथ सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारी

**डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सीएसआर द्वारा गुरुवार की दोपहर कम्पनी इकाई प्रमुख राहुल सहगल एवं मानव संसाधन के मुखिया पंकज पोद्दार के निर्देशन में वैष्णो मंदिर पर अलाव के लिए एक ट्रक लकड़ी दी गई। लकड़ी देने के पश्चात मंदिर कमेटी द्वारा सीमेंट फैक्ट्री के कार्यो की सराहना की गई। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के मौसम में आम जनमानस को ठंड से बचाया जा सके।

तेलगुड़वा चौराहे पर दो जगह, डाला रामलीला मैदान में तिवारी कटरा, तिवारी कटरा के सामने, अंसारी आटा चक्की के पास, पुलिस चौकी, समेत विभिन्न जगहों पर लकड़ी दी गई। सीएसआर हेड ऋषि राज सिंह शेखावत ने बताया कि मंदिर पर लकड़ी देने का उद्देश्य आने जाने वाले दर्शनार्थियों व गौ शाला में रह रही गायों को ठंड से राहत दिलाना है। लकड़ी वितरण अनवरत चलता रहेगा। नगरवासियों ने अल्ट्राटेक द्वारा आम जनमानस के ठंड से बचाव हेतु यह सराहनीय कदम उठाये जाने की प्रशंसा की। इस मौके पर सुरक्षा अधिकारी दिनेश यादव, सृजन किशोर, दीपक गौड़ समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दुद्धी छात्र संघ चुनाव की अधिसूचना जारी, 17 को होगा मतदान

**दुद्धी।** भाऊराव देवरस पीजी कालेज के छात्र संघ निर्वाचन की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी गयी। अधिसूचना जारी होते ही छात्रनेताओं व संभावित दावेदारों में सरगर्मी शुरु हो गयी। निर्वाचन अधिकारी मिथिलेश कुमार गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी डा. बृजेश कुमार यादव व संरक्षक डा. नीलांजन मजूमदार ने संयुक्त रुप से बताया कि छात्र संघ के 7 पदों पर चुनाव सम्पन्न कराये जाएंगे। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, पुस्तकालय मंत्री, कला संकाय प्रतिनिधि, वाणिज्य संकाय मंत्री, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि का पद है, जिसमें एक से लेकर चार पदों पर दो हजार की जमानत राशि, वहीं पांच से सात पद के लिए एक हजार की जमानत राशि निर्धारित है। बताया कि 8 जनवरी को सुबह 10 बजे से 4 बजे शाम तक नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी। 9 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र जमा किये जायेंगे, 10 को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, उसी दिन 1 बजे वैध नामांकन पत्रों की घोषणा की जाएगी। 12 को नाम वापसी कर उसी दिन शाम 4 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। 17 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा, तत्पश्चात शाम 4 बजे मतगणना उपरांत परिणामों की घोषणा की जाएगी। इसके बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

### दो नामजद समेत दर्जनों के विरुद्ध केस दर्ज

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के कोठा टोला में पांच दिन पूर्व हुए सड़क दुर्घटना में सड़क जाम करके बवाल करने के आरोप चौकी प्रभारी ने दो नामजद व दो दर्जन अज्ञात के विरुद्ध चोपन थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि पहली जनवरी को सूचना मिली कि ओबरा की तरफ आ रही एक डम्फर ने एक बाइक सवार को धक्का मार दिया था। जिससे सत्यम चौरसिया को गम्भीर चोटे आयी थी। जब मौके पर पहुंचा तो ट्रक के नीचे एक मोटरसाइकिल फंसी थी और 34 वर्षीय सुनील उर्फ सोनू राय पुत्र प्रेमशंकर राय निवासी नियर बिल्ली मारकुण्डी, ओबरा व 24 वर्षीय लालू यादव पुत्र नवाब चन्द यादव निवासी खैरटिया ओबरा व 20-25 व्यक्ति अज्ञात डाला-ओबरा मार्ग को अवरुद्ध कर दिये थे। जिससे जीवन रक्षक सेवाओं की आपूर्ति वाधित हुई तथा आवागमन ठप हो गया। वहीं मुकदमा पंजीकृत होते ही नगर में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

### आटो पलटने से एक श्रद्धालु की मौत

**कोन।** स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित मां अमिला धाम दर्शन के लिए आटो से जा रहे एक श्रद्धालु की आटो पलटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र के रोरवा गांव से छः लोग आटो पर सवार होकर मां अमिला धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही मां अमिला धाम चढ़ाई को चढ़ना शुरू ही किये कि अचानक आटो का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। इस हादसे में आटो में सवार रोरवा निवासी 50 वर्षीय भोला राम पुत्र गुड्डूर को गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आटो सवार अन्य पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी। चीख पुकार सुनका आस पास के लोग मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य में जुट गये। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए घायलों को इलाज के लिए भेजवाया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की कार्यवाई में जुट गयी।

### जन्म लिया विचित्र बालक बना कौतूहल

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र अन्तर्गत मारकुंडी स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को एक प्रसव पीड़ित महिला पहुंची। मौके पर उपस्थित एएनम सुनीता विश्वकर्मा ने सहयोगी महिलाओं के साथ महिला का प्रसव कुशलतापूर्वक कराया। जिसमें पहला बच्चा स्वस्थ सुंदर होने के बाद दूसरा बच्चा विचित्र पैदा होने से महिलाओं में कौतूहल का विषय बन गया। जिसकी चर्चा आग की तरह आसपास के क्षेत्रों में फैल गयी। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गयी। महिला के परिजन बच्चों लेकर घर वापस चले गये। बताया गया कि प्रसव पीड़िता चांदनी पत्नी अफसर निवासी करतुहा, सिंगरौली अपने मायके गुरमा नगर पंचायत वार्ड 9 में मल्लु कुरेशी के घर आई थी। परिजनों ने बताया कि घर आने के बाद विचित्र बालक की मौत हो गई। जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### छापेमारी में चायनीज मांझा बरामद

**सोनभद्र।** जिले में दुकानों पर चायनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाने को पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा समस्त थानाध्यक्षों एवं चौकी प्रभारियों को अभियान चलाकर चेकिंग कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। इस क्रम में गुरुवार को थानाध्यक्षों द्वारा मय पुलिस फोर्स के अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दुकानों पर छापेमारी कर चायनीज मांझे के विरूद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर कोतवाली पुलिस ने कई दुकानों पर छापेमारी कर चाइनीज मांझा जब्त करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### डीजल चोरी में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एनसीएल दुद्धीचुआ परियोजना में डीजल चोरी के मामले में पुलिस ने गुरुवार को वांछित इनामिया मो. मकमूल खां उर्फ नन्हे पुत्र मो. अयूब खां, निवासी कन्हई मधुपुर, हनुमानगंज, प्रतापगढ़ व सलीम अहमद पुत्र स्व. मो0 इशतखार निवासी ग्राम बैढन वार्ड नं0-39, बैढन, सिंगरौली को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बता दें कि एसपी ने उक्त दोनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार का ईनाम घोषित किया था।

### अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग में 46 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बुधवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच की गयी, जिसमें 46 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमे 8 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### असहायों में बांटे 80 कम्बल, खिले चेहरे

**दुद्धी।** क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए जाबर ग्राम के प्रधान प्रतिनिधि अभय जायसवाल ने गांव के विभिन्न मजरों में असहायों में 80 कम्बल वितरण किया। जिससे ग्रामीणों के चेहरे खिल गये। इस मौके पर मनीष कुमार, अनुराग कुमार, नंदलाल रवानी, अंकित, सुनील, सुरेश प्रसाद, गोपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार के लिए जनपद स्तर पर एक नोडल अधिकारी तथा नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए सहायक नोडल अधिकारी की तैनाती करने के लिए निर्देशित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक को नोडल अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए सभी प्रचार-प्रसार नोडल अधिकारी की देख-रेख में किए जाएंगे।

# करें योग, रहें निरोग का दिलाया गया संकल्प

**कार्यक्रम**

### भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस पर हुआ सम्मान समारोह


कार्यक्रम में शामिल लोग

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित एसबीए सभागार में गुरुवार को पांचो संगठनों की तरफ से प्रातः कालीन योग सत्र के बाद पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस दीप प्रज्वलन के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस मौके पर सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष, महामंत्री समेत समस्त कार्यकारिणी, अधिवक्ताओं, योग साधकों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पतंजलि योग परिवार के प्रमुख योग शिक्षक ओम प्रकाश यादव और सुनील कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ योग साधक/पूर्व अध्यक्ष रमेश राम पाठक,वरिष्ठ योग साधक चंद्र बहादुर सिंह द्वारा सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सोनभद्र बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक, महामंत्री आनंद कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र तथा कार्यकारिणी, पत्रकार बंधु व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक जी को युवा भारत जिला प्रभारी आशीष पाठक, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे ,तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय द्वारा अंग वस्त्र व पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी व वरिष्ठ समाजसेवी प्रभात कुमार पटेल द्वारा पगड़ी देकर सम्मानित किया गया। युवा महामंत्री आनंद कुमार मिश्रा को पतंजलि योग समिति नगर संरक्षक मिठाई लाल सोनी ,भारत स्वाभिमान नगर संरक्षक शेषमणि तिवारी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मनोज कुमार मिश्रा, संजय कुमार पांडेय, गजेंद्र नाथ दीक्षित, प्रभाकर राम पाठक, विनोद कुमार चौबे, ओम प्रकाश पाठक, महेंद्र प्रसाद शुक्ला, आत्म प्रकाश त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, सुरेंद्र कुमार पांडेय, शेष नारायण दीक्षित, चंद्रपाल शुक्ला, एसपी सिंह आदि मौजूद रहे। युवा भारत जिला महामंत्री योगी संकटमोचन व अनिल चौरसिया द्वारा कठिन से कठिन योगाभ्यास किया गया।

### चोपन में पतंजलि योगपीठ का मना स्थापना दिवस

**चोपन।** पतंजलि योगपीठ संस्थान भारत स्वाभिमान न्यास एवं दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट का 28वां स्थापना दिवस स्थानीय काली मंदिर पर गुरुवार को आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वक्ताओं ने कहा कि पतंजलि योग समिति ने आधुनिक युग में योग को जन-जन तक पहुंचाया है। चिकित्सा के क्षेत्र में सैकड़ों रोगों को पूर्णतः क्योर करके आयुर्वेद का मान विश्व पटल पर स्थापित किया है। करोड़ों लोगों को रोगमुक्त, तनावमुक्त, नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, हिंसा मुक्त, दोष दुर्बलताओं एवं परिधिनताओं से मुक्त करने का कार्य पतंजलि योगपीठ ने किया है। संस्थान के लोगों ने प्रतिदिन समयानुसार योग करने की अपील की। इस मौके पर हीरालाल वर्मा, शिवनाथ प्रसाद, लल्लन प्रसाद, अमित कुमार, मनीष तिवारी, राकेश साहनी, नीरज जायसवाल, केदारनाथ तिवारी, विजय , मनी सेठ, मनोज चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में निकाला जुलूस

जनसंदेश न्यूज



नगर में जुलूस निकालते जैन समुदाय के लोग

**सोनभद्र।** झारखंड राज्य स्थित सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के विरोध में स्थानीय जैन समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने गुरुवार को जैन भवन में बैठक के बाद जुलूस निकाला। जुलूस नगर भ्रमण के पश्चात मेन चौक पर पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गया। सत्यपाल जैन ने कहा कि जैन समाज सरकार द्वारा सम्मेद शिखर तीर्थ को पर्यटन स्थल घोषित करने और शत्रुन्जय पर्वत पर भगवान आदिनाथ की चरण पादुकाओं को खंडित किए जाने के विरोध में आंदोलित है।

उन्होंने सरकार से मांग किया कि सम्मेद शिखर को किसी भी हाल में टूरिस्ट प्लेस घोषित नहीं किया जाना चाहिए। शत्रुन्जय पर्वत पर चरण पादुकाओं को खंडित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। हर्ष अग्रवाल ने कहा कि जैन समाज के तीर्थ स्थल अत्यंत स्वच्छ होते हैं, यदि जैन तीर्थ स्थल को अथवा उसके सन्निकट पर्यटन स्थल घोषित कर दिया जाएगा, तो तीर्थ स्थल की पवित्रता को कायम रख पाना मुश्किल होगा। कहा कि यदि हमारे तीर्थ स्थलों को नुकसान पहुंचाया जाएगा तो वे शांतिपूर्ण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अंत में पवन जैन ने धन्यवाद ज्ञापित कर सरकार से सम्मेद शिखर के मसले को हल करने सहित समाज की अन्य मांगों पर सकारात्मक पहल करने की मांग किया। इस मौके पर मोना जैन, रीना जैन, उषा जैन, सोनिया जैन, पिंकी जैन, धर्मराज जैन, परमेश जैन, संजय, रवि जैन, मनोज आदि मौजूद रहे।

# रोडवेज बस कंडक्टर से लूट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सफलता**

### 25 हजार का इनामी था आरोपी, 12 पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज


सदर कोतवाली में आरोपी को मीडिया से रूबरू कराते सीओ सिटी राहुल पांडेय

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी टोल प्लाजा के समीप रोडवेज बस कंडक्टर हुई लूट मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामिया मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। सदर कोतवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में सीओ सिटी ाहुल पांडे ने बताया कि बीते जून माह में औरत बनकर 13 लोगों ने रोडवेज बस रोककर कंडक्टर से 80 हजार 7 सौ रूपये लूट लिया था। इस मामले में 12 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

जबकि मामले में फरार चल रहे मुख्य व 25 हजार के इनामिया आरोपी ललई पुत्र राम सेवक निवासी गुरमा, स्थाई पता टोल प्लाजा समीप घसिया बस्ती को बुधवार को मुखबिर की सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के बरैला मंदिर के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

सीओ ने बताया कि उक्त आरोपी लूट, चोरी, मारपीट जैसे कई वारदातों में संलिप्त था। वही काफी दिनों से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगी थी। पुलिस अधीक्षक ने उसके उपर ईनाम घोषित किया था। एसपी ने सराहनीय कार्य करने वाली टीम को 25000 रूपये नगद से पुरस्कृत किया। पुलिस टीम में सदर कोतवाल बालमुकुन्द मिश्र, देवेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी एसओजी टीम, प्रमोद कुमार यादव, जगदीश मौर्या, अमर सिंह, शशि प्रताप सिंह, अतुल सिंह, सतीश कुमार सिंह, रितेश सिंह पटेल, प्रेमप्रकाश चौरसिया, अजीत कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# निषाद राज सेवा समिति ने मनाई एकलव्य जयंती


कार्यक्रम को संबोधित करते जितेंद्र निषाद

**ओबरा।** निषाद राज सेवा समिति के बैनर तले स्थानीय क्लब चार में गुरुवार को वीर धनुर्धर एकलव्य की जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष जितेंद्र निषाद की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दयाशंकर निषाद प्रदेश उपाध्यक्ष निषाद पार्टी एवं विशिष्ट अतिथि रोहित बिंद जिला संयोजक रहे। अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र निषाद ने कहा कि वीर धनुर्धर एकलव्य का जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने तमाम अवरोधों को पार कर शिक्षा को महत्व देते हुए धनुर्विद्या सीख कर तत्कालीन समय में महान धनुर्धर बने। उन्होंने लोगों से अपील किया कि हम लोगों को भी ऐसे महान धनुर्धर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे समाज में फैली कुरीतियां समाप्त होने के साथ युवा एवं पिछड़े लोगों का विकास हो सके तथा उनका शोषण बंद हो सके। मुख्य अतिथि दयाशंकर निषाद ने कहा निषाद समाज का इतिहास सदैव गौरवशाली रहा है। विशिष्ट अतिथि रोहित बिंद ने कहा कि सरकार में अधिकारियों की मनमानी नहीं चलने देंगे। इसकी लड़ाई पूरा निषाद समाज मिलकर लड़ेगा। संचालन छोटे लाल निषाद ने किया। इस अवसर पर सनी निषाद, मुकेश साहनी, श्याम बिहारी निषाद, राज बली निषाद, इंद्रजीत निषाद, विजय निषाद, संजय निषाद, चौधरी निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

## 19 की जगह 17 जनवरी को होगा छात्रसंघ चुनाव

**ओबरा।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को छात्र संघ चुनाव को लेकर जिला प्रशासन महाविद्यालय प्रशासन एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं तथा प्रतिनिधि व छात्र नेताओं के मध्य हुई वार्ता में बनी सहमति के आधार पर महाविद्यालयीय छात्र संघ चुनाव की मतदान एवं परिणाम घोषित करने की तिथि में परिवर्तन करते हुए 19 जनवरी के स्थान पर 17 जनवरी कर दिया गया है। पूर्व में घोषित चुनाव कार्यक्रम की अन्य तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। सभी कार्यक्रम पूर्ववत निर्धारित तिथियों पर ही संपन्न होंगे। 17 जनवरी को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2022-23 में नामांकित छात्र-छात्राएं अपने मूल ग्रीन कार्ड से महाविद्यालय में निर्धारित बूथों पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान कर सकेंगे। चुनाव परिणाम की घोषणा 17 जनवरी को ही मतगणना संपन्न होने के पश्चात की जाएगी। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने दी।

# बीना टीम ने भदोही इलेवन को नौ रनों से दी शिकस्त


दीपचंद ने 13 रन, सौरभ ने 11 रन बनाए । बीना टीम की ओर से गेंदबाजी करते

**दुद्धी।** टाउन क्लब के मैदान में भदोही और बीना के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। भदोही टीम ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीना की टीम से जितेंद्र ने आठ चौकों की मदद से 37 रन, विजय ने 28 रन बनाए, अमित ने दो चौकों की मदद से 9 रन और राहुल ने 9 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए भदोही के गेंदबाज धीरज ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट, रंजन ने 4 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट, सुनील ने 4 ओवर में 44 रन देकर एक विकेट अर्जित किया। बाद में बल्लेबाजी करते हुए भदोही टीम ने 17 ओवर में 160 रन बनायी। धीरज ने 4 छक्का सात चौके की मदद से 58 रन, अविनाश ने 53 रन, दीपचंद ने 13 रन, सौरभ ने 11 रन बनाए। बीना टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए सनी ने 3 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट, सोहेल ने 3 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट, जितेंद्र ने 4 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट अर्जित किया। इस तरह से बीना की टीम ने भदोही 11 टीम को 11 रनों से पराजित किया। बिना टीम के खिलाड़ी सनी को मैन ऑफ द मैच घोषित कर रामानुज दुबे के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच के निर्णायक एकबाल कुरैशी और सुमित गुप्ता रहे, कमेंट्री इरफान खिलाड़ी अंसार अहमद ने किया। स्कोरिंग रूपेश, मसीह अयान ने किया। अगला मैच वाराणसी और बीना के बीच खेला जाएगा।

## कंबल बांटकर मनाई सावित्रीबाई फुले की जयंती

**ओबरा।** प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती गुरुवार को गांधी मैदान में राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना के तत्वाधान में जरूरतमंद महिलाओं को साल और कंबल देकर मनायी गयी। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के लिए सबसे बड़ा काम करने वाली एक ऐसी आयरन लेडी जिन्होंने महिलाओं को सबसे पहले पढ़ने के लिए प्रेरित किया और खुद पढ़ाई कर प्रथम महिला शिक्षिका बनकर समाज को नई दिशा देने का काम किया। सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवयित्री थी। उनका जन्म 3 जनवरी, 1831 को हुआ था। उनका विवाह ज्योतिबा फुले से हुआ था। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर दलित व स्त्री-शिक्षा के लिए काम किया। कार्यक्रम में पुष्पराज पांडे, दिलीप कुमार सिंह, शरीफ खान, शिबू खान, चंद्रशेखर माली, पारसनाथ चौधरी, जगदीश खरवार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# शीतलहर व कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहा जनपद

**कहर जारी**

## भीषण ठंड में आमजनजीवन अस्त-व्यस्त, लोगों की बढ़ी परेशानी



चंदौली नगर में ठंड से बचाव के लिए आग तापते लोग।

**चंदौली।** ठंड, गलन और शीतलहर से इन दिनों आमजनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। नए साल के आगाज के साथ ही मौसम में हुए बदलाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी। चार दिनों के इंतजार के बाद गुरुवार को हल्की धूप हुई। लेकिन शाम होते ही शीतलहर व गलन के कारण लोग कांप उठे। बाजारों में सन्नाटा पसर गया और लोगों ने आग व अलाव तापकर खुद को गर्म रखा।

स्थिति यह है कि बीते एक सप्ताह से चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने को विवश कर दिया। विदित हो कि जनपद में हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। ठंड का आलम यह है कि लोग पूरे दिन घरों में कैद होने को विवश हैं। बहुत जरूरी कामकाज होने पर ही लोग खुद को पूरी तरह गर्म कपड़ों से ढककर ही बाहर निकल रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी गरीब श्रमिकों व दिहाड़ी मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले लोगों की है। कड़ाके की ठंड में प्रशासन द्वारा नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने से आमलोगों की परेशानी और बढ़ गयी है। कुछ स्थानों पर ही अलाव जल रहे हैं जबकि बहुत से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण खासकर राहगीर व भिक्षुकों को ठंड में ठिठुरना पड़ रहा है। इसके अलावा ना ही प्रशासन की ओर से गरीबों में कंबल का ही वितरण व्यापक पैमाने पर अभी तक हो पाया है। वहीं कस्बा के लोग अपने निजी खर्च से लकड़ी खरीद कर जला रहे और कुछ हद तक सर्दी से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं।

## कार्डधारकों को दिसंबर तक मिलेगा निःशुल्क राशन

**चंदौली।** जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र सिंह ने जनपद के समस्त राशन कार्डधारकों को अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत माह जनवरी से दिसंबर 2023 तक समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाना है। सरकार के निर्णय को अमल में लाते हुए एनएफएसए से आच्छादित अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किग्रा खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल प्रति माह नियमानुसार निर्धारित तिथियों में वितरण कराया जाएगा।

कहा कि जनपद के समस्त राशन कार्डधारक प्रत्येक माह निर्धारित वितरण तिथियों में उचित दर की दुकान पर जाकर अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डों पर आवश्यक वस्तुएं निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। माह जनवरी, 2023 में होने वाला निःशुल्क वितरण 06 से 16 जनवरी तक निर्धारित है।

# पुलिस ने अभियान चलाकर पकड़ा चाइनीज मांझा

**कार्रवाई**

## जनपद में पतंग की दुकानों पर खुलेआम बिक रहा मौत का मांझा



पतंग की दुकान पर चाइनीज मांझा चेक करती पुलिस।

**चंदौली।** चाइनीज मांझा, जिसे मौत का मांझा कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि इस मांझे से न जाने कितने लोगों की मौत चुकी है। इसके अलावा किसी का गर्दन जख्मी हुई तो किसी नाक, कान व अंगुलियां कट गयी। हालांकि इसका प्रयोग व बिक्री दोनों प्रतिबंधित है। बावजूद इसके चंदौली नगर में दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से बेचा रहे हैं।

इसकी शिकायत पर चाइनीज मांझा बिक्री के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है, जिससे पतंग विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने कई दुकानों पर मांझा जब्त कर कार्यवाही में जुट गई। बात दे कि चाइनीज मंझे से आई दिन क्षेत्र में घटनाएं हो रही है। जिससे लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। पुलिस द्वारा नगर सहित आप पास के क्षेत्रों में चाइनीज मांझा के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इससे कोई अप्रिय घटना ना घटित हो पुलिस के इस चेकिंग अभियान से नगर सहित आस पास क्षेत्र के पतंग विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। इस बाबत सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नगर में चाइनीज मंझे के खिलाफ लगातार चेकिंग अभियान चलाया जिस भी दुकान पर चाइनीज मांझा मिलेगा संबंधित दुकानदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षेप

### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा हर वर्ग का समर्थन



वैभव त्रिपाठी।

**सकलडीहा।** राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ों पदयात्रा का हर वर्ग को समर्थन मिल रहा है। उनके पदयात्रा से विभिन्न दलों में घरबराहट है। गुरूवार को समाजसेवी वैभव त्रिपाठी ने एक प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भट्टा पारसौल के किसानों के साथ जो पहली पदयात्रा प्रारम्भ की जिसके परिणाम स्वरूप भूमि अधिग्रहण कानून बनाकर किसानों के हित में एक बहुत बड़ा काम कराया। आज उस क्षेत्र के किसानों ने मालाफूल से उनका जोरदार स्वागत किया। किसान आंदोलन की धरती पश्चिम उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब जैसे प्रदेशों के किसान अब समझने लगे हैं कि किसानों मजदूरों की मुखर आवाज नेता राहुल गाँधी ही है। जो अपनी सरकार से भी जनता के मुद्दे पर लड़ सकते हैं। जनविरोधी सरकार के खिलाफ भी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। शिवभक्त राहुल गाँधी के सनातनी स्वभाव को देखते हुये ही रामजन्म भूमि अयोध्या के मुख्य पुजारी सत्येंद्रदास ने अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं अपने लिखित पत्र के माध्यम से दिया है। देश अब बदलाव के लिये तैयार है। और भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ रही लाखों की भीड़ इसी बदलाव की इबारत लिख रही है।

### मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**डीडीयू नगर।** स्थानीय भोगवारे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक रमेश जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल ने कहा इस केंद्र पर जितने भी मानसिक रोगी आते हैं सभी का इलाज हो। मरीजों के इलाज में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपस्थित डॉक्टरों से हमारी यही अपेक्षा है कि वह आने वाले मरीजों के साथ स्नेह पूर्वक व्यवहार करें क्योंकि मरीज डॉक्टर को भगवान समझता है। डाक्टर के आश्वासन मात्र से ही मरीज अपने आपको भला चंगा महसूस करने लगता है। इसलिए डॉक्टरों से यही अपेक्षा है कि वह रोगियों से प्यार के साथ बात कर उनके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कहा कि सरकार की मंशा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा सभी को मिले। मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए प्रदेश सरकार ने व्यापक कदम उठाए हैं। आने वाले समय में स्वास्थ्य और शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने विधायक को आश्वस्त किया कि यहां मरीजों के इलाज का समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंदौली वाई के राय, भोगवार चिकित्सा अधिकारी पीवी सिंह सहित अनेक डॉक्टर उपस्थित रहे।

### एसपी से मिला प्रमसपा का दल

**चंदौली।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल से मिला। इस दौरान एसपी को पत्रक देकर जिलाध्यक्ष ने प्रांतीय अध्यक्ष के साथ तीन जनवरी को हुई घटना की न्यायिक जांच कराने व दोषी दरोगा के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की। कहा कि ऐसा नहीं हुआ तो पार्टी कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

### करंट से विद्युत कर्मी झुलसा ,हालत गम्भीर

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में विद्युत कर्मी 48 वर्सीय सुक्खू मौर्य हाईटेंशन करेंट के चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया। हालत गम्भीर देख लोग उसे वाराणसी हॉस्पिटल में ले गये। बताते हैं कि चहनियां स्थित विद्युत उपकेंद्र पर रइया गांव के रहने वाले सुक्खू मौर्य विगत कई वर्षों से प्राइवेट कर्मचारी है। गुरुवार की दोपहर में वह पहाड़पुर में पीटी डब्लू का सट डाउन लेकर खम्भे पर कार्य कर रहा था। अचानक दूसरे फीडर का तार उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह झुलस गया। आनन-फानन में उसे लोग हालत गम्भीर देख वाराणसी हॉस्पिटल में ले गये, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### सड़क पर गिरकर बाइक सवार घायल

**शहाबगंज।** क्षेत्र के खटिकान तिराहा के पास मोटरसाइकिल सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए, जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। खखड़ा गांव का अजय कुमार 32 वर्ष किसी जरूरी काम से शहाबगंज आये थे। घर वापस जाते समय खटकान तिराहा के पास मोटरसाइकिल फिसल गयी। जिसके कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया।

# नरायनपुर पंप कैनाल का मुगलसराय विधायक ने लिया जायजा



नरायनपुर पंप कैनाल का निरीक्षण करते मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल।

**नियामताबाद।** किसानों की समस्या को देखते हुए मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने गुरुवार की सुबह नरायनपुर पंप कैनाल का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने सिंचाई विभाग व पंप कैनाल के अधिकारियों को निर्देशित किया किसी भी हाल में गेहूं की सिंचाई के लिए किसानों को टेल तक पानी पहुंचे।

साथ ही यह भी दिशा निर्देश दिए कि पंप के 12 पंप चैनलों को कल तक खोल दिया जाए, जिससे किसानों को पूर्णरूपेण राहत मिल सके और वे अपने खेतों की सिंचाई कर सकें। गेहूं की फसल के लिए सिंचाई की शीघ्र आवश्यकता थी परन्तु नहरों में पानी ना होने का कारण किसान मायूस थे। हाड़ कपाऊ ठंड में विधायक ने किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पंप कैनाल का निरीक्षण किया। किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए 12 पंप कैनाल खुलने से हजारों एकड़ भूमि सिंचित हो सकेगी। मेरे विधानसभा क्षेत्र के साथ ही चंदौली जनपद के किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। उक्त मौके पर अधिशासी अभियंता संतोष कुमार सोनकर, सहायक अभियंता सत्येंद्र कुमार पांडे, अधिशासी अभियंता सिविल मनोज कुमार सिंह, अवर अभियन्ता मनीष कुमार मौर्य, कन्हैया मौर्य, बालकृष्ण साहू, सत्येंद्र कुमार प्रसाद व पीके राय सिविल अभियंता, डॉ महेश लाल जायसवाल, संजय कनौजिया, सियाराम पाठक उपस्थित रहे।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग में विशेष लोक अदालत पर चर्चा

**चंदौली।** आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम विनय कुमार चंदौली के अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में बैठक आहूत की गई। बैठक में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का अधिक से अधिक निस्तारण किए जाने पर गहन चर्चा की गई। साथ ही सभी से सुझाव मांगा गया। श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के मैनेजर बीते 21 जनवरी को लगने वाले विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक छूट देने बात कही। विदित हो कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश के अनुपालन में आर्बिट्रेशन के वादों के निस्तारण हेतु 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ज्ञान प्रकाश शुक्ला अपर जनपद न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली, अरविंद मिश्रा अधिवक्ता व हरिशंकर मिश्रा, रामा पति यादव, राजीव सिंह एवं संजय शर्मा अधिवक्ता इंडसइंड बैंक उपस्थित रहे।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की दिलाई शपथ



कलेक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा यातायात माह जागरूकता रैली को झंडी दिखाते डीएम व एसपी।

**चंदौली।** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को सड़क सुरक्षा यातायात माह जागरूकता अभियान रैली से पहले जिलाधिकारी ईशा दुहन व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परिसर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियम के पालन करने की शपथ दिलाई।

तत्पश्चात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मौजूदगी में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ दिलाने का कार्य किया गया और उसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया गया । जो कि जिला मुख्यालय होते हुए क्षेत्र के अन्य जगहों पर भ्रमण कर लोगों को जागरुक करने का कार्य करेगी। इस कार्यक्रम में डायल 112 पुलिस विभाग सत्ता यातायात विभाग के साथ-साथ परिवहन विभाग भी सम्मिलित रहा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विनय सिंह, सदर क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रणव कुमार झा उपस्थित रहे।

# गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों का सीओ ने कराया पालन



**सकलडीहा।** ठंड और कोहरे के कारण आये दिन दुर्घटना हो रही है। गुरूवार को शासन के निर्देश पर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सीओ राजेश कुमार राय ने वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर नियम का पालन करने के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान पुलिस और बाइक सवार को यातायात नियम व शराब पीकर बाइक न चलाने का संकल्प दिलाया। न चालान न फटकार सिर्फ गुलाब का फूल देकर लोगों को जागरूक करने का सीओ का पहल चर्चा का विषय बना रहा। शासन के निर्देश पर पांच जनवरी से एक माह तक यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का पहल शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर सीओ राजेश कुमार ने कोतवाली पुलिस के साथ अलीनगर तिराहे पर बगैर हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने पर उन्हें रोककर यातायात नियमों का पालन करने के लिये गुलाब का फूल देकर प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व पुलिस कर्मी सहित राहगीर और बाइक सवार चालकों को खड़ाकर शराब पीकर और मोबाईल पर बात करते हुए वाहन न चलाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय,कस्बा प्रभारी राजकुमार, एसआई शिवमणि त्रिपाठी, मनेश शंकर द्विवेदी, मोहन प्रसाद, शिव प्रसाद गिरी, महफूज अहमद सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## 11 को मनेगी स्वतंत्रता सेनानी लोकनाथ की पुण्यतिथि



**चहनियां।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक लोकनाथ सिंह की 46वीं पुण्यतिथि पर महाविद्यालय में 11 जनवरी को मनाई जाएगी। पुण्य स्मृति समारोह में दर्जनों राजनेता, विद्वान, समाजसेवी एवं अधिकारीगण उपस्थित होंगे। पुण्यतिथि कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। पुण्यस्मृति कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर संत कुमार त्रिपाठी व मुख्य अतिथि सांसद दर्शना सिंह व विशिष्ट अतिथि देवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख धानापुर तथा द्वितीय सत्र के अध्यक्षता छत्रवली सिंह व मुख्य अतिथि उमाशंकर सिंह विधायक रसड़ा बलिया व विशिष्ट अतिथि उपेंद्र सिंह गुड्डू पूर्व ब्लाक प्रमुख चहनियां द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी डा.हरिश्चंद सिंह पूर्व उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ व संस्थापक प्रबंधक धनंजय सिंह द्वारा सयुक्त रूप से दी है।

# अनियमितताओं को लेकर तहसीलदार को किसान मोर्चा ने सौंपा पत्रक



तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा को पत्रक देते किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

**सकलडीहा।** संयुक्त किसान मोर्चा के घटक दलों ने जिले के तमाम केंद्रों पर धान खरीद में अनियमिताओं को लेकर नाराजगी जताया। क्रय केंद्र गोकुलपुर में आगामी दस जनवरी को एक दिवसीय धरने को लेकर तहसीलदार को पत्रक सौपा। इस दौरान जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग किया। तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा ने किसानों का उचित सहयोग करने का भरोसा दिया।

भाकियू के मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि क्रय केंद्रों पर धान खरीद में मनमानी के कारण किसान परेशान है। विभिन्न एजेंसी क्षेत्र में किसानों की धान औने पौने दाम में खरीदकर क्रय केन्द्रों पर बेच रहे है। वही अखिल भारतीय किसान सभा के शशिकांत राय ने कहा कि किसानों से कमीशन के रूप में ज्यादा धान लिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष संतीश सिंह चौहान ने कहा कि मानसून कभी भी बिगड़ सकता है। किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर पल्लेदारी ज्यादा लिया जा रहा है। क्रय केंद्र प्रभारी के शह पर पल्लेदार मध्यस्थता कर किसानों को भ्रमित कर रहे है। तहसील अध्यक्ष सदर कन्हैया ने कहा कि डस्ट चलाने का डीजल किसानों से लेने का दबाव बनाया जा रहा है। केंद्रों पर किसानों को टोकन नही दिया जा रहा। टोकन देने के बावजूद किसानों का धान नहीं लिया जा रहा। टोकन प्राप्त किसानों का धान कई दिनों से क्रय केंद्रों पर पड़ा है। कोई सिस्टम नही है। सब कागजों और घोषणाओं पर काम चल रहा है। अंत में आगामी दस जनवरी को गोकुलपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व समस्याओं को लेकर पत्रक सौपा। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष प्रभाकर मौर्या, तहसील अध्यक्ष श्रवण मैर्या, जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल मोछू, खिचड़ू चौहान, सुरेंद्र यादव ,हाकिम अंसारी, ओमबीर सिंह, छोटू यादव, राम लाल यादव,राजीव मौर्या,दशरथ राम, संदीप आदि आदि किसान उपस्थित रहे।

# चकिया बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ



चकिया बार एसोसिएशन सभागार में शपथ-ग्रहण समारोह में उपस्थित अतिथिगण।

**चकिया।** बार सभागार में शुक्रवार की दोपहर चकिया बार एसोसिएशन के नए सत्र के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला जज सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ की मौजूदगी में पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह का शुभारंभ जिला जज ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ ने कहा कि बार व बेंच एक दूसरे के पूरक होते हैं। एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अधिवक्ताओं की जो समस्याएं सामने आएगी, उन्हें मिल बैठकर निपटाया जाएगा। उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से सहयोग बनाए रखने की अपील की। विशिष्ट अतिथि अपर सिविल जज जूनियर डिविजन नरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि अधिवक्ता समाज की सराहना करते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय दिलाने के लिए पूरी तरीके से दृढ़ संकल्पित होता है। इनसे वादकारियों की काफी उम्मीदें व विश्वास होता है। न्याय के प्रति अधिवक्ताओं की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। बर काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन अरुण त्रिपाठी ने कहा समाज की कुरीतियों को दूर करने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी सरदार जंग बहादुर सिंह ने अध्यक्ष पद पर शिवपूजन सिंह, उपाध्यक्ष पद पर प्रवीण सिंह महामंत्री पद पर रविंद्र कुमार पांडेय के अलावा उप चुनाव अधिकारी भैया लाल सिंह एडवोकेट ने कनिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज खान, संयुक्त मंत्री शशीकांत, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव,ऑडिटर पद पर विनोद श्रीवास्तव सहित कार्यकारिणी के 9 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान एसडीएम ज्वाला प्रसाद, सुभाष राय, संतोष कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, चंद्रभान सिंह, राजेश नारायण तिवारी, मणि शंकर पांडेय मौजूद रहे।

# ट्राई ब्रेकर में खिजिरपुर ने कुर्रा की टीम को दी शिकस्त



धानापुर में फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि।

**धानापुर।** अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान पर अमर शहीद धानापुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा गुरुवार को अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाकप्रमुख अजय सिंह द्वारा किया गया। ब्लाक प्रमुख अजय सिंह द्वारा फीता काटकर एवं प्रतियोगिता का ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता को आगे बढ़ाया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के मुख्य अतिथि ने फुटबाल को किक मारकर प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं के अंदर ऊर्जा का संचार होता है।

उन्होंने आयोजको का सराहना की। कहा कि इस तरह के आयोजनों की बहुत आवश्यकता है। ग्रामीण स्तर पर इतने बड़े प्रतियोगिता का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय। उद्घाटन मैच खिजीरपुर गाजीपुर बनाम कुर्रा (गाजीपुर) के बीच 90 मिनट का खेल हुआ। ट्राई ब्रेकर में खिजिरपुर गाजीपुर की टीम ने कुर्रा गाजीपुर को 5-4 से शिकस्त दी। इस दौरान अरशद खान गुड्डू, प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजेश सिंह,विश्वनाथ सिंह, सत्ते सिंह, रामप्रवेश त्रिपाठी, मनीष सिंह, रुस्तम खान, राजन खान, रमेश द्विवेदी, रामधनी यादव, हाजी बिस्मिल्लाह, तुफैल खान, आजाद खान बाबू, कलीम खान, कमलाकांत मिश्र उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका दिलशाद खान गब्बू, कमेंट्री संयुक्त रूप से इमरान खान एवं आतिफ खान ने किया।

# श्रीराम के वन गमन से मर्माहत थे अयोध्यावासी



अग्रवाल सेवा संस्थान में श्रीराम कथा कहते कथावाचक।

**जनसंदेश न्यूज**

**डीडीयू नगर।** नगर के अग्रवाल सेवा संस्थान में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा में राम वनवास का प्रसंग सुनाया गया। मानस मर्मज्ञ सुरेंद्रानंद गिरी ने जब राम वनवास की कथा सुनाई तो भक्त श्रोतागण भाव-विभोर हो गए। बताया कि राम ने पिता के आज्ञा पालन करने के लिए और उनकी मयार्दा रखने के लिए अयोध्या का राजसिंहासन त्याग दिया।

एक पुत्र को ऐसा होना चाहिए जो अपने पिता के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दे। पिता की वजह से ही हम इस लोक में आते हैं। बताया कि राम के वनवास से अयोध्यावासी काफी मर्माहत थे। उनके जाने के बाद से पूरी अयोध्या उदास हो गई।

लक्ष्मण और सीता ने भी उनके साथ अपने कर्तव्यों के पालन के लिए वन जाना स्वीकार किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के आनंद हरबोला, राम कुमार पोद्दार, राधेश्याम द्विवेदी, अजय जलाल, आत्माराम, अनिल, गोपाल सरकार, विमल, आचार्य विशेश्वर मिश्रा, इन्द्रजीत जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## 'हॉकी एक ऐसा खेल है जो हर भारतीय के दिल में...', एफआईएच ने जेएसडब्ल्यू को बनाया विश्व कप का साझेदार

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने आगामी ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर–राउरकेला के लिए भारतीय कंपनी समूह जेएसडब्ल्यू को अपना वैश्विक साझेदार बनाया है। एफआईएच ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह बहुत गर्व की बात है कि हॉकी विश्व कप भारत में आयोजित हो रहा है। हॉकी एक ऐसा खेल है जो हर भारतीय के दिल में है और इसे उसी राज्य (ओडिशा) में होते हुए देखना जिसने हमारे देश में इस खेल को पुनर्जीवित किया है, इसे और भी खास बनाता है। भारत में हॉकी विश्व कप से जुड़ने का अवसर प्राप्त करना जेएसडब्ल्यू के लिये बहुत गर्व की बात है। मुझे यकीन है कि टूनार्मेंट भविष्य के हॉकी विश्व कप के लिये मानक स्थापित करेगा और वास्तव में विश्व स्तर का होगा।




# किशन व दीपक हुड्डा की आईसीसी रैंकिंग में धूम, सूर्यकुमार शीर्ष पर

## हुड्डा 23 गेंदों में नाबाद 41 रन बनाकर 40 पायदान ऊपर 97वें स्थान पर पहुंचे, जबकि किशन को शीर्ष क्रम में 37 रन की तेजतर्रार पारी का इनाम मिला

**दुबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की गुरुवार को जारी नवीनतम टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दीपक हुड्डा फिर से शीर्ष 100 में शामिल हुए। दोनों बल्लेबाज मंगलवार को मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद तालिका में ऊपर की ओर बढ़े।



भारत ने इस मैच को भारत ने दो रन से जीता। हुड्डा 23 गेंदों में नाबाद 41 रन बनाकर 40 पायदान ऊपर 97वें स्थान पर पहुंचे, जबकि किशन को शीर्ष क्रम में 37 रन की तेजतर्रार पारी का इनाम मिला। मुंबई में बल्ले से विफल रहने के बाद भी सूर्यकुमार यादव ने इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए रखा। गेंदबाजों में भारत के नये टी-20 कप्तान हार्दिक पांड्या नौ स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस मैच में श्रीलंका के लिए शानदार गेंदबाजी करने वाले वानिंदु हसरंगा (22 रन पर एक विकेट) ने शीर्ष पायदान पर अपनी स्थिति और मजबूत की। पच्चीस साल के इस हरफनमौला ने बल्ले से भी 21 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में वह पांचवें पायदान पर पहुंच गये। बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट (26 दिसंबर से खेला जाने वाला। में असफल होने के बावजूद मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बने हुए हैं। रैंकिंग सूची में हालांकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, टीम के साथी स्टीव स्मिथ, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन अपने रेटिंग अंक बढ़ाने में सफल रहे। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दोहरी शतकीय पारी खेलने वाले विलियमसन दो स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंच गये। गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन शीर्ष दो पायदान पर बने हुए है। वहीं, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा ने पहले टी20 में 22 रन देकर एक विकेट लिया था। टी20 गेंदबाजों में हसरंगा की रैंकिंग में भी सुधार आया है। हसरंगा ने भी बल्ले से तेजी से 21 रन बनाए और ऑलराउंडरों की नवीनतम सूची में दो पायदान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में असफल होने के बावजूद मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बने हुए हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में अपना पांचवां दोहरा शतक लगाने के बाद विलियम्सन ने ताजा रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाई और पांचवें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी में पैट कमिंस ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलिया की जीत के दौरान सिर्फ एक विकेट लिया, लेकिन फिर भी इंग्लैंड के अनुभवी जेम्स एंडरसन पर 37 अंकों की बड़ी बढ़त बना ली है।

***टेस्ट रैंकिंगः बुमराह को एक स्थान का फायदा***

चोट के कारण लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे बुमराह और अश्विन को जारी टेस्ट रैंकिंग में एक-एक स्थान का फायदा हुआ। गेंदबाजी रैंकिंग में बुमराह तीसरे और अश्विन चौथे नंबर पर पहुंच गए। द. अफ्रीका के कगिसो रबाडा तीन स्थान के नुकसान के साथ छठे पर आ गए हैं। बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया के स्मिथ एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे और विलियम्सन दो स्थान के फायदे के साथ पांचवें पर पहुंच गए हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई महान गेंदबाज पर भद्दे मजाक के लिए इस ग्लैमरस एंकर को ऑफ-एयर किया गया, हुआ डिमोशन

ऑस्ट्रेलिया से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। ऑस्ट्रेलियाई टीवी एंकर माइली होगन को महान क्रिकेटर ग्लेन मैक्ग्रा पर भद्दे मजाक के लिए सजा भुगतनी पड़ी है।



उन्हें पहले कुछ दिनों के लिए ऑफ-एयर कर दिया गया था और अब चैनल 7 के सनराइज द्वारा डिमोशन कर दिया गया है। होगन को हाल ही में मॉर्निंग शो के प्रेजेंटर के रूप में पेश किया गया था। वह ऑन-एयर टिकटॉक ट्रेंड का पालन करने की कोशिश में बुरी तरह विफल रहीं। 29 दिसंबर को एक विचित्र टिकटॉक ट्रेंड पर दिखाए गए एक सेगमेंट के बाद, जिसमें बच्चों और किशोरों को अपने माता-पिता को यह कहते हुए प्रैंक करते हुए दिखाया गया था कि उनकी कुछ पसंदीदा हस्तियां मर चुकी हैं, जबकि वास्तव में वे नहीं मरे थे, होगन ने मैक्ग्रा पर मजाक किया था। टिकटोक ट्रेंड विजुअल्स की आलोचना करने के ठीक बाद, साथी एंकर मार्क बेरेटा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा के साथ अगले सेगमेंट के बारे में बात करना शुरू कर दिया। तभी होगन ने मजाक में कहा था- ग्लेन मैक्ग्रा की मृत्यु हो गई। उनकी टिप्पणी पर वहां मौजूद लोगों में से किसी को हंसी नहीं आई और इस मजाक उनके साथी एंकर बेरेटा और एडविना बाथोलोम्यू को भी स्तब्ध कर दिया। इन दोनों ने बात घुमाने की कोशिश की। बाथोलोम्यू ने तो यहां तक कह दिया कि नहीं...यह हास्यास्पद नहीं है।

# सितंबर में होगा एशिया कप का आयोजन

## पाक मेजबान, एक ही ग्रुप रहेंगे भारत और पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने गुरुवार को कहा कि 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाने वाला एशिया कप इस साल सितंबर में होगा, हालांकि इसके कार्यक्रम और मेजबान देश की घोषणा अभी नहीं की गई है। पाकिस्तान इस साल एशिया कप का मूल मेजबान है लेकिन बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण वहां खेलने का इच्छुक नहीं है।

एसीसी के अध्यक्ष और बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने अक्टूबर 2022 में कहा था कि भारत एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के तत्कालीन अध्यक्ष रमीज राजा ने इसके जवाब में कहा था कि अगर भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं आया तो वह भी विश्व कप के लिए भारत नहीं जायेंगे। पीसीबी के नये

बीसीसीआई राजनीतिक तनाव के कारण वहां खेलने का इच्छुक नहीं

अध्यक्ष नजम सेठी ने हालांकि पदभार संभालने के बाद इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

एशिया कप 2023 में छह टीमें होंगी जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और एक क्वालीफायर टीम को मौका मिलेगा। श्रीलंका एशिया कप का मौजूदा चैम्पियन है। उसने यूएई में पिछले साल टी20 प्रारूप में खेले गये टूनार्मेंट के फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। भारत इस साल के अंत में एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी करेगा और इसी




को ध्यान में रखते हुए एशिया कप को उसी प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई सचिव और एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने अगले दो साल के लिए कैलेंडर जारी करते हुए कहा, यह कार्यक्रम इस खेल को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारे अद्वितीय प्रयासों और जुनून को दशार्ता है। यह क्रिकेट के लिए अच्छा समय है। एसीसी द्वारा घोषित दो साल के चक्र (2023-2024 के बीच) के दौरान कुल 145 एकदिवसीय और टी20ई मैच खेले जाएंगे। इसमें 2023 में 75 और 2024 में 70 मैच होंगे। इसके अलावा कैलेंडर में एमर्जिंग (अंडर-23) एशिया कप की भी वापसी हुई है। इस साल जुलाई में पुरुषों के आठ टीमों के टूनार्मेंट को 50 ओवर के प्रारूप में खेला जायेगा। अगले साल दिसंबर यह टूनार्मेंट टी 20 प्रारूप में होगा। इस साल जून में होने वाला महिला एमर्जिंग एशिया कप टी20 प्रारूप में होगा जिसमें आठ टीमें शामिल होंगी।

# भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी करीबी मुकाबले नहीं जीत रहे : आनंद

**पुणे।** भारत के पूर्व डेविस कप कप्तान आनंद अमृतराज इस बात से निराश हैं कि देश के सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी एटीपी विश्व टूर पर करीबी मैच नहीं जीत पा रहे जबकि उनके पास अच्छा खेल है जो 'चिंताजनक' है। अमृतराज ने कहा कि विश्व टूर स्तर पर जमीनी स्ट्रोक से अधिक दबाव सोखने की क्षमता और अहम लम्हों पर सही फैसला करने की क्षमता मुकाबलों के परिणाम तय करती है और भारतीय खिलाड़ियों को इस पर काम करने की जरूरत है। देश के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल ने टाटा ओपन महाराष्ट्र में बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती दी लेकिन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। ये सभी मैच को ऐसी स्थिति तक ले गए जहां से कोई भी खिलाड़ी जीत सकता था लेकिन जरूरत पड़ने पर अंक नहीं जीत सके। दुनिया के 340वीं रैंकिंग के मुकुंद को फ्लावियो कोबोली (171वीं रैंकिंग) के खिलाफ 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा जबकि रामकुमार (435वीं रैंकिंग) दुनिया के 62वें नंबर के पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ एक सेट की बढ़त के बावजूद 6-3 5-7 3-6 से हार गए। नागल (503वीं रैंकिंग) को भी दुनिया के 54वें नंबर के फ्लिप क्राजिनोविक के खिलाफ तीन सेट में हार झेलनी पड़ी। भारत की डेविस कप टीम की 2013 और 2018 के बीच कप्तानी करने वाले अमृतराज ने कहा, मैं सुमित नागल से बहुत प्रभावित था, मुझे लगा कि उसने बहुत अच्छा खेल दिखाया। अंतिम सेट में 4-4 के स्कोर पर कुछ



गलत शॉट चयन और इससे उसे मैच गंवाना पड़ा। उन्होंने कहा, मैंने मुकुंद को भी देखा, फिर से करीबी मुकाबला, 6-4 7-5, कुछ शॉट इधर-उधर होते तो नतीजा कुछ और हो सकता था। मुझे समझ नहीं आया कि हमारे लड़के जितना अच्छा खेलते हैं उसके बावजूद वे एटीपी टूर पर मैच जीतने में सक्षम नहीं हैं। वे चैलेंजर्स में अच्छा करते हैं लेकिन उन्हें बड़े टूनार्मेंटों में मैच जीतने की जरूरत है। आयोजकों ने 15 वर्षीय मानस धामने को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया और उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने मैच नहीं जीता लेकिन अमेरिकी के अनुभवी माइकल ममोह को कड़ी टक्कर दी। अमृतराज ने कहा कि धामने की हार फिर भी स्वीकार्य है लेकिन नागल और मुकुंद जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को जीतने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, मैच नहीं जीत पाना चिंताजनक है। 15 साल के खिलाड़ी के मामले में यह अनुभव की कमी है लेकिन सुमित नागल और मुकुंद ने टूर पर पर्याप्त मुकाबले खेले हैं। अमृतराज ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का बार-बार चोटिल होना भी अच्छा संकेत नहीं है। नवंबर 2021 में नागल की कूल्हे की सर्जरी हुई और वह लगभग चार महीने बाहर रहे। जब उन्होंने प्रतिस्पर्धा शुरू की तो पहले दौर के 11 मैच हार गए और शीर्ष 500 से बाहर हो गए। मुकुंद को पीठ की समस्या पहले भी परेशान कर रही थी और उन्होंने 2019 में पैर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से भी नाम वापस ले लिया था। युकी भांबरी और प्रजनेश गुणेश्वरन भी चोटों के कारण अपने-अपने करियर में महत्वपूर्ण समय गंवा बैठे। अमृतराज ने कहा, मुकुंद 25 साल का है। सुमित भी लगभग इतनी ही उम्र का है। इस उम्र में सबसे पहली बात यह है कि आप फिट रहें। आजकल इन छोटे बच्चों को कितनी चोटें लग रही हैं, मैं हैरान हूं।उन्होंने कहा, हमारी पीढ़ी में यह शायद ही कभी हुआ हो। अब आप युकी को देखें, वह ज्यादा नहीं खेला है, वह भाग्यशाली था कि वह चोट से वापसी कर पाया और खेला।

## बॉलीवुड न्यूज

### प्रभास, प्रशांत नील व होम्बले की तिकड़ी की सालार का पोस्टर हुआ ट्रेंड




**मुंबई।** पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास स्टाररर सालार 2023 की सबसे प्रत्याशित फिल्म में से एक है, जो प्रशांत नील द्वारा निर्देशित और होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बनाई जा रही है। प्रभास और प्रशांत नील के इंडस्ट्री में सबसे बड़े सहयोग में से एक और साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म सालार को लेकर सही दावा किया गया है कि 2023 'साल नहीं सालार है'। सालार बिना किसी शक आज देश की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह साल की सबसे अहम फिल्म इवेंट्स में से एक है और इसे बाहुबली फ्रेंचाइजी के साथ चिह्नित सफलता की तरह देखते हुए प्रभास की बड़ी वापसी के रूप में देखा जा रहा है। यह फिल्म कई वजहों से बहुत बड़ी है, जिनमें से एक प्रभास की ड्रीम टीम और प्रशांत नील का हाथ मिलाना है। सालार प्रभास और प्रशांत नील का पहला सहयोग है, और इस तरह से यह फिल्म को मनोरंजन उद्योग के लिए एक गेम चेंजर बनते हुए देखने की उम्मीद है। केजीएफ, केजीएफ 2 और कांतारा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाने वाली होम्बले फिल्म्स 2023 में सालार रिलीज करने की तैयारी कर रही है। दर्शक केजीएफ के निर्देशक, निर्माता और बाहुबली के हीरो के साथ तकनीशियनों के रोमांचक संयोजन को नजरअंदाज नहीं कर पाएंगे!

### आसमान भारद्वाज की फिल्म 'कुत्ते' का गाना हुआ रिलीज



**मुंबई।** विशाल भारद्वाज और लव रंजन की 'कुत्ते' में नया और अनोखा 'फिर धन ते नान' गाना लाने की घोषणा ने अपने आप में दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा कर दिया है। 2023 के पहले ब्लॉकबस्टर गाने के लिए दर्शकों के लंबे इंतजार पर अब फुर स्टॉप लग गया है क्योंकि 'फिर धन ते नान' आखिरकार सामने आ गया है और साल के चार्टबस्टर गाने की परिभाषा को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। केपर शैली की खोज करते हुए, बेसब्री से इंतजार किया जाने वाला 'फिर धन ते नान' गीत दर्शकों को कुत्ते की ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर दुनिया से रूबरू कराएगा। कुछ वाकई अद्भुत संगीत बनाने के लिए जाने जाने वाले, विशाल भारद्वाज ने गुलजार के लीरीक्स के लिए म्यूजिक दिया हैं। इस गाने को दो दमदार गायक सुखविंदर सिंह और विशाल ददलानी ने गाया हैं। इसके अलावा, 'फिर धन ते नान' गाना निस्संदेह सबसे खास और सबसे बड़ा गाना है जो आखिरकार रिलीज हो चुका है। यह फिल्म निश्चित रूप से साल की शुरूआत में दर्शकों के लिए एक बड़ी ट्रीट के रूप में आई है और फिल्म की रिलीज के लिए उत्साह का लेवल बढ़ गया है।

### 'मैडम सर'दर्शकों का मनोरंजन करने में कामयाब



**इंदौर।** सोनी सब का एक्शन से भरपूर कॉप ड्रामा, मैडम सर, दर्शकों का मनोरंजन करने में कामयाब रहा है। इस शो में एमपीटी (महिला पुलिस थाना) में रोमांचक केस आते हैं और यहां की अधिकारी, तुरंत ही अपनी बुद्धि का इस्तेमाल कर, नई सोच के साथ उसे सुलझाती हैं। इस शो के आगामी एपिसोड और भी मजेदार होने वाले हैं, क्योंकि उनमें से एक केस में बिल्लू आने वाला है। उसके साथ कोई धोखाधड़ी करता है, जिससे वह एमपीटी टीम के शक के दायरे में आ जाता है। पिछले एपिसोड्स में दिखाया गया कि कैसे एमपीटी टीम, हसीना मलिक और करिश्मा सिंह के साथ मिलकर, पुष्पा सिंह को उस जोकर से बचाती है।

# कड़ाके की ठंड में शिशुओं का रखें खास ख्यालः डॉ.संजय

**सकलडीहा।** सामुदायिक स्वास्थ्य अधीक्षक चिकित्सक डा.संजय यादव ने बढ़ती गलन, शीतलहर को देखते हुए तहसील क्षेत्र के सभी गर्भवती महिलाओं व उनके परिवार के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बढ़ती ठंड में सभी गर्ववती महिलाएं अपने सिर, गला, हाथ और पैरों को ढक कर रखें। ठंड से 1 वर्ष से लेकर लगभग 10 वर्ष तक के बच्चों को हाइपोथर्मिया, निमोनिया आदि बीमारियों होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि बच्चों को नहलाने व पीने के समय हल्का गुनगुना पानी का इस्तेमाल करे व साथ ही भोजन में बच्चो को हरी सब्जी व ताजे भोजन का ही इस्तेमाल करे। यही नहीं आजकल की ठंड में शिशु की देखभाल करना बहुत जरूरी है। नवजात की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है।

इस कारण इनको सर्दी-जुकाम और बुखार की समस्या जल्दी हो जाती है। इसलिए इनके प्रमुख अंगों को ढककर रखें। नाजुक शरीर होने के कारण सर्दी



सीएससी अधीक्षक डा. संजय यादव।

में बच्चे की खास देखभाल जरूरी है। डा.बीके प्रसाद ने बताया कि शीतलहर में बच्चों को बिना किसी कार्य के बाहर नहीं निकलने दे।

बहुत इमर्जेंसी होने पर ही इस ठंड में यात्रा करें। साथ ही गर्म उनी कपड़े से सिर, गला, हाथ और पैरों को ढक कर रखें। गर्म ताजा एवं पौष्टिक भोजन करें। विटामिन-सी की प्रचुरता वाले फल और सब्जी का अधिक सेवन करें, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता तथा तापमान को नियंत्रित रखती है। नियमित अंतराल पर गुनगुना पानी पीते रहें। बंद कमरे में लकड़ी या कोयला न जलाएं। इससे जानलेवा गैसे निकलती हैं। शीतलहर के दौरान शरीर के तापमान में गिरावट आने से कपकपी बोलने, सीने में तकलीफ, मांस-पेशियों में खिचाव, सांस लेने में तकलीफ, बेहोशी एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्या जैसे फ्लू, बहती नाक आदि बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सकों से संपर्क कर इलाज कराएं। ठंड के दिनों में बच्चों को स्किन रैशेज का खतरा ज्यादा रहता है क्योंकि बच्चे दिन भर कपड़ों में ढके रहते हैं। ऐसे में बच्चों के कपड़ों का सही तरीके से चुनाव नहीं किया गया तो कुछ कपड़े बच्चों के लिए तकलीफदेह साबित हो सकता है। गर्म पानी और तरल पदार्थ खिलाते रहें। बच्चों के हाथ साफ रखें, ताकि वे संक्रामक रोग से बचे रहें।

# शिक्षकों के हितैषी और सम्मान थे ओमप्रकाशः शिक्षक संघ



शिक्षक नेता एमएलसी ओमप्रकाश शर्मा का जन्मदिन पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदौली ईकाई ने गुरुवार को सकलडीहा इंटर कॉलेज में शिक्षक संघ के अध्यक्ष व एमएलसी रहे स्व.ओमप्रकाश शर्मा की जयंती मनाई। इस दौरान शिक्षकों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके संघर्षो को याद किया। जिला संयोजक सत्यमूर्ति ओझा ने कहा कि ओमप्रकाश शर्मा शिक्षक हितों के सजग प्रहरी और जुझारू नेता थे। उनका शिक्षक हित में किया गया त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वही प्रधानाचार्य डा. एसके लाल व डा.प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा की जीवन पर्यंत शिक्षक कर्मचारियों के हित को लेकर सदैव संघर्ष किया है। उन्ही के संघर्षों का परिणाम है शिक्षक समुदाय खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा। इसके पूर्व नई पेंशन स्कीम को विरोध करते हुए पुरानी पेंशन को प्रत्येक दशा में लागू करने की मांग किया। वक्ताओं ने कहा कि नई पेंशन स्कीम की कटौती में लाखों रुपये का नुकसान शिक्षकों को प्रतिमाह उठाना पड़ रहा है। जो कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन मंत्री विनोद कुमार, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, शशिधर सिंह, संजय मिश्र, मिथिलेश तिवारी, अजय गुप्ता, अजय सिंह, कैलाश पाठक, राजेश कुमार, दिलीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## हॉकी विश्व कप जीतने पर हर भारतीय खिलाड़ी को मिलेगा एक करोड़ रुपये का पुरस्कारः नवीन पटनायक



**भुवनेशवर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम के हर खिलाड़ी एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की गुरुवार को घोषणा की। राउरकेला के दौरे पर आये पटनायक ने बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम परिसर में विश्व कप गांव का भी उद्घाटन किया। विश्व कप गांव को रिकॉर्ड नौ महीने के अंदर तैयार किया गया है। इसमें हॉकी विश्व कप के स्तर के अनुरूप सभी सुविधाओं के साथ 225 कमरे हैं। विश्व कप गांव में आगामी हॉकी विश्व कप की टीमें और अधिकारी रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्व कप गांव में ठहरी राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम से बातचीत की। पटनायक ने कहा, अगर हमारा देश विश्व कप जीतता है तो भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को एक करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। मैं टीम इंडिया को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे चैंपियन बनकर उभरें। खिलाड़ियों ने यहां हॉकी के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए ओडिशा सरकार की प्रशंसा की और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस मौके पर ओडिशा के खेल मंत्री टीके बेहरा, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ कई और अधिकारी मौजूद थे।

# गोमांस के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक ने एक गोतस्कर के घर पर छापेमारी कर गोमांस समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से वध करने के

**कसा शिकंजा**

**धारदार हथियार सहित मोबाइल व बाइक बरामद**

**पकड़े गए दो आरोपितों पर पूर्व में लग चुका है गैंगस्टर, एक गुंडा एक्ट में पावंद**



गिरफ्तार तस्कर व पुलिस टीम

धारदार चाकू समेत मोबाइल व बाइक बरामद हुआ।

बताया जाता है कि क्षेत्र के बड़ागांव में बुधवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने मयफोर्स उक्त गांव निवासी हिसामुद्दीन के घर पर छापेमारी कर डेढ़ कुंतल से अधिक गोमांस पकड़ गया। साथ ही मौके से पांच अभियुक्त हिसामुद्दीन पुत्र गयासुद्दीन, शमशुद्दीन पुत्र बेचू, शहनवाज पुत्र गयासुद्दीन, शेरु उर्फ जैनुद्दीन पुत्र बेचू, अबु तालिब पुत्र गयासुद्दीन को गिरफ्तार किया। वध करने हेतु दो धारदार चाकू, लकड़ी का एक ठीहा, दो बांका, एक नुकीला भाला समेत चार मोबाइल एवं चार बाइक बरामद हुआ।

प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय के मुताबिक हिसामुद्दीन व शाहनवाज पर वर्ष 2022 में ही गैंगस्टर की कार्यवाही हो चुकी है। वहीं शेरु पर गुण्डा एक्ट वर्ष 2021 में लगा था जिसका चालान भेजा जा चुका है। किसी भी हाल में ऐसे लोगों को बक्शा नहीं जायेगा। वहीं लोगों का कहना है कि योगी राज में भी कार्यवाही के बावजूद गोतस्करी गोकशी करने वाले नहीं सुधर रहे।

# चिकित्सक सहित 5 स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन काटने का आदेश

**कार्रवाई**

**जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल व सीतापुर आंख अस्पताल का किया निरीक्षण**

**मरीजों का अच्छे से इलाज किये जाने का निर्देश परिसर में अलाव की व्यवस्था करने को कहा**



निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में मरीजों से जानकारी लेते डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला अस्पताल एवं सीतापुर आंख अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सक डा. शफीक अहमद एवं अन्य 5 स्वास्थ्य कर्मियों का आज का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएमएस कृष्ण कुमार राय को निर्देश दिया कि बायोमैट्रिक से उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने डा. अशोक यादव एवं डा. प्रभात सिंह से जानकारी ली कि किस प्रकार के मरीज अस्पताल में अधिक आ रहे हैं।

चिकित्सकों ने बताया कि कोविड-19 का कोई भी मरीज नहीं आया हैं। खांसी एवं एलर्जी के मरीज इलाज कराने आ रहे हैं, महिला औषधि वितरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान सभी प्रकार की दवाइया उपलब्ध मिली। लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि बाहर की दवा नही लिखी गयी है। जिलाधिकारी ने सर्जिकल वार्ड एवं मेडिकल वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं अस्पताल के द्वारा किये जा रहे इलाज एवं दिये जा रहे खाने व नाश्ते के सम्बंध में जानकारी ली और सीएमएस कृष्ण कुमार राय को निर्देश दिया कि मरीजों को अच्छे से इलाज किया जाए, उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। ठंड से बचने के उपाय के बारे में जिला अस्पताल की दीवारों पर लिखवाये ताकि लोग अधिक जागरूक हो सके।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष मिश्रा को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में अलाव की समुचित व्यवस्था रहे। मरीजों को ठंड से किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। आंख अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कूड़ा बिखरा हुआ एवं घासे उगी मिलीं। जिलाधिकारी ने अस्पताल में पाई गयी खामियों को जल्द से जल्द ठीक कराए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि अस्पताल की जमीन की पैमाइश करा दी जाए। अस्पताल में तत्काल एक चौकीदार की नियुक्ति की जाए जिससे अराजक तत्व अस्पताल परिसर में घुसने न पाए। अस्पताल परिसर में बाहर की गाड़ियां कदापि खड़ी न रहे। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि पुरानी बिल्डिंगों को निष्प्रयोज्य घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण कराने की कार्यवाही की जाए।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि तत्काल टीम लगाकर परिसर की साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने जल्द जल्द अस्पताल की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

# संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग से स्वाहा हो गये हजारों विद्युत मीटर

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कन्हईपुर स्थित एक मीटर गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गयी। इसकी सूचना स्थानीय लोगों को हुई तो चारों तरफ अफरा-

**नुकसान**

**दमकल ने आग पर पाया काबू, मामले से पल्ला झाड़ते नजर आये जिम्मेदार**



घटना स्थल पर दमकल गाड़ी व उपस्थित लोग



गोदाम में लगी आग को बुझाने जाता दमकल कर्मी

तफरी मच गयी। वहीं विभाग के जिम्मेदारान इस सूचना से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। विभाग के अधिकारियों को यहां तक नहीं मालूम कि पुराने मीटर किस उपयोग में लाये जाते हैं। फिलहाल कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

बताया जाता है कि उक्त थाना क्षेत्र के कन्हईपुर स्थित एलायड इंजीनियरिंग का गोदाम है जहां बिजली के खराब मीटर को रखा जाता है। गुरूवार की सुबह लगभग दस बजे उक्त गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गयी। उठता धुंआ देख आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया। तब तक वहां भारी संख्या में रखे पुराने मीटर जलकर स्वाहा हो चुके थे।

घटना की जानकारी के विषय में जब विभाग के एक्सईएन राम अधार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वहां पर कुछ लोगों द्वारा खाना बनाया जा रहा था। सम्भवतः आग लगने का कारण यही था। आगे उन्होंने कहाकि इसकी विस्तृत जानकारी डिस्ट्रीब्यूशन के अवर अभियन्ता एके सिंह ही बता सकते हैं। जब उनसे जानकारी चाही गयी तो उन्हे इस घटना की जानकारी ही नहीं थी। उनका कहना था कि इस अग्निकाण्ड की सम्पूर्ण जिम्मेदारी एलायड इंजीनियरिंग की है। जबकि इस क्षेत्र का प्रभार एके सिंह अवर अभियन्ता के पास है। इस अग्निकाण्ड में खराब बिजली के मीटर तो स्वाहा हो गये लेकिन जिम्मेदार यह तक नहीं बता पाये कि सरकार द्वारा करोड़ों की लागत से अर्जित किये गये मीटर खराब होने के बाद परिसरों से उतारकर किस मद में लिया जाता है जिससे ये स्पष्ट नहीं हो पाया कि इन खराब मीटरों को विभागीय स्तर पर जनपद में ही निष्क्रिय किया जाता है या मुख्यालय भेज दिया जाता है।

इन सवालों पर जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ते नजर आये। इसके पूर्व भी नगर के कई स्थानों पर खराब मीटरों को लावारिस हाल में पाया गया जिसका संज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित किया गया जिसके उपरान्त विद्युत प्रशासन की निद्रा खुली और मीटरों को सुरक्षित कराया गया।

## संक्षेप

### चोरी की बाइक संग दो अभियुक्त गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक चोरी की बाइक संग दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि चोरी की बाइक संग दो अभियुक्त बलरामपुर तिराहे पर खड़ा है। पुलिस ने दोनों को बाइक संग दबोच लिया। पूछने पर एक ने अपना नाम धीरज यादव पुत्र कन्हैया लाल व दूसरे के जोगेंद्र यादव पुत्र बच्चा लाल निवासी बीरीबारी बताया। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

### रास्ता बंद करने के विरोध पर जान से मारने की दी धमकी

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा बारीगांव नेवादा में वृहस्पतिवार की सुबह माशूक अंसारी अपने परिजनों के साथ मिलकर रास्ते को बंद कर रहे थे तभी बगल में रह रही अफसरी बेगम पत्नी जलाल हाशमी के विरोध करने पर विपक्षी गाली गलौज व जान से मारने कि धमकी देने लगे महिला किसी तरीके से जान बचाकर थाने पहुंची और लिखित तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार 50 साल पुराना खड़ंजा व रास्ते को माशूक अंसारी अपने दबंगई के बल पर बंद कर रहे थे। जब बगल में रह रही महिलाओं ने विरोध किया तो जान से मारने व गाली-गलौज कर धमकी देने लगे जिसकी सूचना महिला ने कोतवाली में दी। मौके पर पुलिस पहुंची और हो रहे निर्माण को रोक विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

### बसुधैव कुटुम्बकम की भावना के धनी रहे ठा. रामबुझारत सिंह : डॉ. उमेश चंद्र



**सुइथाकला।** क्षेत्र के गैरवाह स्थित राम बुझारत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज गैरवाह के संस्थापक प्रबंधक स्वर्गीय राम बुझारत सिंह की 83वीं जयन्ती बड़े धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं एसवीडी गुरुकुल महाविद्यालय ऊंचगांव के प्रबंधक डॉ. उमेश चंद्र तिवारी ने संस्थापक ठा. राम बुझारत सिंह को बसुधैव कुटुम्बकम की भावना का धनी बताया। उन्होंने बताया कि इसी भावना के तहत श्री सिंह ने ग्रामीणांचल में शिक्षण संस्थान की स्थापना कर सभी के विकास के लिए मार्ग प्रशस्त कर दिया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्व. संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्रतिभाएं किसी क्षेत्र की मोहताज नहीं होती। इस अवसर पर कालेज परिवार समेत छात्र छात्राएं और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बाजार के लिए निकला युवक लापता

**मुंगराबादशाहपुर।** अपने घर से बाजार के लिए सामान लेने गया युवक लापता हो गया। काफी खोजने के बाद युवक का पता नही चला। परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**किसी अनहोनी की आशंका से परिजन है परेशान**

बताते है कि नगर क्षेत्र के मोहल्ला गुड़हाई निवासी शिवम गुप्ता उर्फ शिव (21) मंगलवार को घर से सामान लेने के लिए बाजार गया था। बाजार से ही वह लापता हो गया। देर रात तक शिवम घर नही लौटा तो परिजन परेशान हो गये। परिजनों ने काफी खोजबीन शुरू किया किंतु उसका कहीं पता नहीं चला। खोजबीन कर थक चुके परिजनों में युवक का छोटा भाई शुभम गुप्ता ने गुरुवार को थाने में गुमशुदगी की तहरीर दिया। उन्होंने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि शिवम गुप्ता घर से सामान लेने के लिए बाजार गया था। उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। पुलिस ने मामले को दर्ज कर सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान है।

# हाड़ कंपाने वाली ठंड में भी प्रशासन नहीं जलवा रहा अलाव

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र में कोहरा और ठंड का प्रकोप जारी है। सर्द हवाओं के कारण ठंड में इजाफा हो गया है। ठंड से ठिठुरते लोग इससे बचाव के लिए चाय की भट्ठी के पास सिमटे दिखाई पड़ रहे है या इधर उधर पड़ी लकड़ी, टायर व कागज को जलाकर सर्दी से निजात पाने का जुगाड़ कर रहे हैं परन्तु प्रशासन के द्वारा अभी तक अलाव

**आक्रोश**

**तहसील और नगर प्रशासन की उपेक्षा से नागरिकों में रोष**

जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है जो लोगों के समझ से परे है। गौरतलब है कि मौसम के करवट बदलने के साथ दिनों दिन पारा लुढ़कता जा रहा है जिसका परिणाम यह है कि सुबह से लेकर पूरा दिन भगवान भास्कर के दर्शन नहीं होते है जिससे आम लोगों का जीवन बदहाल होता जा रहा है। बढ़ती ठंड की वजह से लोगों को घरों में दुबककर रहना पड़ रहा है। सबसे बड़ी परेशानी दैनिक मजदूरों व रिक्शा चलाने वाले लोगों को झेलनी पड़ रही है। तहसील प्रशासन वैसे तो रोज अलाव जलवाने और कम्बल बांटने का दावा करता है लेकिन मौके पर कहीं कुछ नहीं है। न तो कहीं अलाव जलवाया जा रहा है और न ही कहीं कम्बल बंट रहा है। वह तो भला हो कुछ समाजसेवियों का जिनके पैसे से कहीं अलाव जल रहा है तो कहीं कम्बल बंट रहा है और इसी के चलते कमजोर तबके के लोगों का जाड़ा कट रहा है।

### ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**मड़ियाहूं।** इस समय कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सड़कों पर सिर्फ चार पहिए और दो पहिए ही दिख रहे हैं। बाकी जगह-जगह लोग अपने संसाधनों से अलाव जलाकर सेकते हुए देखे गए। तहसील परिसर में भी कोई भीड़ नहीं देखी गई। ठंड के कारण लोग अपने अपने घरों में दुबके हुए हैं। अधिवक्तागण अपने संसाधनों से अलाव जलाकर हाथ सेकते नजर आये। ग्रामीण अंचल से लेकर के कस्बे में सर्वत्र ही लोगों का जीवन इस भीषण ठंड से अस्त-व्यस्त हो गया है।

### भीषण ठंड व धुंध से लोगों का जीवन दुश्वार

**सरायख्वाजा।** कपकापाती ठंड एवं भीषण कुहरे में आम आदमी का जीवन दुश्वारियों से भरा है। इस ठंडक में बेसहारा गरीब लोगों के लिए काफी परेशानियां खड़ी हो गयी है क्योंकि गुरुवार को चौथे दिन भी भगवान भास्कर ने अपने दर्शन नहीं दिए। आसमान में बादल छाए हुए हैं कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बाजारों में लोग दिखाई नहीं दे रहे हैं घरों में लोग दुबके हुए हैं। दुकानों पर भीड़ नहीं है। भीषण ठंड में अन्नदाता किसान खेतों में फसलों की सिंचाई करते हुए दिख रहा है। सबसे ज्यादा मुश्किल तो पशु पक्षियों को है जो बेजुबान हैं। सड़कों खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले आवारा पशु पक्षी भी गायब हैं। रोज कमाने खाने वाले लोगों को भीषण ठंड एवं कोहरे से काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह व भाजपा नेता श्याम बाबू यादव तथा राजेंद्र प्रसाद जायसवाल ने कहा है कि इस भीषण ठंड व कोहरे में छोटे छोटे बाजारों एवं चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि आम आदमी को ठंडक में राहत मिल सके।

**चौथे दिन भी भगवान भास्कर के नहीं हुए दर्शन**

### चौक चौराहों पर अलाव जलवाने की मांग

ब्लाक क्षेत्र के नागरिकों ने प्रमुख बाजारों के चौक चौराहों व ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती ठंड में अलाव जलवाने की मांग की है। सबसे बड़ी बिड़म्बना यह है कि सर्दी के दिनों में गरीबों व जरूरत मंद लोगों को सरकारी तौर पर मिलने वाले कंबल का लाभ समय पर नहीं मिल पाता है जिससे गरीबों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। समाज सेवा करने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं के लोग भी कंबल वितरण कागजों पर कर यश लूटने के चक्कर में लगे रहते है। सर्दी से लोगों को निजात दिलाने के लिए कोई भी संस्था व जन प्रतिनिधि अभी तक आगे आता नहीं दिखाई पड़ रहा है।

# पिछले वर्ष खुली 125 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट

**कार्रवाई**

**इनमें सर्वाधिक 78 गो-वंश तस्करी व वध से संबंधित**

**सात हत्या, व 15 लूट व डकैती की वारदातों में शामिल**

**जौनपुर।** जिले की पुलिस ने विभिन्न थानों में पिछले वर्ष 125 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली। किसी एक वर्ष में हिस्ट्रीशीट खोलने की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। इसके साथ ही जिले में कुल हिस्ट्रीशीटरों की संख्या बढ़कर 1313 हो गई है।

जिला पुलिस प्रमुख डीआइजी अजय साहनी ने बताया कि इनमें सबसे ज्यादा 78 गो-वंश तस्करी व पशु क्रूरता के अपराध में लिप्त रहे। लूट व डकैती की वारदातों को अंजाम देने वाले 15 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। सात हत्यारोपितों, तीन वाहन चोरों, दो नकल माफिया भी इनमें शामिल हैं। इसके अलावा तीन चोरों, चार धोखाधड़ी व जालसाजी एवं एक अपहर्ता की हिस्ट्रीशीट खोली गई। अपराध नियंत्रण के क्रम में 344 के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गुंडा एक्ट का उल्लंघन करने पर नौ के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कर सभी की गिरफ्तारी की गई। पिछले वर्ष की गई कार्रवाई सहित अब तक कुल 681 अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है।

# कानून का ज्ञान होना एक आदर्श नागरिक का मौलिक अधिकार

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय व मंत्री अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान,

**मांग**

**दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्रक**

**कानून के अधिकार की अवधारणा को मिले संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार**



कानून का ज्ञान देने के लिए कानून के अधिकार की अवधारणा को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाय। आज हजारों-हजार कानून, अनुच्छेद, धाराएं एवं प्रावधान के उपरांत भी समाज अनियंत्रित है क्योंकि जिनके लिए यह सब बना, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक समुदाय, प्रत्येक स्थान, प्रत्येक काल में संविधान अथवा कानून का अधिकार उपयोगी है तथा उपयोगी रहेगा। इसलिए संविधान, नियम-कानून एवं अनुशासन का ज्ञान यानी कानून का अधिकार, आदर्श मानव तथा आदर्श नागरिकता के लिए परम आवश्यक मुद्दा है। विदित हो की विकास तिवारी अधिवक्ता दीवानी न्यायालय की अगुवाई में अधिवक्ताओं का एक समूह विगत दिनों अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष को ज्ञापन देकर मांग किया था कि देश के प्रत्येक नागरिकों को कानून का ज्ञान हो इसलिए कानून के अधिकार विषयक अवधारणा को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाये।

इस जनअभियान के संदर्भ में अधिवक्ता विकास तिवारी का कहना है की 'कानून का ज्ञान' आदर्श नागरिकता के स्थान पर वर्तमान समय में कुछ लोगों के व्यवहार एवं उनके व्यक्तिगत क्रियाकलापों में सिमटकर रह गई है। आज सामाजिक ढाँचे में रूपांतरण की प्रक्रिया व्यक्ति के अधिकारों के वर्चस्व तक सीमित है। कर्तव्य 'गौण' हो गए हैं।

देखा जाए तो विकास अथवा प्रगति भी आज अधिकार एवं कर्तव्य-बोध की अज्ञानता के कारण सांसारिक परंपराओं से भिन्न होती हुई भौतिकता एवं स्वार्थयुक्त जीवन शैली के संयुक्त जाल में लिपटती जा रही है। कानून का अधिकार नामक इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य आदर्श नागरिकों को कानून जानने का जो एक बुनियादी अधिकार है उसे उन्हें दिलाना होगा। इसके लिए जनता के द्वारा जन-अभियान के माध्यम से सरकार और समाज का इस महत्त्वपूर्ण मुद्दे की ओर ध्यान आकर्षित करना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**सुइथाकला।** स्थानीय थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को एक किलो दो ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक सच्चिदानंद व हेडकांस्टेबल अतीक अहमद एवं कांस्टेबल आशीष कुमार के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की जांच कर रहे थे। इस दौरान जरिए मुखबिर भेला-ईशापुर मोड़ के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान युवक के पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के शाहमऊ-कोटिला गांव निवासी राजेश मौर्य पुत्र छविराज के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय भेज दिया गया।

# सड़क सुरक्षा रथ को डीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**जौनपुर।** सड़क सुरक्षा माह के प्रथम दिवस पर कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा सड़क सुरक्षा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।



सड़क सुरक्षा रथ को हरी झण्डी दिखाते डीएम

उक्त रथ जनपद के मुख्य मार्गो से होते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में आकर समाप्त हुयी। उक्त के पश्चात सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित जनमानस एवं स्कूल के छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम 5 जनवरी से शुरू होकर 4 फरवरी तक चलाया जायेगा। इस दौरान लोगों को रोड सेफ्टी के विषय में जागरूक किया जायेगा, जिससे लोग जागरूक हो सकें और सड़कों पर चलते समय नियमों का पालन कर अपनी व अन्य लोगों के जान माल की सुरक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रयास है कि जन सहभागिता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया जाए। इसमें सभी संबंधित विभाग शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, परिवहन आदि विभागों के द्वारा आपस में समन्वय बनाकर इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियम के अंतर्गत सीट बेल्ट लगाना, हेलमेट पहनना और ओवरस्पीडिंग न करना, इसका सभी लोग पालन करें, यही लोगों से अपील की जा रही है। उक्त अवसर पर प्र. सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) स्मिता वर्मा ने लोगों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी विस्तार पूर्वक दी एवं समस्त को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी हैण्डबिल, पम्पलेट उपलब्ध कराये गये। उक्त अवसर पर ट्रैफिक एवं एआरटीओ के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने में योगी सरकार नाकाम

**आरोप**

**विपक्षी नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने मे लगी है सरकार**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विकास यादव ने किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी ना दे पाने के लिए योगी सरकार की कड़े शब्दों मे निंदा की है। गौरतलब हो की पिछले काफी दिनों से किसानों को ना तो डाई मील पा रहा है ना तो यूरिया ही मिल पा रहा है जिसको लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष विकास यादव ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार केवल विपक्ष के नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने मे ही लगी है।


पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव

यही कारण है कि जहां सरकार को दो महिने पहले से ही किसानों के खेती के लिए उपयोग में लाए जाने वाले डाई यूरिया को पर्याप्त मात्रा में हर जिलों में भडारण हो जाना चाहिए था जिससे किसानों को गेहूँ की समय पर खेती करने मे कोई दिक्कत ना हो लेकिन ऐसा ना कर योगी सरकार ने किसानों की समस्याओं को हल करने की जगह और मुसीबत ही पैदा कर दिया है। किसानों की आय दो गुना करने का वायदा कर सत्ता में आयी योगी सरकार ने जहाँ यूरिया और डाई का दाम ही दो गुना कर दी, इसके बावजूद समय पर प्रदेश के किसी भी जिलों में खाद बीज का भडारण ही नही किया।

जिसका नतीजा यह रहा की आज प्रदेश भर के किसान इस कड़कड़ाती ठंड मे चार बजे भोर मे डाई यूरिया के लिए भटक रहे हैं। उक्त प्रकरण मे पूर्व जिला अध्यक्ष विकास यादव ने आरोप लगाते हुए कहा की योगी सरकार किसानों के मामले मे हर मोर्चे पर विफल है। केवल अडानी और अम्बानी का आय बढ़ाने में सफल उत्तर प्रदेश की सरकार से तत्काल किसानों को खाद, बीज, यूरिया, बिजली, पानी उपलब्ध कराने की माँग की है।

## सुरियावां से प्रयागराज के लिए एक भी रोडवेज बस नहीं

**सुरियावां।** सुरियावां व अभोली ब्लाक की आबादी तीन लाख से अधिक है लेकिन सुरियावां से प्रयागराज के लिए आज तक कोई भी रोडवेज बस नहीं चल पा रही है। जिससे क्षेत्र की लाखों लाख की आबादी वाला क्षेत्र माघ मेला प्रयागराज के लिए आने जाने में इस भीषण ठंड में त्राहि-त्राहि कर रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारी उपरोक्त जनसमस्याओं पर मौनी बाबा बनें हुए हैं। सुरियावां व्यापार मंडल के अध्यक्ष शेषधर गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुरियावां से प्रयागराज के लिए कम-से-कम चार रोडवेज बसें चलाएं जाने की माँग की हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कहा कि अगर सरकारी बसे चला दी जायेगी तो सुरियावां क्षेत्र की लाखों जनता जनार्दन कुंभ स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेगी।

**कुंभ मेले के लिए चार रोडवेज बस को चलाने की सीएम से मांग**

# सात महीनों से कोटेदारों को नहीं मिला कमीशन



**केराकत।** प्रदेश के कोटेदार गत जून महीने से अपने कमीशन का इंतेजार कर रहे हैं लेकिन अधिकारियों के आश्वासन के अतिरिक्त अब तक उनके हाथ कुछ नहीं लग सका है। बुधवार को जयगोपालगंज में प्रदेश पदाधिकारियों और क्षेत्रीय कोटेदारों की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने इस बिंदु पर सख्त नाराजगी जताई और प्रशासन से शीघ्र भुगतान करने की मांग किया। जिला अध्यक्ष हरसूद सिंह ने कहा कि सिंगल डोर डिलीवरी के तहत अन्य खाद्यान्न तो कोटेदारों के गोदाम तक पहुंच जाते हैं, किन्तु प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्ना योजना का चावल कोटेदारों को सरकारी गोदाम से खुद ले आना पड़ता है जिस में कोटेदार अलग से ढुलाई चार्ज वहां करता है जो इस की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र दुबे और अन्य कोटेदारों ने क्षेत्रीय कोटेदारों की अन्य समस्याओं की स्थानीय समस्याओं से भी प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया।

बैठक में केराकत, जलालपुर, मुफ्तीगंज व डोभी ब्लाकों के कोटेदार संघ के अध्यक्ष क्रमशः सुभाष यादव, संतोष सिंह, रमेश तिवारी और मृत्युंजय सिंह तथा चारों ब्लाकों के कोटेदार उपस्थित रहे।


## संक्षेप

### विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 72 मरीजों का किया गया इलाज



जलालपुर। क्षेत्र के जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ के तहत विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार की दोपहर में रेहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय मानसिक शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी सिंह सीएमओ द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के दौरान विकलांग, मानसिक, दंत रोग, हड्डी रोग, नेत्र से संबंधित रोगों की जांच कर दवा भी वितरण किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में 72 मरीजों का इलाज किया गया जिसमें चार विकलांग सर्टिफिकेट और 13 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 2021-22 में कायाकल्प अवार्ड के तहत सहभाग करने वाले चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को पूर्व विधायक हरेंद्र सिंह व सीएमओ डॉक्टर लक्ष्मी सिंह के द्वारा सम्मान व प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों में डॉ. प्रवीण कुमार, डॉक्टर विनय कुमार सिंह, डॉ. गौरव सिंह, बीपीएम आशुतोष सिंह, राकेश कुमार चौबे, डॉ. अजीत, डॉ. हेमंत, सुनील वर्मा, सपन दिनेश सिंह, संजय, अवनीश आदि उपस्थित रहे।

### जिपं राज अधिकारी का विदाई समारोह आयोजित



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 31 दिसम्बर 2022 को सेवानिवृत्त हुए जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार के सम्मान में विकास भवन के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ, शॉल आदि भेंट कर विदाई दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी ने बड़ी कुशलता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया और जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय, कायाकल्प, कोविड के समय साफ-सफाई इत्यादि कार्यो को कुशलता पूर्वक सम्पन्न किया। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा कहा गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पंचायत विभाग के समस्त कार्यो का कुशलता और इमानदारी पूर्वक निर्वहन किया। जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल सहित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामना व्यक्त की गयी। इस मौके पर जिला पंचायत विभाग के एडीओ, सचिव पंचायत सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कन्नौजिया हितकारिणी समिति ने किया कम्बल वितरण



**केराकत।** उत्तर प्रदेश कन्नौजिया हितकारी समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार कन्नौजिया ने गुरुवार को बरौटी और डिहवा गांव में 50 बेसहारा लोगों को कम्बल प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. प्रिंस मोदी, जितेन्द्र कन्नौजिया, सूरज कन्नौजिया, शैलेश कन्नौजिया, श्रवण कुमार कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

### गर्मजोशी से हुआ प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत



**भदोही।** अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल व राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल का शहर का संक्षिप्त दौरा हुआ। जिसमें मड़ियाहूं के विधायक डॉ. आर के पटेल की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों ने पुष्प मालाओ से व अपना दल एस जिंदाबाद अनुप्रिया पटेल जिंदाबाद के नारों से गर्मजोशी से स्वागत अभिनंन्दन किया। ज्ञात हो कि वाराणसी जाते समय भदोही के जीवनधारा हॉस्पिटल में कुछ समय के लिए ठहर कर कार्यकर्ताओ में जोश भरने का कार्य किये और बोले की आप सभी संघठनात्मक तरीके से पूरी लगन से निकाय चुनाव कि तैयारी में लग जाईये। ताकि स्वर्णिम सफलता पार्टी को मिल सके और पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए वाराणसी के लिए निकल गए। इस दौरान विधायक आर के पटेल ने निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों के विषय मे अवगत कराया। इस अवसर पर सुनील पटेल, जितेंद्र पटेल, हरीलाल पाल, गुलाब सरोज, चंदन पटेल, संजय पटेल, अजित मौर्य, विष्णु मोदनवाल, लल्लू राठौर, कुशल पांडेय, रुद्र पटेल, सोनेलाल सरोज इत्यादि बहुत से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष पद के दो और महामंत्री पद के उम्मीदवारों सहित तीन ने किया नामांकन

**केराकत।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद सहित तीन पदों पर नामांकन पत्र दाखिल किया गया। अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट राजेश कुमार पाण्डेय और कुंवर बहादुर यादव तथा महामंत्री पद के लिए अशोक कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव कराने वाली समिति के पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, दिनेश कुमार पाण्डेय और अनिल सोनकर गांगुली ने बताया कि अब तक सात नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। गुरुवार को नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया साथ साथ चली। मालूम हो कि केराकत बार चुनाव 17 जनवरी को किया जाना तय किया गया है।

### अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कंसराज यादव की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई जिसमें सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बद्रीनारायण सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया गया और 2 मिनट मौन रहकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोकसभा में बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार उपाध्याय, अशोक कुमार उपाध्याय, चंद्रेश यादव, कृष्ण कुमार सिंह, डीएल यादव, अनिल शुक्ला, अनिल सिंह सहित अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### पतंजलि परिवार ने मनायी भारत स्वाभिमान न्यास की 28वाँ वर्षगाँठ

**सुरियावां।** पतंजलि परिवार भदोही द्वारा भारत स्वाभिमान(न्यास) का 28वाँ वर्षगाँठ एक निजी स्कूल रामबाग योग कक्षा सुरियावा में शुक्रवार को मनाया गया। ज़िला महामंत्री अश्वनी साहू ने बताया की सन 1995 में भारत स्वाभिमान की स्थापना हुई उसी के साथ ही स्वदेशी को आगे ले जाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि आज योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के आशीर्वाद से सम्पूर्ण विश्व में योग एवं स्वदेशी के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।भदोही जनपद में ही सौ से अधिक योग कक्षाएँ चल रही है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले रहे है।डा. एल सी यादव एवं विजयशंकर मौर्य ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से दशरथ कौशल, रमणीक शर्मा, मनोज, रमलखन, राजेन्द्र प्रसाद, शिवकुमार, दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

### यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन हेतु आज निकलेगी कलश यात्रा

**गोपीगंज।** क्षेत्र के अमवां माफी गाँव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीमद भागवत कथा के आयोजन के निमित्त आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक पं. कलक्टर मिश्र ने बताया कि कलश यात्रा गांव के ही माँ शीतला मंदिर से निकल कर डेरवा से जल उठाकर सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण करते हुए ग्राम सभा अमवां माफी की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पर आकर सम्पन्न होंगी। एवं 07 जनवरी से 13 जनवरी तक भागवत कथा एवं यज्ञ का प्रतिदिन कार्यक्रम है, एवं 14 जनवरी को पूर्णहुति व विशाल भंडारे का आयोजन है।

### बंदियों ने क्रिकेट मैच में जेल स्टॉफ को हराया

**ज्ञानपुर।** जिला कारागार में शुक्रवार को बन्दी एकादश और जेल स्टाफ एकादश के बीच क्रिकेट मैच हुआ। मैच में टॉस जीतकर स्टाफ एकादश के कैप्टन अम्बरीष शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। स्टाफ एलेवन की तरफ से औपनिग करते हुए अंचल ने चार छक्के के साथ कुल 28 रन बनाए। इसके बाद विकास ने एक छक्के के सहारे कुल सात रन बनाए। कुल दस अतिरिक्त रनों के सहारे स्टाफ एकाश ने 7 ओवर में 51 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी बन्दी एलेवन की तरफ से कैप्टन कुलदीप बहुत सस्ते में बिना खाता खोले आउट हो गए। विपिन ने 3 छक्के एक चौके से 22 रन अपनी टीम के लिये जोड़े। इसके बाद एक बार ऐसा लगा कि बन्दी एलेवन की टीम लडखड़ा गई। इसके बाद अजीत यादव ने ताबड़तोड़ 2 छक्के और एक चौके के सहारे नाबाद 17 रन बनाकर अपनी टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुँच दिया।

# चैरिटी इवेंट में जरूरतमंदों को वितरित हुआ कंबल

**जौनपुर।** नगर के एक होटल में रघुवंशी ग्रुप व जारा इवेंट द्वारा शाम-ए-गजल चैरिटी इवेंट का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जरूरतमंदों को कंबल भी वितरण किया।


जरूरतमंद को कम्बल देते जिलाधिकारी

मौके पर डीएम ने कहाकि ऐसे आयोजन जनपद में होते रहने चाहिए जो जरूरतमंदों के सहयोग हेतु काम आए। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बीएस उपाध्याय, डॉ. विनोद प्रसाद सिंह, डॉ. अजीत कपूर, डॉक्टर एसके सिंह, डॉक्टर सुभाष सिंह शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से इलाहाबाद के गायक कलाकार संदीप द्विवेदी ने सभी का मन मोह लिया। आगंतुकों का स्वागत आयोजक हर्ष वर्धन रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजक सलमान शेख ने किया। मौके पर डॉ. अशोक सिंह, यूपी सिंह, रविन्द्र नाथ व पप्पू रघुवंशी, शिवम कृष्णा, डॉ. संजय, डॉक्टर इंद्र सिंह, डॉ. शशांक, डॉक्टर जावेद, शकील अहमद, डॉ. मनोज, जितेंद्र, सोनी, अफसाना, निशा, डॉक्टर नवीन सिंह, डॉक्टर जेएस सिंह, स्नेहा सिंह, डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, विपुल सिंह के अलावा जनपद के डॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

### मोबाइल छिनैती करने वाले दो अपचारी लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

**भदोही।** जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अभियान चलाया गया है इसी के क्रम में थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत गत एक जनवरी को वादी मुकदमा मोनू गौतम पुत्र श्री महेन्द्र गौतम निवासी चिन्तामणिपुर थाना औराई जनपद भदोही की मोबाइल (रियलमी कम्पनी) उगापुर नहर पुलिया से 100 मीटर आगे भदोही की तरफ जाने वाले रोड पर झप्पटा मार कर छीन कर भाग गये थे। मौनू गौतम की लिखित तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। उक्त घटना के अनावरण हेतु गुरुवार को उनि सुरेश सिंह यादव व हेका. नन्द किशोर, हेका. बलराम राय थाना औराई जनपद भदोही द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में छीने गये मोबाइल मय घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं अपचारीगण नैपुरवा लक्ष्मण पट्टी (देवनाथपुर) थाना ज्ञानपुर को न्यायिक अभिरक्षा मे लिया गया। मुकदमा उपरोक्त में बरामदगी के आधार पर धारा 356 भादवि का लोप करते हुए धारा 392/411 भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए प्रकाश मे आते अपचारी गण को न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु किशोर न्यायालय ज्ञानपुर भदोही भेजा गया।

# इलाहाबाद को हरा कर वाराणसी सेमीफाइनल में

**जनसंदेश न्यूज**



**नौपेड़वा।** राज्य स्तरीय यादवेश क्रिकेट मेले में खेले गए मुकाबले में गुरुवार को वाराणसी और इलाहाबाद के बीच खेला गया। वाराणसी की टीम ने इलाहाबाद को 5 विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए। शुभम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 55 रन का योगदान दिया।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाराणसी की टीम ने 20वें ओवर की अंतिम गेंद पर 5 विकेट से मैच को जीत लिया। जमशेद ने 48 रन, विजय ने 43 रन का योगदान दिया। बलराम ने गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच जमशेद रहे। मैच के अंपायर मोहम्मद अनीस और शिवम यादव रहे। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर हरिओम निगम रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संजय सिंह बीडीसी के द्वारा दिया गया।

### स्पोर्टिंग्स ने टाई ब्रेकर से जीता उद्घाटन मैच



जौनपुर। केराकत डेवलपमेंट एकेडमी के तत्वावधान में स्थानीय नार्मल स्कूल के मैदान पर गुरुवार से शुरू हुई चौधरी चरण सिंह राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच टाई ब्रेकर से जौनपुर स्पोर्टिंग्स जौनपुर ने गौसिया स्पोर्टिंग क्लब मुबारकपुर को 5-4 गोल के अन्तर से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। खेल का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एसपी यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किक लगा कर किया। खेल के पहले हाफ के 28वे मिनट में जौनपुर की टीम ने एक गोल कर-के बढ़त हासिल कर लिया। दूसरे हाफ के अंतिम क्षणों में मुबारकपुर की टीम ने एक गोल कर बराबरी हासिल कर लिया जो खेल के निर्धारित समय तक रह गया। निर्णायक मण्डल ने टाई ब्रेकर का निर्णय लिया जिसमें जौनपुर की टीम ने मुबारकपुर की टीम पर पांच चार गोल के अन्तर से जीत दर्ज किया। निर्णायक राजेश यादव मिश्रा रहे। संयोजक दूधनाथ यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ईमानदारी से शिक्षा प्राप्त करने पर मिलती है सफलताः दिनेश

**कार्यक्रम**

**कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में छात्र समागम सम्मेलन का आयोजन**

**पराऊगंज।** लक्ष्य बनाकर और ईमानदारी के साथ शिक्षा प्राप्त करने से ही छात्रों को जीवन में सफलता मिलती है। उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में रसायन विज्ञान एवं औद्योगिक रसायन विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्र समागम सम्मेलन कार्यक्रम में कही। इस संस्थान में अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि छात्रों का जीवन कुम्हार की तरह होता है।

विशिष्ट अतिथि संस्थान के प्रबंधक डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि स्वागत की परंपरा पुरातन है श्रीराम एवं विभीषण की तरह स्वागत करना


छात्र समागम सम्मेलन में मौजूद छात्र व अतिथिगण

चहिए। प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित कर छात्र एवं छात्राओं को साधुवाद एवं बधाई दी।

उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडे, डॉ. अमरेश कुमार, लेफ्टिनेंट डॉ. चित्रसेन गुप्त ने छात्र अपने जीवन शैली को कैसे सरल बनाएं इस बिंदु पर प्रकाश डाला। उपरोक्त अवसर पर स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं ने नाटक नृत्य भाषण कार्यक्रम की प्रस्तुति कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार पाठक, देवेश सिंह, शशिकांत यादव, डॉ. संजय यादव, अमित श्रीवास्तव, राहुल मिश्र, रत्नाकर पाठक, कृष्ण कुमार मिश्र, मातिवार, इंद्रेश आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन महाविद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार दुबे ने किया।

# सड़क नियमों का करें पालन सब रहें सुरक्षितः डीएम

**जागरूकता**

**5 जनवरी से 4 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ**

**भदोही।** सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने, जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में 5 जनवरी से 4 फरवरी तक ह्यह्यसड़क सुरक्षा माहह्लह्ल का उद्घाटन एवं एलईडी वाहन एवं प्रचार रथ का विधायक विपुल दुबे, भाजपा अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण करवाया। सड़क सुरक्षा माह उद्घाटन कार्यक्रम में स्काउट गाइड के कैडेट्स, एनसीसी, कस्तुरबा गॉधी की बच्चियों के पैदल मार्च, रैली में सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धित


सड़क सुरक्षा माह की शपथ दिला कर शुभारंभ करते डीएम गौरांग राठी

पोस्टर, स्टीकर, हैण्डबिल एवं पम्पलेट का पब्लिक एडेस सिस्टम के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सर्वाधित महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके नियमित जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानको के प्रति जागरूक कराना नितांत आवश्यक है। उन्होंने सिंगल पर लाल बत्ती देखकर रूके, व हरी बत्ती को देखकर सड़क पास करें। पैदल चलने वालो से सड़क पर हमेशा बाई ओर चलने का अपील किया। स्टाप लाइन पर रूके, व जेब्रा कासिंग से ही सड़क को पार करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार, पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग संजीव भीम राव, बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह सहित जनमानस उपस्थित रहें।

# सुरियावां क्षेत्र के विकास के लिए नहीं होगी धन की कमीः अनिरुद्ध

**सुरियावां।** खंड विकास कार्यालय सुरियावां के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख अनिता गौतम की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के बारे में चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत को नई विकास की दिशा देना ही शासन की मंशा है, ऐसे में शासन व प्रशासन के लोगों का दायित्व एवं कर्तव्य बनता है की ग्राम में सभी गरीब परिवार शासन की योजनाओं का लाभ मिले। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि सुरियावां क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी नहीं होने दी जायेगी। जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भूषण त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से प्रधान व सचिव द्वारा पैसा मांगने की शिकायतें मिल रही हैं, ऐसी शिकायते नही मिलनी चाहिए, अगर इस प्रकार की शिकायतें सांमने आयी तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुरियावा अनिता गौतम, खंड विकास अधिकारी कमलजीत सिंह, पीडब्ल्यूडी विभाग से आलोक, एम् आई श्रीकांत यादव, लेखाकार नागेंद्र कुमार, शेषनाथ पाटिल एवं विकासखंड सुरियावां से संबंध क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान ब्लॉक कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत निरस्त

**ज्ञानपुर।** डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा शातिर अभियुक्तों की जमानत निरस्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में भदोही पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने वाले व गलत तरीकों से जमानत का लाभ प्राप्त करने वाले अपराधियों की जमानत निरस्त कराने की लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त के क्रम में कोईरौना पुलिस के अथक प्रयास से जमानत पर रिहा अवयस्क बालिका के दुष्कर्म का आरोपी अभियुक्त निवासी मैलौना थाना कोईरौना जनपद भदोही के संबंधित जमानतदार द्वारा स्वेच्छा से अपनी जमानत वापस लेने का शपथ पत्र न्यायालय एएसजे पॉक्सो प्रथम.ज्ञानपुर में दाखिल किया गया। थानाध्यक्ष कोईरौना के प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा दुष्कर्म का आरोपी की जमानत निरस्त किया गया। अभियुक्त पर अवयस्क बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं दुष्कर्म के अभियोग मुअसं. 71/2019 धारा 363, 366, 376 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट पंजीकृत है। जनपद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अब तक कुल 9 अभियुक्तों की जमानत न्यायालय से निरस्त करायी जा चुकी है।

# प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता


प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण का निर्देश देते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जन शिकायतों के शत.प्रतिशत निस्तारण व असंतुष्ट शिकायतकताओं से फीडबैक प्राप्त कर और बेहतर निस्तारण हेतु प्रत्येक बृहस्पतिवार को जनसंवाद दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में दी गई जनशिकायतों का शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाता है। यदि शिकायतकर्ता पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट न हो तो पुलिस अधीक्षक भदोही सहित अन्य राजपत्रित अधिकारियों द्वारा सुनवाई कर पुनः उनकी शिकायत की जांच कराई जाती है। आयोजित जनसंवाद दिवस के दौरान डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही व राजेश भारती अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय में एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल कार्यालय पर असंतुष्ट शिकायतकताओं के साथ संवाद करते हुए उनकी शिकायतों को सुना गया।

असंतुष्ट फीडबैक सम्बंधित प्रकरणों में शिकायतकताओं को सुनते हुए और बेहतर निस्तारण का प्रयास किया गया। पुलिस विभाग से सम्बंधित प्रकरणों में शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग के अतिरिक्त अन्य विभाग से सम्बंधित प्रकरणों में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर यथाशीघ्र निस्तारण कराया जा रहा है। साथ ही न्यायालय से सम्बंधित प्रकरणों में सम्बंधित शिकायतकताओं को अवगत कराया गया कि न्यायालय से अनुतोष प्राप्त करें।



# कितनी सीटों को लेकर है बीजेपी की चिंता

**2024 लोकसभा चुनाव**

## इन सीटों पर बीजेपी की क्या है योजना

वैसे तो 2024 का लोकसभा चुनाव अभी दूर है, पर बीजेपी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। उसने लोकसभा चुनावों के लिए एक विस्तृत संगठनात्मक योजना तैयार की है, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक पार्टी के हर सदस्य को शामिल किया जाएगा। बीजेपी जानती है कि सत्ता से दूर होने पर उसे राजनीतिक रूप से बहुत नुकसान होगा और वह नहीं चाहती है कि विपक्षी एकता हो और वह इतनी व्यापक हो जाए कि बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने में उसकी परेशानी बढ़ा दे। भाजपा ने साल 2022 में लोकसभा प्रवास योजना शुरू की थी। जिसके तहत मंत्रियों सहित पार्टी नेताओं को 2024 के आम चुनावों के लिए उन मुश्किल निर्वाचन क्षेत्रों को संभालने का जिम्मा सौंपा गया है, जहां पार्टी 2019 के आम चुनावों में उपविजेता या तीसरे स्थान पर रही थी, या बहुत ही कम अंतर से जीती थी। प्रवासी योजना के शुरूआती चरण में देश भर से ऐसे 144 निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की गई थी, जिन्हें अब बढ़ाकर 160 कर दिया गया है।

बीजेपी की लोकसभा प्रवास योजना के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक एक क्लस्टर का हिस्सा होगा जिसके लिए एक मंत्री या पार्टी के वरिष्ठ नेता को प्रभारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके और कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जा सके। 2019 के चुनावों में भाजपा ने 436 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से 303 पर जीत हासिल की थी। पार्टी के प्रारंभिक चयन में वे निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं जहां पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा उन क्षेत्रों को भी शामिल किया गया था जहां वह बस किसी तरह जीतने में कामयाब रही थी। भाजपा नेतृत्व ने अब ऐसी सीटों की संख्या 160 तक बढ़ा दी है। कार्यक्रम को संभालने वाले वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि जल्द ही यह संख्या 200 से अधिक हो जाएगी। भाजपा का ज्यादा ध्यान दक्षिणी और पूर्वी राज्यों पर केंद्रित है, जहां पार्टी ने अभी तक खुद को स्थापित नहीं किया है। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और ओडिशा के साथ-साथ सूची में उत्तर प्रदेश और बिहार के निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हैं। महाराष्ट्र में पार्टी ने 16 निर्वाचन क्षेत्रों को चिन्हित किया है। बंगाल में सूची में 19 निर्वाचन क्षेत्र हैं। इस कार्य योजना के तहत, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक नेता प्रभारी होगा। विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के वितरण और कार्यान्वयन पर जानकारी एकत्र करने और तैयार करने के लिए केंद्रीय, स्थानीय और जिला स्तरों पर एक त्रि-स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। इन मंत्रियों को स्थानीय संगठन का इस्तेमाल करते हुए हर विधानसभा क्षेत्र की जनसांख्यिकी का स्वरूप तैयार करना होगा।

ये समितियां उन बूथों और ब्लॉकों की जांच करेंगी जहां पिछले कुछ चुनावों में बीजेपी उम्मीदवारों का प्रदर्शन खराब रहा है। स्थानीय नेतृत्व से मिले फीडबैक के आधार पर सुझावों के साथ ये विवरण केंद्रीय नेतृत्व को सौंपे जाएंगे।

### समितियां एक ट्विटर हैंडल स्थापित करेंगी और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 50,000 फॉलोअर्स बनाएंगी

सोशल मीडिया पर भाजपा की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए, समितियां एक ट्विटर हैंडल स्थापित करेंगी और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 50,000 फॉलोअर्स बनाएंगी। समितियों से कॉलेज जाने वाली लड़कियों, स्वयं सहायता समूहों और धार्मिक नेताओं और समुदायों तक पहुंचने के लिए कहा गया है। पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, नरेंद्र सिंह तोमर, गिरिराज सिंह, मनसुख मंडाविया, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, महेंद्र नाथ पांडे जैसे कुछ केंद्रीय मंत्रियों को क्लस्टर में प्रभारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों ने कहा कि देश भर में 40 बीजेपी क्लस्टर हैं। मंत्रियों को निर्वाचन क्षेत्रों में कम से कम 48 घंटे बिताने का काम दिया गया है। सांगठनिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 11 राज्यों का दौरा करेंगे। जहां शाह सीधे कार्यक्रम की निगरानी कर रहे हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी इस कवायद में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने के लिए मंत्रियों को 18 महीने का समय दिया गया है।



# देश की यात्रा पर निकलेंगे नीतीश

### बगहा से की समाधान यात्रा की शुरूआत

### कहा-पहले अपने राज्य का विकास देख रहे हैं

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा गुरुवार से शुरू हो गई है। ठंड के बीच मुख्यमंत्री बगहा से दरुआबाड़ी गांव पहुंचे। उन्होंने सरकारी योजनाओं का हाल जाना। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि बजट सत्र के बाद मैं देश की यात्रा पर निकलूंगा। उन्होंने कहा कि पहले अपने राज्य का विकास देख रहे हैं। यहां के सारे काम पूरे करेंगे। इसके बाद आगे बढ़ेंगे। बजट सत्र पूरा होने के बाद हम देश की यात्रा पर निकलेंगे। इससे पहले दरुआबाड़ी गांव की लड़कियों ने मुख्यमंत्री से स्कूल बनाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि तुरंत इसे देखिए। हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों की पढ़ाई है।

बगहा के बाद नीतीश कुमार बेतिया पहुंचे। यहां पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अफसरों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। सीएम की पहले चरण की यात्रा 29 जनवरी को लखीसराय में समाप्त होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यात्रा को लेकर ट्विटर पर लिखा है कि समाधान यात्रा के तहत बिहार में विकास कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज से राज्य के विभिन्न जिलों की यात्रा करूंगा। इस यात्रा में महत्वपूर्ण योजनाओं का निरीक्षण, चिह्नित समूहों के साथ बैठक तथा जिलास्तरीय समीक्षा बैठक की जाएगी। इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा लोगों की समस्याओं का समाधान होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह 14वीं यात्रा है। इसके पहले साल 2005 से लेकर अब तक 13 यात्राएं कर चुके हैं। इनमें 9 यात्राएं सरकारी, जबकि 5 राजनीतिक रही हैं। मुख्यमंत्री की हर यात्रा का अलग-अलग नाम रहा है। टारगेट ऑडिएंस के लिहाज से यात्रा का नामकरण भी किया जाता रहा है। सबसे खास बात यह है कि इन 14 में से 9 यात्राएं ठंड के महीनों में निकाली गई हैं। नीतीश नवंबर से लेकर जनवरी तक सबसे ज्यादा यात्राओं पर निकले हैं।



# इस साल सभी नौ राज्यों में 'आप' किस्मत आजमाएगी

### पार्टी ने अपना आंतरिक सर्वे किया प्रारंभ

राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी ने अब इस साल नौ राज्यों में चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। यूं कहे कि अपनी मंशा जाहिर कर दी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) और राज?यसभा सांसद संदीप पाठक का कहना है कि हम इस साल होने वाले राज्य विधानसभाओं में चुनाव लड़ेगी। इससे संबंधित सर्वे चल रहा है और आगे का निर्णय उसके आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि क्यों गोपाल इटालिया को गुजरात में पार्टी के अध्यक्ष पद से हटाया गया। पिछले साल अप्रैल में राज्यसभा सांसद बनाए गए संदीप पाठक को दिसंबर, 2022 में पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बनाया गया था। आप में पहली बार इस पद पर किसी की नियुक्ति हुई है और केजरीवाल के बाद यह सबसे अहम पद होगा। पिछले साल पंजाब में आप की जीत और गुजरात में पार्टी की चुनावी भूमिका में पाठक के अहम रोल के इनाम के तौर पर देखा जा रहा है। आईआईटी के पूर्व प्रोफेसर और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने 2023 में पार्टी की योजना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि इस साल नौ राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं। हम यह विश्लेषण करने की कोशिश कर रहे हैं कि पार्टी की संभावनाएं कहां अधिक हैं और सर्वे कर रहे हैं। हम कैसे आगे बढ़ते हैं, यह आने वाले समय में तय होगा। इतना तय है कि हम सभी राज?यों में लड़ेंगे। एक महीने बाद हम अपनी योजना को लेकर और स्पष्टता के साथ बात करने की हालत में होंगे। गुजरात चुनाव में कांग्रेस के नरम रुख के साथ उतरने के सवाल पर संदीप पाठक ने कहा हमारी पार्टी काफी युवा और पेशेवर है। चाहे कांग्रेस लड़े या न लड़े, हम डटकर चुनाव लड़ते हैं। अगर कांग्रेस ने कड़ा संघर्ष किया होता तो भी उसे कुछ हासिल नहीं होता। लोग अब कांग्रेस को उम्मीद के तौर पर नहीं देखते। उनके पास कुछ अच्छे स्थानीय उम्मीदवार भी हैं जिन्हें शीर्ष नेतृत्व का समर्थन भी नहीं मिलता। फिर भी, वे अपने काम के कारण जीत गए। जब भी कोई तीसरी ताकत आती है, कांग्रेस का पतन हो जाता है। गोपाल इटालिया को गुजरात प्रदेश के अध्यक्ष पद से हटाए जाने पर संदीप पाठक ने कहा कि पार्टी का दायरा बढ़ाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों के मुताबिक यह एक नियमित फेरबदल है। गोपाल इटालिया को राष्ट्रीय राजनीति में लाया गया है और बड़ी भूमिका दी गई है। स्मरणीय है कि गोपाल को महाराष्ट्र का इंचार्ज बनाया गया है और इसी साल वहां चुनाव होने वाला है।



# अंजलि केस के कितने हैं अनसुलझे सवाल?

दिल्ली में 31 दिसंबर की रात एक युवती की हत्या का मामला क्यों दूसरी-तीसरी बातों में उलझ गया है। आखिर इतने दिनों बाद क्यों पुलिस के सामने तस्वीर साफ नहीं हो रही है। उसके बयान इतने क्यों बदल रहे हैं और उसके अधिकारियों ने उलझाने वाली बातें क्यों कीं। कंझावला केस में दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अब तक की जांच के बारे में जानकारी दी है। चश्मदीद निधि का अभियुक्तों से कोई कनेक्शन नहीं। उनका बयान रिकॉर्ड किया गया है, जिसके बारे में जानकारी अभी नहीं दी जा सकती है। सीसीटीवी के आधार पर दो और लोगों का पता चला है। यानी पांच नहीं सात अभियुक्त हैं। बाकी के दोनों अभियुक्तों ने सच छुपाने की कोशिश की। अपराधियों को बचाने में मदद की। उनकी गिरफ़्तारी का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है पोस्टमॉर्टम की फाइनल रिपोर्ट आनी बाकी है। सीसीटीवी की टाइमिंग का विश्लेषण किया जा रहा है। कॉल डिटेल के आधार पर मृतक अंजलि और अभियुक्तों के बीच कोई पुराना कनेक्शन नहीं मिला है। बाकी पहलुओं का विश्लेषण कर पुलिस जल्दी ही चार्जशीट दाखिल करेगी।

लास्ट सीन को ट्रेस करते हुए पुलिस इस नतीजे पर पहुंची है कि निधि इस मामले में अहम चश्मदीद है। 164 सीआरपीसी के तहत कोर्ट में उसका बयान दर्ज हुआ है।

घटना के बाद पुलिस को सूचना नहीं दी गई, इसकी भी जांच की जा रही है कि इसकी वजह क्या थी। अभी तक ये पूरा मामला मर्डर केस नहीं बन रहा है। बिना पुख़्ता सबूत धारा 302 (हत्या) नहीं लगाई जा सकती। अभी तक के सबूतों के आधार पर धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) का केस बनता है। पुलिस की भूमिका को लेकर इंटरनल एन्क्वायरी हो रही है कि ये ह्यूमन एरर है या प्रोसेस में एरर हुआ है। नतीजे के आधार पर कार्रवाई होगी। मौके पर मिली स्कूटी के आधार पर पुलिस उसके मालिक के घर तक पहुंची. डेड बॉडी उसके बाद मिली थी। पुलिस की तरफ से अभी तक कोई चूक सामने नहीं आई है। 31 दिसंबर की रात उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में बीस वर्षीय युवती अंजलि की दर्दनाक मौत के बाद दिल्ली पुलिस की प्रतिक्रिया और शुरूआती जांच पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, स्कूटी सवार युवती सुल्तानपुरी के कृष्णा विहार इलाके में हादसे का शिकार हुई थी। उसकी बॉडी गाड़ी में फंस गई थी और शव यहां से करीब 14 किलोमीटर दूर कंझावला थाने के जौंता गांव में मिला था। घटना की जानकारी सार्वजनिक होने के कुछ घंटे बाद ही दिल्ली पुलिस ने अधिकारिक बयान में इसे हादसा बताया था और कार में सवार पांच लोगों की गिरफ़्तारी की जानकारी दी थी। इन सभी पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अब पुलिस का कहना है कि पांच नहीं सात अभियुक्त हैं। शुरूआत में कहा गया था कि घटना का सीसीटीवी फुटेज या कोई गवाह मौजूद नहीं है। लेकिन मंगलवार को एक युवती निधि सामने आई जिसने दावा किया कि वो हादसे के समय स्कूटी पर सवार थी और डर की वजह से अब तक खामोश थी। निधि ने दावा किया कि मारी गई लड़की उसकी दोस्त थी और स्कूटी के कार से टकराने के बाद वो गाड़ी के नीचे फंस गई थी।

पुलिस की थ्योरी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ये कहा जा सकता है कि हादसा यहीं हुआ था। इस जगह पर सड़क पर मिट्टी का ढेर भी है जो पहले से ही है। एफआईआर के मुताबिक, ये हादसा सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र के कृष्ण विहार इलाके में हुआ। घटनास्थल के पास के लोगों का कहना है कि उन्होंने पुलिस को यहां से स्कूटी को उठाते हुए देखा था। एक स्थान पर स्कूटी जैसी चीज के कुछ टुकड़े भी पड़े हुए लोगों को दिखे थे। हादसे की जगह सुल्तानपुरी थाने से 900 मीटर दूर है।

कृष्ण विहार की ये गली 190 मीटर लंबी है और इस पर चार सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इन चारों ही सीसीटीवी का टाइम स्टैंप अलग-अलग है। लेकिन फ्रेम बाई फ्रेम फुटेज को देखने और वहां मौजूद तत्वों से मिलान करने पर क्या समझ आता है? घटनास्थल का एक सीसीटीवी इस स्पॉट का है, इसमें बलेनो और स्कूटी दोनों आती-जाती दिख रही हैं। ये जगह हादसा स्थल से 50 मीटर दूर है। चूंकि सभी सीसीटीवी का टाइम स्टैंप अलग-अलग है और समय आगे-पीछे है, इसलिए फुटेज के टाइम स्टैंप के आधार पर पुख़्ता तौर पर ये नहीं कहा जा सकता कि हादसा ठीक किस समय हुआ और कहां पर हुआ। लेकिन एक सीसीटीवी का टाइम स्टैंप और पुलिस का दिया हुआ हादसे का समय मैच करता है. इस हिसाब से ये माना जा सकता है कि हादसा रात दो बजकर पांच मिनट पर हुआ। हादसे के ठीक पहले और बाद के सीसीटीवी फुटेज हैं जिनमें स्कूटी पर दो लड़कियां और बलेनो कार वहां से निकलती हुई दिख रही है। लेकिन कोई भी ऐसा फुटेज नहीं है, जिसमें कार-स्कूटी की टक्कर या हादसा होता हुआ दिख रहा हो।

मौके पर ऐसा कोई सीसीटीवी कैमरा नजर नहीं आता और न ही ऐसी कोई फुटेज ये रिपोर्ट लिखे जाने तक सामने आई है, जिसके कैमरे की रेंज में घटनास्थल हो। यही वजह है कि हादसा कैसे हुआ और उसके तुरंत बाद क्या हुआ ये स्पष्ट नहीं है। हादसे की जगह से करीब तीस मीटर दूर लगा सीसीटीवी कैमरा जिसमें स्कूटी, बलेनो कार और पुलिस पीसीआर निकलती दिख रही हैं। हादसा स्थल से 20 मीटर और 50 मीटर आगे के सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि इनमें एक तरफ से स्कूटी पर दो लड़कियां और दूसरी तरफ से बलोनो कार आती दिख रही है। ये वीडियो जिस सीसीटीवी के हैं वो हादसे वाली जगह से कुछ कदम आगे के हैं. यानी ये सीसीटीवी हादसे के चंद सेकेंड बाद के हैं. लेकिन इनमें बलोने कार के नीचे या साइड में लड़की नहीं दिखती। सीसीटीवी बहुत स्पष्ट नहीं हैं। लेकिन फ्रेम बाइ फ्रेम वीडियो देखने पर भी कार के नीचे किसी लड़की के होने का संकेत नजर नहीं आता. यानी लड़की अगर उस समय कार के नीचे थी तो इस तरह फंसी थी कि उसका कोई हिस्सा कम से कम फुटेज में नजर नहीं आता।घटनास्थल पर मौजूद पीसीआर ने बलेनो का पीछा क्यों नहीं किया? जो सीसीटीवी फुटेज हैं उनमें एक पुलिस पीसीआर वैन भी ठीक उसी समय घटनास्थल पर नजर आ रही है जब ये हादसा हुआ। समाचार चैनलों पर इस पीसीआर वैन की फुटेज चलाई जा रही है और ये सवाल उठता है कि अगर वो वैन हादसे के समय आसपास थी तो इस वैन में मौजूद पुलिसकर्मी उस समय हरकत में क्यों नहीं आए। इस गली में लगे चार सीसीटीवी में से पहले सीसीटीवी की फुटेज के मुताबिक बलेनो कार के इस गली में दाखिल होने के ठीक 30 सेकंड बाद पीसीआर कार भी इसी गली में दाखिल होती है। सीसीटीवी के टाइम स्टैंप के मुताबिक, बलेनो रात 2 बजकर 37 सेकंड पर दाईं तरफ से गली में दाखिल होती है जबकि पीसीआर वैन बाईं तरफ से दो बजकर एक मिनट सात सेकंड पर दाखिल होती है। यानी पीसीआर संदिग्ध बलेनो के तीस सेकंड बाद उसी गली में दाखिल होती है। घटनास्थल के एक दूसरे सीसीटीवी फुटेज, जो कथित हादसा होने वाली जगह से करीब बीस मीटर आगे का है, उसमें भी पीसीआर वैन दिख रही है, हालांकि टाइम स्टैंप से ये स्पष्ट नहीं है कि पीसीआर कितनी देर बाद यहां से गुजरी। गुरुवार को दिल्ली पुलिस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बताया गया कि पुलिस की भूमिका को लेकर इंटरनल एन्क्वायरी चल रही है कि ये ह्यूमन एरर है या प्रोसेस में एरर हुआ है. नतीजे के आधार पर कार्रवाई होगी।